क्रिकेट पर फिल्म बनाना चाहते हैं आयुष्मान ... पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 28 नवम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 292 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00





## गुरु के दरबार पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

गुरु नानक देव जी का 554 वां प्रकाश पर्व सोमवार को राजधानी में धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरु नानक स्कूल पहुंचे और गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक राज्यवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने सिख समुदाय एवं देशवासियों को प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं।


काशी की विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली

## 85 घाटों में 33 लाख दीप जले

**काशी विश्वनाथ मंदिर 11 टन फूलों से सजाया गया**

**घाटों को तिरंगा स्पाइरल लाइटिंग थीम पर सजाया गया**

**चेतसिंह घाट और काशी विश्वनाथ धाम पर लेजर व प्रोजेक्शन शो हुआ**



**आरपी सिंह। वाराणसी**

बाबा काशी विश्वनाथ के चरण पखारती पतित पावनी मां गंगा के अर्धचन्द्राकार तट के 85 घाटों, काशी के कुंडों, तालाबों व सरोवरों पर देव दीपावली की शाम लगभग 33 लाख दीप जलाए गये। इनमें से गाय के गोबर से बने एक लाख से ज्यादा दीप जलाये गये। गंगा घाटों को तिरंगा स्पाइरल लाइटिंग थीम पर सजाया गया। बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर को विशाखापट्टनम के एक भक्त ने 11 टन फूलों से सजाया।

गंगा घाटों पर लाखों दीपों की माला, घाट के किनारे के भवनों पर दीप व बिजली के बल्बों की सजावट, गंगा पार रेती पर दीप शृंखला से काशीवासी, दर्शक व सैलानी अभिभूत हो गये। पहले काशी वासियों द्वारा देव दीपावली की शाम को मां गंगा तट पर सरसों के तेल का दीपक जलाने से शुरू हुआ यह उत्सव अब विश्व प्रसिद्ध महोत्सव में बदल गया है। लगभग बारह करोड़ खर्च करके मनाई जा रही इस विश्व विख्यात काशी की देव दीपावली का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाम पांच बजे नमो घाट से किया। उन्होंने 70 देशों के राजदूत व 150 विदेशी प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पहला दीप जलाया। फिर अन्य घाटों पर दीप प्रज्ज्वलन शुरू हुआ। उसके बाद योगी मेहमानों के साथ क्रूज पर सवार होकर घाटों की मनोरम छटा निहारने निकले। क्रूज दशाश्वमेध घाट के सामने पहुंचा, जहां सभी मनमोहक गंगा आरती के साक्षी बने। शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### साहिबगंज एसपी से पूछताछ आज

**रांची :** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के संदर्भ में गवाह को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से मंगलवार को पूछताछ होनी है। ईडी ने उन्हें 22 नवंबर को पहला समन भेजा था, लेकिन तब पुलिस मुख्यालय से मंतव्य मांगने की बात कह उन्होंने एजेंसी से वक्त की मांग की थी। जिसके बाद एजेंसी ने उन्हें 28 नवंबर को उपस्थिति का दूसरा समन भेजा था। ईडी के गवाह विजय हांसदा को कानूनी राय के लिए दिल्ली भेजने के लिए टिकट की व्यवस्था नौशाद आलम के द्वारा की गई थी।

### एसीबी ने पंकज यादव को गवाही के लिए बुलाया

**रांची।** एसीबी ने रघुवर दास सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच तेज कर दी है। सोमवार को एसीबी ने पत्र भेज कर शिकायतकर्ता अधिवक्ता पंकज कुमार यादव को गवाही के लिए बुलाया है। पंकज यादव को भेजे गए पत्र में पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा की आय से अधिक संपत्ति मामले में बयान दर्ज करने को लेकर बुलाया है। पंकज यादव को एक सप्ताह के भीतर एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर गवाही दर्ज करानी है।

### प्रिंस खान को भारत लाने की तैयारी

**धनबाद।** खाड़ी देश से गैंग ऑपरेट करते हुए धनबाद में आतंक मचाने वाले वासेपुर के मोस्ट वांटेड प्रिंस खान को गिरफ्तार कर भारत लाने की तैयारी की जा रही है। धनबाद पुलिस ने इसके लिए दिल्ली के प्रत्यर्पण कोर्ट में पिटीशन फाइल की है। पुलिस ने प्रिंस खान का हुलिया, उसकी तस्वीर, उसके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के साथ-साथ उसके फर्जी पासपोर्ट आदि का ब्योरा आवेदन के साथ संलग्न किया है। पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई द्वारा इंटरपोल से साझा की गई सूचनाओं के आधार पर बीते जुलाई में ही प्रिंस के खिलाफ रेड और ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है। विदेश में अगर उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है, तो उसे वापस तभी भारत लाया जा सकेगा, जब उसका प्रत्यर्पण हो।

### दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने 16 वाहन फूंके

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी (आरसी नाहर कंपनी) के भांसी डामर प्लांट में देररात करीब डेढ़ बजे 50 से ज्यादा माओवादी नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। यहां खड़े करीब 16 वाहनों के ईंधन टैंक तोड़ दिए। इसके बाद वाहनों को आग के हवाले कर दिया। एएसपी रामकुमार बर्मन पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पहुंच गए हैं।

25.64 करोड़ की योजना का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

# जनता की जरूरतों को देख कर बनाते हैं योजनाएं : हेमंत

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

दादा सोबरन सोरेन की 66वें शहादत दिवस पर सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को बड़ी सौगात दी है। रामगढ़ जिल स्थित अपने पैतृक गांव गोला प्रखंड के नेमरा पहुंचे मुख्यमंत्री के साथ उनके पिता दीशोम गुरु शिबू सोरेन भी शामिल थे। लुकैयाटांड़ में बने शहीद सोबरन सोरेन समाधि स्थल पर आयोजित सभा में उन्होंने 25.64 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 34 योजनाओं का शिलान्यास किया।

सीएम ने कहा कि यह संवेदनशील और आम जन की सरकार है। हमारी सरकार में योजनाएं एयर कंडीशन कमरे में नहीं बनती हैं। हम राज्य के हालात और जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाते हैं। योजनाएं हकीकत में धरातल पर उतरे, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सीएम ने कहा कि बरलांगा का नाम कोई जानता नहीं था। लेकिन अब यह विकसित हो रही है, जहां पैदल चलना मुश्किल था वहां 100 की स्पीड से गाड़ियां दौड़ रही हैं। यह तब संभव हुआ जब राज्य में जनता की सरकार बनी। हम बोलने पर विश्वास नहीं रखते हैं, काम करके दिखाते हैं।

**श्रद्धांजलि देने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे हेमंत और दिशोम गुरु**



### दूसरी सरकारों ने 17 वर्षों में नहीं किया था कोई काम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 23 वर्ष पहले संघर्ष के बाद अलग राज्य तो झारखंड बना, लेकिन यहां न तो संसाधनों का विकास हुआ और ना ही मूलभूत सुविधा ही लोगों को मिली। जिस तरीके से पहले की सरकारों ने नीति का निर्धारण किया उससे ना तो युवाओं को रोजगार मिल रहा था, ना ही किसानों को कोई सुविधा मिल रही थी। बच्चियां भी पढ़ने के लिए तरस रही थी। लेकिन अब वह सारे काम हो रहे हैं।

### लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

दादा सोबरन सोरेन की शहादत दिवस पर पहुंचे सीएम ने लाभुकों के बीच परीसंपत्तियों का भी वितरण किया। इस दौरान मंच पर झामुमो और कांग्रेस के नेताओं के अलावा जिला प्रशासन के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### हर योजना धरातल से जुड़ी हुई है

हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी हर योजना धरातल से जुड़ी हुई है, और उन योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के लिए अधिकारी भी सीधे गांव में ही पहुंच रहे हैं। गांव में गिने-चुने लोगों को ही वृद्धा पेंशन की सुविधाएं मिलती थी। लेकिन अब राज्य के हर गांव में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हर व्यक्ति को पेंशन की सुविधा मिल रही है। यहां लोगों को रोजगार देने के लिए वैकेंसी निकले जा रहे हैं। स्कूल में भी शिक्षा का स्तर सुधरा है और बच्चियों की शिक्षा पूरी करने के लिए आर्थिक सहयोग भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की है सरकार काफी संवेदनशील है। यही वजह है कि पिछले तीन वर्षों से लगातार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा का कार्यक्रम चल रहा है।

### 'जब तक मैं हूं, लुगुबुरु में प्रोजेक्ट नहीं लगेगा'

**बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जब तक मैं हूं किसी भी परिस्थिति में संतालियों के धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ पर दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लुगू पहाड़ जल विद्युत पंप भंडारण परियोजना को स्थापित नहीं होने दिया जाएगा। हर हाल में आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास के प्रतिक लुगू पहाड़ को संरक्षित करने का काम होगा। मुख्यमंत्री सोमवार को आदिवासी समुदाय के आस्था और विश्वास का धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन के समापन समारोह में बतौर मुख्य रूप अतिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लुगुबुरु आदिकाल से ही पूर्जवों द्वारा संचालित होता आ रहा है। समय के हिसाब से जिस प्रकार समाज जागरूक हो रहा है, उसी तरह आदिवासी सरना धर्म को भी आगे बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के पूजक हैं। पहाड़, पर्वत शेष पृष्ठ 11 पर

ओबीसी राजनीति

## नीतीश जो मौका चूक गये अखिलेश ने लपक लिया

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

भारत की राजनीति में मंडल कमीशन को लागू करने को लेकर तबके प्रधानमंत्री वीपी सिंह को 'मंडल मसीहा' के तौर जाना जाता है। उसके चलते दक्षिण भारत के पिछड़ों ,दलितों के मन में आज भी वीपी सिंह के प्रति सम्मान तो है ही, उत्तर भारत के पिछड़ों, दलितों के मन में भी है। क्या इस वजह से दक्षिण भारत के प्रमुख राज्य तमिलनाडु के मुख्यमंत्री व डीएमके नेता एमके स्टालिन ने वीपी सिंह की आदमकद प्रतिमा मद्रास प्रेसीडेंसी कालेज में लगवाई और 27 नवंबर 2013 को उसका अनावरण कराया? जिसमें उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया था।

**क्या नीतीश भविष्य के मद्देनजर बचे अवसर को लपकेंगे?**



अनावरण समारोह में वीपी सिंह की पत्नी सीता कुमारी दोनों बेटों व अन्य परिजन को भी सविनय आमंत्रित किये थे। वे लोग भी चेन्नई इस समारोह में उपस्थित थे, और वीपी सिंह की मूर्ति पर फूल-माला चढ़ाये।

इसको लेकर राजनीतिकों में यह भी चर्चा होने लगी है कि क्या वीपी सिंह के पुत्र अजेय सिंह को उप्र में डीएमके अपना प्रत्याशी बनाएगी और सपा उनका समर्थन करेगी? चूंकि इस प्रतिमा शेष पृष्ठ 11 पर

## लोन के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**सुखदेवनगर इलाके के लोगों को लोन देने के नाम पर ठगी**

**आरोपी के पास से वाइस रिकार्डिंग के अलावा एप भी बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुखदेवनगर थाना पुलिस ने लोन देने और लॉटरी निकलने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की टीम ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार भी कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी सूरज कुमार सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के वृंदावन नगर पहाड़ टोली का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने वाइस रिकार्डिंग के अलावा लोन एप भी बरामद किया है। वहीं गिरोह के अन्य सदस्या शेखर कुमार, हिमांशु, शिवम डेवलपर्स, मनीष और सुधांशू पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। सभी फरार आरोपी भी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं।

पूछताछ में आरोपी सूरज ने खुलासा किया है कि वह और उनके गिरोह के सदस्य प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्य सूचना आयुक्त व अन्य सूचना आयुक्तों की जल्द होगी नियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों की नियुक्तियों की कवायद तेज कर दी है। दिसंबर माह के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए व्यक्ति का चयन किया जायेगा। झारखंड राज्य सूचना आयोग के लिए एक मुख्य सूचना आयुक्त और आठ सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी है। माना जा रहा है कि रिटायर्ड जज या रिटायर्ड वरीय आईएएस अधिकारी को मुख्य सूचना आयुक्त शेष पृष्ठ 11 पर

### केंद्रीय गृह मंत्री का दो दिवसीय झारखंड दौरा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे। यहां वह एक दिसंबर को बीएसएफ के हजारीबाग मेरू कैंप में राइजिंग डे समारोह में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक, अमित शाह 30 नवंबर की शाम 4.30 बजे रांची एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे।

## 'पेड़ लगाओ व बिजली बिल में छूट पाओ'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में 'पेड़ लगाओ, बिजली बिल में छूट पाओ' की योजना शुरू हो गई है। इसके तहत फरवरी महीने तक लोग नगर निकायों के दफ्तर में आवेदन कर सकेंगे। यह योजना सिर्फ शहरी क्षेत्रों के लिए है, जिसमें पौधे लगाने वालों को प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली



मुफ्त मिलेगी। यह लाभ अधिकतम पांच पेड़ के लिए मिलेगा, यानी एक उपभोक्ता पांच पेड़ों के एवज में 25 यूनिट तक की मुफ्त बिजली का लाभ ले सकेगा। इस योजना को सरकार ने जुलाई महीने में ही मंजूरी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक साल पहले वन महोत्सव के दौरान घोषणा की थी कि शहरी क्षेत्रों में जो लोग अपने आवासीय परिसर में पेड़ लगाएंगे, उन्हें प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली पर सब्सिडी दी जाएगी। सरकार ने इस योजना को वित्तीय वर्ष 2023-24 से लागू करने की स्वीकृति दी है।

यह लाभ निजी आवासीय परिसर में फलदार और बड़े छायादार वृक्ष लगाने पर ही मिलेगा। जब तक कैंपस शेष पृष्ठ 11 पर

# ऑनलाइन ऑर्डर से बुझती रसोई और टूटते रिश्ते

**भारत** में सदियों पुरानी एक कहावत प्रचलित है कि घर का खाना अमृत और बाहर का चटपटा होता है। होटल और रेस्टोरेंट में बना लजीज और चटपटा खाना हम सबको पसंद होता है, लेकिन शोध से पता चला है कि अक्सर घर से बाहर का भोजन खाना हमारी मौत का कारण भी बन सकता है। अध्ययन की रिपोर्ट को जर्नल ऑफ द एकेडमी ऑफ न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स में प्रकाशित किया गया है। शोधकताओं ने इस रिपोर्ट में बताया है कि अक्सर बाहर का खाना खाने वाले लोगों को हृदय से शेष पृष्ठ 11 पर



सुनील बादल

**घर में खाना बनाना मतलब परिवार के सदस्यों के साथ प्यार से जुड़ना**

कहावत है कि पाक कला सिर्फ खाना बनाना नहीं है बल्कि केंद्र बिंदु है, पारिवारिक संस्कृति का। घर मे अगर कोई किचन नहीं है, बस एक बेडरूम है, तो यह घर नहीं है, यह एक हॉस्टल है।



**आज** भारत में तेजी से विकसित हो रहे एकल परिवारों या कामकाजी परिवारों के चलन की तरह अब उन अमेरिकी परिवारों के बारे में जानें जिन्होंने अपनी रसोई बंद कर दी और सोचा कि अकेले बेडरूम ही काफी है। 1971 में, लगभग 72% अमेरिकी परिवारों में एक पति और पत्नी थे, जो अपने बच्चों के साथ रह रहे थे। 2020 तक, यह आंकड़ा 22% पर आ गया है। पहले साथ रहने वाले परिवार अब वृद्धाश्रम में रहने लगे हैं। अमेरिका में, 15% महिलाएं एकल महिला परिवार के रूप में रहती हैं। 12% पुरुष भी एकल परिवार के रूप में रहते हैं। अमेरिका में 19% घर या तो अकेले रहने वाले पिता या माता के स्वामित्व में हैं। अमेरिका में आज पैदा होने वाले सभी बच्चों में से 38% अविवाहित महिलाओं से पैदा होते हैं। उनमें से आधी लड़कियां हैं, जो बिना पारिवारिक संरक्षण के अबोध उम्र में ही शारीरिक शोषण का शिकार हो जाती है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 52% पहली शादियां तलाक में परिवर्तित होती हैं। 67% दूसरी शादियां भी समस्याग्रस्त हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका विवाह की संस्था के टूटने का एक उदाहरण है। हमारे आधुनिकतावादी भी अमेरिका की तरह दुकानों से या ऑनलाइन भोजन खरीदने की वकालत कर रहे हैं और खुश हो रहे हैं कि भोजन बनाने की शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### राज्यपाल से मिले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने राज भवन में मुलाकात की। बताया जाता है कि दोनों की शिष्टाचार मुलाकात थी।

### असामाजिक तत्वों ने खेत में रखे धान को जलाया

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के पतरातू पंचायत के पतरातू गांव में देवनाथ गुंजू के खेत में लाखों का धान सोमवार को असामाजिक तत्वों द्वारा जला दिया गया। जानकारी के अनुसार देवनाथ गुंजू ने अपने खेत को अधबटाई में चकन महतो को दिया था। जिसने 4 एकड़ जमीन में धान की फसल लगाई थी। चाकन महतो के अनुसार उसने धान का काटकर खेत में ही रखा था। शनिवार की रात किसी असामाजिक तत्व ने उसके खेत में रखे धान को जला दिया।

### समाजसेवी ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**रांची।** समाजसेवी सह अधिवक्ता रुणा मिश्रा शुक्ला ने सोमवार को नामकुम के बड़गांवा में जरूरतमंद और वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इस कार्य में उनका सहयोग समाजसेवी गिरिजा शंकर पेड़ीवाल ने किया। रांची और आसपास के क्षेत्र में पड़ने वाली सर्दी कई लोगों के लिए भारी विपदा के समान होती है। कई बार सरकारी सहायता पहुंचने में विलंब हो जाता है। नामकुम प्रखंड के बड़गांवा निवासी समाजसेवी किरण कुमारी ने रुणा शुक्ला को सूचित किया कि उनके आसपास के 50-60 वृद्ध लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल की आवश्यकता है। रुणा शुक्ला ने उन्हें मात्र आश्वासन ही नहीं दिया बल्कि आज उस क्षेत्र में खुद जाकर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया। रुणा शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि आज संयोग से कार्तिक पूर्णिमा का शुभ दिन है ऐसे में भगवान और समाज के लोगों ने मुझे इस काबिल समझा कि लोगों की सेवा कर पाऊं।

### झारखंड जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी आज रांची में

**रांची।** अपने तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड जदयू के प्रभारी सह बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री डॉ अशोक चौधरी मंगलवार को रांची पहुंचेंगे। यहां अशोक पार्टी के विभिन्न इकाइयों और कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद 1 दिसंबर को वापस पटना लौट जाएंगे। बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के झारखंड आगमन से पूर्व पार्टी के बड़े नेता रांची में संगठन के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। पार्टी के प्रवक्ता डॉ विनय भारत ने कहा कि जदयू में संगठन विस्तार तेजी से चल रहा है। झारखंड इकाई राज्य में इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की दिशा में भरपूर प्रयास कर रही है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर पवित्र स्नान, मुड़हर पहाड़ मेले में उमड़े श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने नदियों, सरोवर तथा तालाबों में डुबकी लगाई और पवित्र स्नान किया। वहीं हरिहरपुर जामटोली व मुड़हर पहाड़ सहित ऐतिहासिक महादानी मंदिर में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया। कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव आयोजन समिति के तत्वाधान में समुद्र तल से 2226 फीट ऊंची हरिहरपुर जामटोली पहाड़ पर कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन किया गया। सुबह से देर शाम तक पहाड़ के ऊपर श्रद्धा और भक्ति का नजारा देखा गया। भाजपा नेता डॉ अरुण उरांव सहित कई लोगों ने शिवालयों में मत्था टेका और भगवान भोलेनाथ से लोगों की खुशहाली की कामना की। डॉ अरुण



उरांव ने कहा कि हरिहरपुर जामटोली पहाड़ अत्यंत खूबसूरत पर्यटन स्थल हो सकता है। इसे पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने की जरूरत है। इस दौरान जामटोली पहाड़ पर मेले के दौरान विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। देर शाम अखंड हरिकीर्तन की पूणार्हुति व यज्ञ मंडप में हवन पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संत जयराम सत्य प्रेमी, मुख्य संरक्षक मनोज लकड़ा, दीपक सिंह, विश्वनाथ गोप, वाणी कुमार राय, आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश गोप, उपाध्यक्ष धनंजय महतो, उपाध्यक्ष संदीप प्रमाणिक, उपाध्यक्ष दुर्गा महतो, उपाध्यक्ष सोमरा महतो, सचिव चरवा उरांव, सह सचिव पितांबर गोप,सह सचिव दयाल गोप, सह सचिव रौशन कुमार केरकेट्टा कोषाध्यक्ष महावीर गोप, आकाश गोप, बिरसा उरांव, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा, पाहन सुका उरांव, पुजार बिरसा उरांव, महतो लखो उरांव, मंदिर के मुख्य पुजारी जगबंधु दास गोस्वामी, मंगरा गोप, विशेश्वर हजाम, सत्येंद्र महतो, विनोद गोप, सुरेंद्र गोप, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गोयंदा उरांव, दिलीप उरांव, रामवृत्त गोप, श्यामल गोप, समस्त केंद्रीय कीर्तन मंडली के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उधर खुखरा के मुड़हर पहाड़, ऐतिहासिक महादानी मंदिर तथा तुको, पुरियो, जरिया, मासू, मुडामु, जमनी पंडरा जहानाबाज सहित विभिन्न गांवों में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाने के बाद विधिवत पूजा अर्चना किया।

## लतरातू कार्तिक पूर्णिमा और देवोठान जतरा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के लतरातू गांव में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव सह देवोठान जतरा का आयोजन किया गया। जतरा के दौरान पारंपरिक संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिली। जतरा के दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जतरा एवं फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मांडर की विधायक विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद रहीं। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा जतरा की परंपरा और रीति रिवाज हमें अपने पूर्वजो से मिला है। इसे हमें संभालना है और आनेवाली पीढ़ी को सौंपना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारे पूर्वजों ने इसे बचाकर रखा उसी तरह आज के युवा पीढ़ी पर इसे बचाकर रखने की जिम्मेवारी है। विधायक ने यह भी कहा आज हमारे समाज के सभी लोगों को शिक्षित होने जरूरी है। ताकि वे शिक्षित होकर एक बड़ा अधिकारी बन सकें और अपने परिवार के साथ-साथ समाज को भी सुधारने का काम कर सके। जतरा महोत्सव के दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महिला और पुरुषों की टीम ने हिस्सा लिया। विजयी हुए महिला टीम- बिलसिरिंग एवं बालकों की टीम-मानपुर को पुरस्कार स्वरूप खस्सी एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लतरातू की मुखिया अलका तिर्की, जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की, राजकमल गोप, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एतवा उरांव, सरिता उरांव, संका उरांव, भोला उरांव, सुजीत तिर्की, चमरू उरांव, वैजनाथ लोहरा, मिनेश्वर लोहरा सहित जतरा के आयोजनकर्ता एवं अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आजसू पार्टी के मिलन समारोह में राजनीतिक दलों नेताओं ने थामा दामन

# जमीन पर काम नहीं, प्रचार-प्रसार पर चल रही है सरकार : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में जमीनी काम नदारद हैं और जनता के सवाल गुम। प्रचार- प्रसार और दिखावे में सरकार जुटी है। सिस्टम बेपटरी है। वर्तमान व्यवस्था को बदलने के लिए सकारात्मक विचारों वाले नेतृत्व के साथ आगे बढ़ना होगा।

हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में आयोजित मिलन समारोह में गुमला से आए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कई जनप्रतिनिधियों ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी का दामन थामा। आजसू प्रमुख ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सरकार काम नहीं सिर्फ प्रचार कर रही है। स्कूली बच्चों को कार्यक्रम स्थल पर बुला कर उनकी तस्वीर खींची जा रही है इसके चलते उनकी पढ़ाई बाधित हो रही, यह काम उनके विद्यालय में भी किया जा सकता है। पीडीएस सिस्टम के तहत राशन कार्ड में नाम नहीं जुड़ रहा है जिससे गरीब लोगों को उनके हक का राशन नहीं मिल पा रहा है। लोग अपनी समस्या को लेकर लाइन में लगे हैं लेकिन उनका काम नहीं हो रहा है। जबकि राज्य की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। शासन जनता के लिए होता है। यहां शासन अपने हितों के लिए राजशाही में बदल दिया गया है। पार्टी में शामिल हुए सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार के ढुलमुल रवैया के चलते पंचायत प्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र का विकास करने का उचित अवसर नहीं मिल पा रहा है।

समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता देवशरण भगत, गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, बोनी फास कुजूर मुख्य रूप से उपस्थित थे।



**इन्होंने ली सदस्यता**

पूर्व कांग्रेस जिला सचिव कमला सिंह, जेएमएम पंचायत पदाधिकारी विजय दास, महेश्वर बेंगा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, मुखिया सीताराम, उपमुखिया राजू मुंडा, पंचायत समिति सदस्य अरबिंद एक्का, मकसिमा केरकेट्टा, और उनके समर्थकों ने ली।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक गंभीर

**रांची।** बुढ़मू में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि सोमवार को तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर मेला से लौट रहे थे। इसी दौरान बड़े वाहनों ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतकों में करमा गंझु (28) और छोटू गंझु (30) है। घायल विक्रम गंझु भी नवदा का रहने वाला है, वह गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### विश्व सेवा परिषद का अवॉर्ड समारोह दिसंबर में

**रांची।** विश्व सेवा परिषद रांची की बैठक सोमवार को केंद्रीय कार्यालय कमड़े रांची में हुई जिसमें कार्यकारिणी द्वारा सामूहिक निर्णय लिया गया कि दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में देश की राजधानी नई दिल्ली में विश्व सेवा परिषद का अवॉर्ड समारोह आयोजित होगा। इसमें तीन स्तर के अवॉर्ड प्रदान किये जायेंगे। परिषद के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ बीबी राज ने बताया कि राज्य सेवा रत्न अवॉर्ड 2023, राष्ट्रीय सेवा रत्न अवॉर्ड 2023, विश्व सेवा रत्न अवॉर्ड 2023, तीनों स्तर के अवार्डी इसमें शामिल होंगे।

# झारखंड में कई इलाकों में बारिश की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मौसम में आनेवाले दिनों में तापमान के और गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पक्षिम भारत में पक्षिमी विक्षोभ का अच्छा असर देखने को मिला। इस वजह से साइक्लोन सर्कुलशन का असर झारखंड में भी देखने को मिलेगा। इसी कारण झारखंड के ज्यादातर इलाकों में बादल छाये रहे। 28 नवंबर को झारखंड के पक्षिमी भाग हैं। वहां बारिश देखने को मिल सकती है, हलके गरज की भी संभावना है। मध्य भाग और उत्तर-पूर्वी संथाल के भाग में भी हलके से माध्यम दर्जे की बारिश हलके गर्जन के साथ होने की संभावना है। इस वजह से ठंड बढ़ सकती है। आने वाले दिनों में पांच से सात दिनों झारखंड में बादल छाये रहेंगे। न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 29 नवंबर तक बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब क्षेत्र बनने की संभावना है। इस कारण 29 नवंबर तक आंशिक रूप से बादल छा सकते हैं। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। 29 नवंबर तक आंशिक रूप से बादल छा सकते हैं। इसके साथ ही 30 नवंबर व एक दिसंबर को सुबह में कोहरा या धुंध छाया रह सकता है। पलामू गढ़वा व लातेहार में न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी है। 30 नवंबर व एक दिसंबर को सुबह में कोहरा या धुंध छाया रह सकता है।

# धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को सबक सिखाएगी जनता : डॉ. भालचंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश में माहौल बदल रहा है। देश के किसान मजदूर छात्र नौजवान एकजुट हो रहे हैं। धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले को देश की जनता 2024 में सबक सिखाएगी। उक्त बातें सोमवार को एक प्रेसवाता में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भालचंद्र कांगो ने कही। उन्होंने कहा कि देश के 36 राजनीतिक पार्टियों एकजुट हो चुकी है, तो दूसरे तरफ जनता एकजुट हो रही है। इंडिया एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी और देश की जनता 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। देश में महंगाई, बेकारी से आम जनता त्रस्त है। भालचंद्र ने कहा मोदी सरकार बौखलाहट में तमाम विपक्षी पार्टियों को निशाना बना रही है। विपक्षी राज्य सरकारों को तोड़ने की कोशिश हो रही है, तो दूसरे तरफ राम मंदिर के नाम पर धर्म की राजनीति कर वोट बैंक बनाने की कोशिश की जा रही है।

मौके पर हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि राज्य में जल जंगल जमीन की लड़ाई, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चल रही है, राज्य के हजारीबाग चतरा सहित कई जिलों में कई महीनो से किसान धरना पर बैठे हुए हैं। अदानी कॉल ब्लॉक के विरोध में लगातार बड़का गांव की जनता आंदोलन पर है। जिस पर जिला प्रशासन जीला बदर कर रही है। बेकसूर लोगों को भी जिला बदर करने की नोटिस भेजा जा रहा है। भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि पार्टी राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। लेकिन इंडिया गठबंधन के साथ होने के नाते गठबंधन के आधार पर भी चुनाव लड़ना चाहती है। परंतु गठबंधन में जगह नहीं मिलने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कई सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मौके पर के डी सिंह , जिला सचिव अजय कुमार सिंह, खेत मजदूर यूनियन के इम्तियाज खान राजेंद्र प्रसाद राजेंद्र रविदास मौजूद थे।

### संविधान दिवस पर सिल्ली में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिल्ली।** रविवार के दिन संविधान दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली पंचायत सचिवालय रांची झारखंड में अंबेडकर ग्राम विकास समिति के संयुक्त टेडमैन में युवा जनमत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 125 युवाओं ने अपनी भागीदारी लिया जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर अशोक नाग घासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रिजु नायक घासी समाज के जिला अध्यक्ष वीर सिंह नायक ने सभा को संबोधित किया। घासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रिजू नायक ने गांव समाज के युवाओं को संगठित रहकर अपने अधिकार के प्रति हमेशा जागरूक रहने की आह्वान किया और ऐसे कार्यक्रम में अपनी बात को रखने की सलाह दी। शिक्षाविद डॉक्टर अशोक नाग ने शिक्षा के प्रति युवाओं को सदैव जागरूक रहने की बात कही और छोटे-छोटे बच्चों के बीच पाठन सामग्री वितरण करके शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया गया। युवा कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम अपने युवा को इस बढ़ती गैर बराबरी और भेदभाव के खिलाफ जागरूक करें और इससे भविष्य में होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दे। कार्यक्रम में हेमंत नायक, काली नायक, अनीता देवी, विशाल नायक, अग्नि नायक, बावरी नायक, वीरेन नायक, श्री हरि नायक ने अपने उत्कृष्ट विचार को रखा।

### आदिवासियों की जमीन लूटने में व्यस्त है सरकार : कोचे मुंडा

**खूंटी।** तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार आदिवासियों के नाम पर सत्ता पाने के बाद आदिवासियों की जमीन लूटने में व्यस्त है। राज्य में अफसरशाही पूरी तरह हावी है। बिना घूस दिये किसी सरकारी कार्यलय में कोई काम नहीं होता। विधायक सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र की लामगढ़ पंचायत के पाहनटोली में आयोजित विशेष ग्रामसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व कर्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पारंपरिक ढंग से विधायक का स्वागत किया और ग्रामसभा द्वारा उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक ने बारी-बारी से सभी वार्ड सदस्यों और ग्राम प्रधानों से उनके क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर उन्होंने जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण भी किया। ग्रामसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा है भाजपा सरकार की देन है कि आज ग्रामीण क्षेत्रो में भी पक्की सड़कें पहुंच रही हैं।

# राज्य में आउट ऑफ कंट्रोल हो रहे मच्छरजनित रोग : हेम्ब्रम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन कुमार व महासचिव मंगल हेंब्रम ने संयुक्त रूप से सोमवार को कहा कि मलेरिया, फायलेरिया, डेंगू, कालाजार, चिकनगुनिया आदि बीमारियां राज्य के विभिन्न जिलों में तेजी से पैर पसार रही है। इन सभी रोगों का पैर पसारने का मुख्य कारण है कोरोना के समय से राज्य में कार्यरत सभी मलेरिया कर्मियों यानी एमपीडब्ल्यू (एम) स्वास्थ्य कर्मियों को अपने मुख्य कार्य मलेरिया, फायलेरिया, डेंगू, कालाजार, चिकनगुनिया को नजरअंदाज करवाते हुए स्वास्थ्य के अन्य सभी कार्यक्रमों में कार्य लेना। मंगल हेंब्रम ने कहा कि आज राज्य में पुनः मच्छर जनित रोगों की संख्या में बहुत ही तेजी से वृद्धि हो रही है और राज्य वासियों की इन बीमारियों के कारण असमय मौत भी हो रही है। आज राज्य का संथाल परगना और कोल्हान इससे जल रहा है और वहां के ग्रामीण इस जानलेवा बीमारी के कारण अपनी जान भी गवां रहे हैं। आज वर्ष 2008 से झारखंड राज्य को एमपीडब्ल्यू (एम) स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने कार्य, काबिलियत के बदौलत इन जानलेवा रोगों से झारखंड राज्य को मुक्ति दिलवाई थी। लेकिन स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य कर्मियों की घोर कमी को देखते हुए विभाग और सरकार ने एमपीडब्ल्यू (एम) स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों को देखते हुए स्वास्थ्य के भिन्न-भिन्न कार्यकर्मों में कार्य लेना शुरू कर दिया। इसका नतीजा है कि आज पुनः राज्य में मलेरिया, फायलेरिया, डेंगू, कालाजार, चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारी से राज्यवासी पुनः ग्रसित होने लगे हैं।

### मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में निकाला खेत में गड़े महिला का शव

**खूंटी।** मुरहू थाना क्षेत्र के हेठगोव खेल मैदान के समीप एक खेत में दफनाया गये अज्ञात महिला के शव को पुलिस ने बाहर निकाला। पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। खूंटी के एसडीपीओ ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी कि हेठगोवा मैदान के समीप किसी अज्ञात महिला के शव को गाड़ दिया गया है। इससे काफी दुर्गंध आ रही है। पुलिस ने जांचोपरांत पाया कि खेत में किसी का शव है। उसके बाद पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में रविवार को शव को खेत से बाहर निकाला। लगभग 40 वर्षीय महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया कि शनिवार को दिन में ही गांव के एक किसान ने दुर्गंध आने के बाद महिला का नंग-धड़ंग शव खेत में पड़ा देखा। इसके बाद दूसरे दिन जब ग्रामीण वहां पहुंचे, तो शव को एक गढ्ढे में डालकर मिट्टी से ढंक दिया गया था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मुरहू के थाना प्रभारी इकबाल हुसैन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया।

### झारखंड में ठंड के मौसम में ग्रामीण इलाकों में अफीम तस्करों की चहलकदमी बढ़ी

# पुलिस से लेकर चौकीदारों तक को किया अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में ठंड का मौसम आते ही बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जाती है। ऐसे में अफीम तस्करों ने अपनी चहलकदमी बढ़ा दी है। अफीम तस्कर बड़े पैमाने पर ग्रामीणों की सहायता से अफीम की खेती की तैयारी में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अफीम तस्करों की योजना को विफल करने में जुट गया है।

जाड़े का मौसम शुरू होते ही अफीम तस्कर अफीम की खेती के लिए सक्रिय हो चुके हैं। सूचना है कि खूंटी और रांची के वैसे इलाके जहां हर साल बड़े पैमाने पर



अफीम की खेती होती है उन इलाकों में अफीम तस्करों के द्वारा बीहड़ों और जंगलों में जमीन चिन्हित की जा रही है। जाड़े का मौसम अफीम की खेती के लिए बेहद माकूल समय होता है। ऐसे में तस्करों की चहलकदमी रांची और खूंटी में बढ़ गई है।

मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी अलर्ट हो गई है। इस संबंध में रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि अक्टूबर और नवंबर महीने में अफीम की खेती होती है। दिसंबर माह में फसल तैयार हो जाती है। फसल तैयार होने के बाद ही उसमें चीरा लगा कर अफीम और फिर डोडा निकाला जाता है। अफीम तस्करों की साजिश पर ब्रेक लगाने के लिए पुलिस की टीम ने तस्करों पर कार्रवाई करने का स्पेशल प्लान बनाया है। राज्य के खूंटी जिले में अफीम की सबसे अधिक खेती होती है। रांची के बुंडू, तमाड़, दशम, नामकुम और पिठोरिया इलाके में भी अफीम की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। फसल तैयार होने के बाद झारखंड समेत दूसरे राज्यों में अफीम की तस्करी की जाती है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण इलाकों में अफीम तस्करों की चहलकदमी को लेकर पुलिस से लेकर ग्रामीण इलाकों में तैनात चौकीदारों तक को अलर्ट किया गया है। सभी को यह पता लगाने का निर्देश दिया गया कि अफीम के बीज का वितरण कौन कर रहा है। पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि ऐसे लोगों को चिहिन्त कर उन पर कार्रवाई करें।

**डीआईजी बिरथरे बोले**

डीआईजी बिरथरे ने बताया कि जमानत पर जेल से छूटे तस्करों से अब पुलिस थाना हाजिरी लगवाएगी। पुलिस की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। उधर सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने डीआईजी अनूप बिरथरे के अलावा रांची, गुमला, सिमडेगा, खूंटी और लोहरदगा एसपी के साथ हुई बैठक में निर्देश दिया है कि 15 दिनों के भीतर अफीम तस्करों और उसकी खेती करने वाले की अगल-अलग सूची तैयार करें। निर्देश यह भी दिया गया है कि जेल से छूटे तस्करों की गतिविधि पर नजर रखें। यह पता लगाएं कि जेल से जमानत पर छूटे तस्कर कहां रह रहे हैं और क्या कर रहे हैं। कहीं वह फिर से अफीम की तस्करी में शामिल तो नहीं हैं।

# खूंटी के बाजारटांड़ हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

शहर के बाजारटांड़ परिसर में गत शनिवार को एक महिला की पत्थर से कूचकर की गई हत्या में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर इस ब्लाइंड केस की गुत्थी सुलझा ली। गिरफ्तार आरोपित दीपक प्रधान (35) है, जो खूंटी थानांतर्गत डुंडीडीह गांव का निवासी है। मृतक की पहचान हन्ना नाग(30 के रूप में हुई है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित पिछले कुछ वर्षों से शहर के बाजारटांड और उसके समीप स्थित बस स्टैंड के पास फुटपाथ पर रहा करता था। गिरफ्तार आरोपित ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि हन्ना नाग और वह शहर के एक ही क्षेत्र में फुटपाथ पर रहा करते थे। इस कारण दोनों के बीच संबंध स्थापित हो गया था। उसने बताया कि महिला का हाल के दिनों में कुछ अन्य लोगों से भी संपर्क स्थापित होने लगा था। इस पर दोनों के बीच उत्पन्न विवाद के कारण शुक्रवार देर रात जब महिला अपनी पांच वर्षीय पुत्री के साथ बाजारटांड़ परिसर के एक शेड में सोई हुई थी, तो उसने एक पत्थर से महिला के सिर को कूचकर उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तार आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगा पत्थर बरामद कर लिया है।

## एक नजर

### राज्यपाल ने कार्तिक पूर्णिमा और प्रकाश पर्व की दी बधाई



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभी प्रदेशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही राज्यपाल ने सोमवार को एक्स पर सिख धर्म के प्रथम गुरु, महान समाज सुधाकर गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर सभी को शुभकामनाएं दी है।

### श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने विवाह के लिए किया सहयोग

रांची । श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सोमवार को एक निर्धन कन्या के विवाह के लिए सहायता प्रदान की गई। नीतू कुमारी माता किरण देवी पिता सर्वेश्वर प्रसाद हरमू हाउसिंग कॉलोनी के निवासी हैं। कन्या के पिता ने संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव से संपर्क कर उनसे अपनी कन्या के विवाह के लिए सहायता का आग्रह किया था। संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव ने संस्था के सदस्यों की बैठक बुलाई और सदस्यों से निर्धन कन्या के विवाह हेतु सहायता प्रदान करनें का आग्रह किया जिसे संस्था के सदस्यों ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूर्णमल सर्राफ, ओम प्रकाश सरावगी, विशाल जालान एवं सुरेश चौधरी के द्वारा कन्या की माता को 11000 रु का सामान सहयोग स्वरूप दिया गया।

### माही ने स्कूली बच्चों को किया सम्मानित



**रांची ।** मौलाना आजाद मेन इनिशिएटिव (माही) ने हिंदपीडी स्थित एचएमके पब्लिक स्कूल के बच्चों को सम्मानित करते हुए उन्हें स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड और मेले से संबंधित मेमोरी फोटो प्रदान किए। समाजसेवी जुनैद अनवर ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा आज के बच्चे मुस्तकबिल के रौशन वजूद हैं जिसे माही के सदस्य लक्षित कर कार्यक्रम कर रहे हैं।

### सीसी बैलेंस इंक्रीज करने के नाम पर नौ हजार की ठगी, केस दर्ज

**रांची।** हिंदपीढ़ी के रहने वाले श्यामल दत्ता के खाते से साइबर अपराधियों ने क्रेडिट कार्ड का सीसी बैलेंस इंक्रीज करने के नाम पर नौ हजार रुपए की ठगी कर ली। घटना सोमवार की है। इस संबंध में श्यामल ने हिंदपीढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। श्यामल की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सोमवार को उन्हें एक व्यक्ति ने फोन किया। खुद को क्रेडिट कस्टमर केयर के होने की बात बतायी। उसने कार्ड की जानकारी देते हुए सीसी बैलेंस इंक्रीज करने को कहा। उसके बाद उनके खाते से नौ हजार रुपए कट गए। जिसके बाद वह थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराए। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### आपकी योजना-आपकी सरकार कार्यक्रम को सफल बनाएं : डॉ राकेश

**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने सरकार के आपकी योजना-आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। इस कार्यक्रम की पूर्ण रूप से सफलता के लिए रांची जिला के सभी 18 पंचायतों के सभी पंचायत अध्यक्ष और सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने पंचायत क्षेत्र के गांव, टोला एवं मुहल्ले के प्रत्येक जरुरत मंदों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित और मदद करने को कहा है। महतो सोमवार को रांची जिला कांग्रेस कार्यालय में पंचायत अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

---

### गुरुनानक स्कूल परसिर में 554वें प्रकाशोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# सीएम ने गुरुग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेक मांगी राज्य की खुशहाली

### वार्ड 23-24 अंतर्गत कडरु व हिंदपीढ़ी मुख्य पथ के बीच सेतु निर्माण का किया शिलान्यास





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल में आयोजित गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाशोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका और राज्यवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने समस्त सिख समुदाय एवं देशवासियों को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन काफी पवित्र है। इस दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। वैसे तो मुझे कई मौकों पर इस परिसर में आने का मौका मिला है। परंतु आज का दिन हम सभी के लिए काफी विशेष है क्योंकि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुग्रंथ साहिब की स्थापना स्थल पर मुझे मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत कुछ बोलने का नहीं बल्कि सुनने का दिन है। इस परिसर में बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग उपस्थित हैं। यहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मैं अपनी ओर से प्रकाशोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री ने वार्ड 23-24 के अंतर्गत कडरू व हिंदपीढ़ी मुख्य पथ के बीच सेतु निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, उपाध्यक्ष झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ज्योति सिंह मथारू, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महासचिव गगनदीप सिंह सेठी, वित्त प्रधान त्रिलोचन सिंह, गुरु नानक स्कूल के सचिव परमजीत सिंह सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

### कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्वर्णरेखा सहित अन्य नदियों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



रांची। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्वर्ण रेखा नदी सहित अन्य नदियों में सोमवार अहले सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। सुबह से ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे स्वर्ण रेखा नदी पहुंचकर स्नान करने के बाद भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य दिया। इसके अलावा कई लोग परिवार के साथ वहीं पर भगवान सत्यनारायण की कथा सुनते देखे गए। साथ ही कई लोग स्वर्ण रेखा नदी में स्नान-दान और पूजा-अर्चना भी कर रहे थे। मालूम हो कि काफी पहले से ही स्वर्णरेखा नदी में कार्तिक पूर्णिमा में मेला लगता है। इस मेले में कोकर, नामकुम, चुटिया, डोरंडा, जगरन्नाथपुर, नगड़ी, बेड़ो, रामपुर, बुंडू, तमाड़, खूंटी, सिल्ली, ओरमांझी सहित कई इलाकों से श्रद्धालु पहुंचते है। पंडित राजेन्द्र पांडेय ने सोमवार को बताया कि हिंदू धर्म में व्रत, त्योहार और स्नान का विशेष महत्व है। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा और सरोवर में स्नान कर पुण्य प्राप्ति के लिए लोग गंगा घाटों पर पहुंचते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान के साथ दीप दान का विशेष महत्व होता है। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर नदी और मंदिर के आसपास मेला लगा था। मेला में चाट, फुचका के ठेले, गन्ना, बच्चों के खिलौने, पूजन सामग्री की दर्जनों दुकानें लगी थीं। पूजन सामग्री की दुकानों में महिलाओं और चाट-फुचका की दुकानों में युवक-युवतियां और बच्चों की भीड़ लगी थी। इस दौरान पुलिस टीम भी तैनात दिखी।

---

## 554 वें प्रकाश पर्व पर रात से रैन सवाई दीवान सजाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सिख पंथ के पहले पातशाह श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554 वें पावन प्रकाश पर्व पर रात से रैन सवाई दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा नानक ।नाम चढ़दी कला तेरे भांड़े सरबत दा भला। शबद गायन से हुई. हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने कोई बोले राम नाम कोई सेवै गोसाईंयां कोई अल्लाहे.. शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी जेवेन्दर सिंह ने कथावाचन कर गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संगत को बताया कि बाबा नानक का प्रकाश उस समय हुआ जब पाखंड एवं अज्ञानता रूपी अंधेरा छाया हुआ था। उन्होंने इस पाखंड और अज्ञानता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व के अनेक देशों का भ्रमण किया। इस विचरण यात्रा को उदासी कहा जाता है। इस दौरान उन्होंने कई लोगों का हृदय परिवर्तन किया। ठगों को साधु बनाया, कर्मकाण्डियों को बाह्य आडंबरों से निकालकर रागात्मिकता भक्ति में लगाया। अहंकारियों का अहंकार दूर कर उन्हें मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने विश्व को नाम जपो, कीरत करो और वंड के छको का संदेश दिया। विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे रागी जत्था भाई अमरजीत सिंह जी तान ने शबद गायन कर समूह साध संगत को भाव विभोर कर दिया. साथ में उन्होंने संगत को साखी भी सुनाई। रात 12.15 बजे प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 25 नवंबर से पढ़े जा रहे श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग हुआ.मौके पर भाई महिपाल सिंह जी ने आरती और बधाई का शबद पढ़ा। तत्पश्चात स्त्री सत्संग सभा एवं कीर्तन मंडली द्वारा बधाई का शबद गायन किया गया। अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति मध्य रात्रि 2.30 बजे हुई और इसी के साथ ही प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में अंतिम विशेष दीवान का समापन हुआ। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। सत्संग सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने भाई अमरजीत सिंह तान एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया और गुरुनानक भवन कमिटी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए केसर जलेबी एवं दूध की सेवा की गई तथा गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा खीर की सेवा की गई। सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने लंगर कमिटी, जोड़ा सेवा कमिटी, चंदा उगड़ाई कमिटी, स्त्री सत्संग सभा,माता गुजरी जत्था, गुरु नानक भवन कमिटी, गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमिटी, कीर्तन मण्डली, गुरु नानक सत्संग सभा और सभा के मीडिया प्रभारी समेत सभी सेवादारों का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया तथा समूह साध संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी.प्रकाश पर्व की खुशी में सभा द्वारा आतिशबाजी भी की गई।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने पूरनचंद की मनाई जयंती



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की ओर से सोमवार को प्रखर समाजवादी नेता पूरनचंद की जयंती मनाई गई। मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि उन्होंने देश की आजादी में अपनी भूमिका निभाई । वे सादगी और ईमानदारी के प्रतिमूर्ति थे। वर्षों से विधायक और मंत्री रहने के बावजूद अपनी कोई बड़ी संपत्ति अर्जित नहीं की । उनके चाहने वाले पलामू सहित इस राज्य में भरे पड़े हुए हैं। चंद्रवंशी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार, अवकाश प्राप्त एसडीओ प्रदीप कुमार, आनंद कुमार, इंद्रदेव ठाकुर, राम लखन साहू अभय प्रसाद,जगदीश साहू, जगदीश ठाकुर संतोष शर्मा ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## कार्तिक मास व्रत के साथ ही चातुर्मास का हुआ उद्यापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर( तिरुपति बालाजी) मंदिर में सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा व्रत और चातुर्मास व्रत समापन अनुष्ठान हुआ। प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के विश्वरूप का दर्शन हुआ । फिर सुप्रभातम, वेंकटेश प्राप्ति, मंगलाशासनम, करावलंबम स्तोत्र, संकट हरण स्तुति, वेंकटेश ध्यानम आदि के बाद पांचरात्र आगम में बताए गए विधि के अनुसार षोडषोपचार पूर्वक तिरुआराधनम किया गया। इसके बाद भगवान को पुष्पांजलि अर्पित की गई। महाआरती के बाद भगवान को फल और मेवा का नैवेद्य भोग लगा। फिर गोष्ठी, शठारी, चरणामृत और शात्तुमोरा आदि के बाद मंदिर गोपुरम के बाहरी कपाट को खोल दिया। कपाट खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । आज दिनभर का भोग निवेदन किया डॉ सुभाष, सुरभि पोद्दार एवं डॉक्टर सुनीता मिश्रा ने किया जबकि एक समय का भोग निवेदन विनय कुमार ने किया। अर्चकःश्रीसत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने पूजनादि अनुष्ठान संपन्न कराया । मौके पर प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, राजेश सुल्तानिया, रंजन सिंह, गौरीशंकर साबू, सुशील लोहिया, ओमप्रकाश गाड़ोदिया, सीता शर्मा, यशोदा देवी, शंभू नाथ पोद्दार, प्रभाष मित्तल सहित सैकड़ों भक्त थे।

---

## फिजिकल एजुकेशन के शिक्षक पद पर बीसीए और बीबीए अभ्यर्थियों पर भी करें विचार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट ने झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) द्वारा फिजिकल एजुकेशन टीचर पद के लिए बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) एवं बैचलर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी पूर्णिमा कुमारी, अभिजीत कुमार सिन्हा एवं आशुतोष कुमार के कटऑफ से ज्यादा अंक आने के बाद भी उम्मीदवारी कंसीडर नहीं करने के मामले को लेकर दायर रिट याचिका को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने इन्हें फिजिकल एजुकेशन के शिक्षक पद की नियुक्ति प्रक्रिया में कंसीडर करने का निर्देश जेएसएससी को दिया है। जेएसएससी ने फिजिकल एजुकेशन शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में बीबीए एवं बीसीए की डिग्री वाले अभ्यर्थियों को क्रमशः कॉमर्स एवं साइंस के ग्रेजुएशन डिग्री के समक्ष नहीं माना था। साथ ही इन्हें नियुक्ति से वंचित रखा था। इससे पहले भी हाई कोर्ट ने मुकेश रंजन एवं राजदेव सिंह के केस में बीबीए को कॉमर्स के अंतर्गत तथा बीसीए को साइंस के अंतर्गत माना था। उसी के आधार पर हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने याचिकाकर्ता पूर्णिमा, अभिजीत एवं आशुतोष के मामले में इन्हें भी नियुक्ति प्रक्रिया में कंसीडर करने का आदेश दिया है। साथ ही इन अभ्यर्थियों को जेएसएससी की ओर से जारी शोकॉज नोटिस को रद्द कर दिया है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने मुकेश रंजन एवं राजदेव सिंह के मामले में अपने आदेश में कहा था कि बीसीए साइंस स्ट्रीम का अभिन्न अंग है। जेएसएससी ने ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर, फिजिकल एजुकेशन के विज्ञापन संख्या 21/ 2016 में अभ्यर्थियों के लिए साइंस, आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम में 45 प्रतिशत अंक के साथ ग्रेजुएशन की अर्हता निर्धारित की थी, जबकि याचिकाकर्ता के पास बीबीए, बीसीए की डिग्री थी।

### सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध 3 दिसंबर से क्रमबद्ध आंदोलन

**रांची।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्य स्तरीय बैठक दादा - दादी पार्क मोरहाबादी राँची में बिनोद बिहारी महतो की अध्यक्षता में हुई संचालन सिद्दीक शेख ने किया । सरकार की वादाखिलाफी पर राज्य के पारा शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त किया ।
राज्य के 62,000 सहायक अध्यापकों को वेतनमान,आकलन उत्तीर्ण एवं सीटेट को जेटेट के समतुल्य लाभ, सहायक आचार्य शिक्षक नियुक्ति मे विभिन्न त्रुटियों का संशोधन
15 नवंबर 2018 को भाजपा सरकार द्वारा सहायक अध्यापक एवं परिजनों पर रांची एवं राज्य की विभिन्न मुकदमा वापस लेने,झारखण्ड अध्यापक सेवा शर्त नियमावली में संशोधन कर अनुकम्पा ,ईपीएफ का लाभ, शहरी क्षेत्र मे 4% वार्षिक वृद्धि सहित अन्य मांगों के समर्थन में 3 दिसंबर से क्रमबद्ध आंदोलन चलाने की घोषणा की गई ।

## देश राजा से नहीं संविधान से चलेगा

### किसान मजदूर हित की जो बात करेगा वही देश पर राज करेगा : शुभेंदु सेन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राजभवन के समक्ष किसान मजदूरों के महापड़ाव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के झारखंड प्रभारी और अखिल भारतीय किसान महासभा राष्ट्रीय महा सचिव राजा राम सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने किसानों और मजदूरों से जो वायदा किया था उससे सरकार मुकर गई है किसानों को न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी मिली और ना ही किसानो पर गाड़ी चढ़ाकर हत्या करने वाले अजय मिश्रा टैनी की गिरफ्तारी हुई और ना ही बिजली संशोधन बिल की वापसी हुई। मजदूरों के श्रम कानूनों को खत्म कर श्रम संहिता के द्वारा देश के मजदूरों के आधिकारों पर हमले की कोशिश हुई है जिसके खिलाफ पुरे देश में मजदूरों और किसनों का आन्दोलन फिर सुलग उठा है। किसनों मजदूरों का महापड़ाव इसी की शुरूआत है। उन्होंने आगे कहा कि किसान केवल अन्नदाता नहीं सरकार भी बनाते हैं और हम देश का कानून भी बनाएंगे। मजदूरों और किसानों के खिलाफ कोई कानून जो देश हित में नहीं हो वह देश में नहीं चलेगा। अगर किसान अनाज नहीं उगाएंगे , अनाज की खरीद सरकारी स्तर पर नहीं होगी तो पीडीएस से लेकर आंगनवाड़ी और मिड डे मील में बच्चों का आहार भी बंद हो जाएगा । सरकार काम के घंटे तो तय कर रही है लेकिन उसके राशन की गारंटी नहीं कर रही है ,काम का घंटा बढ़कर भोजन में कटौती करना अब 54% एनीमिया के शिकार लोगों की संख्या ही बढ़ाना है। केंद्र सरकार देश की पीडियों को गुलाम बनाने की साजिश कर रही है 74 वर्षों से जो जंगलों में रह रहे हैं जमीन के मालिक वही किसान है। पूंजीवादी व्यवस्था को अंतिम विकल्प बताने वाले सब चुप हैं। हमें ऐसी सभ्यता नहीं चाहिए जहां बच्चों महिलाओं और निदोर्षों लोगों पर बर्बर हमले हो। महापड़ाव की लड़ाई आगे दूर तक जाएगी, दिसंबर तक हम मांग पुरा करने की उम्मीद करेंगे लेकिन दिसंबर के बाद आन्दोलन और तेज होगा।

---

**पहल**

### जवाहर विद्या मंदिर में दो दिवसीय गुरु दक्षता कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षा में उत्कृष्टता लाने के लिए हो रहा निरंतर प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नवीन शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में क्षमता निर्माण के माध्यम से शिक्षा में उत्कृष्टता लाने के लिए निरतंर प्रयास किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में एनईपी-2020 महत्वपूर्ण है। शिक्षार्थियों को 21वीं सदी के शिक्षण कौशल से लैस करने एवं प्राचार्यों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों के ज्ञान और कौशल को अद्यतन करने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, पटना की ओर से इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम (गुरु दक्षता) कार्यक्रम के तहत जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में सोमवार को प्राचार्यों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस गुरु दक्षता कार्यक्रम में श्यामली के प्राचार्य समरजीत जाना, तोपा कोलियरी के प्राचार्य एके प्रखर, साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल, गढ़वा के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार, उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल की प्राचार्या जयंती केरकेट्टा, विवेकानंद पब्लिक स्कूल, बेड़ो के प्राचार्य कौशिक गोस्वामी, पब्लिक स्कूल गिरिडीह के प्राचार्य रामानंद प्रसाद, चिन्मया विद्यालय, बोकारो के प्राचार्य सूरज शर्मा समेत रांची, रामगढ़, गिरिडीह, बोकारो, सिमडेगा, दुमका, बेड़ो, गढ़वा आदि जिले के 65 प्राचार्य एवं शिक्षक मौजूद रहे। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में सरला बिड़ला स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर व सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, रांची की प्रचार्या समिता सिन्हा ने 8 मोड्यूल में सीबीएसई के प्रशिक्षण, परीक्षा, संबद्धता, शैक्षणिक, कौशल शिक्षा, आईटी, व्यावसायिक परीक्षा, शिक्षक पात्रता परीक्षा, सीओई और आरओ सहित सीबीएसई के सभी घटक विभागों और इकाइयों की संरचना, नीतियों और दिशानिर्देशों से परिचय कराया। रिसोर्स पर्सन ने संवादात्मक, वीडियो क्लिप और प्रश्नात्मक शैली में कार्यशाला को सजीव और जीवंत बनाए रखा वहीं आगंतुक प्राचार्यों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने महत्त्वपूर्ण विचार और पक्ष को साझा किया।
प्राचार्य समरजीत जाना ने कहा कि सीखे गए कौशल और ज्ञान तब निष्प्रभावी हो जाती है जब इसका क्रियान्वयन कक्षा-कक्ष में नहीं हो पाता। शिक्षक पर समाज निर्माण की जिम्मेदारी होती है और शिक्षकों की बागडोर प्राचार्य के हाथों में होती है। शिक्षा जगत में सामयिक परिवर्तनों से नया सापेक्ष प्रशिक्षण जरूरी होता है। नई शिक्षा नीति के समुचित क्रियान्वयन से यह संभव किया जा रहा है। इस दो दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षकों को अद्यतन नई चुनौतियों, तकनीकी, ज्ञान और कौशल से परिचय कराया गया जिससे प्रधानाध्यापक अपने संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग कर छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकें।

## मैथिली मंच के पंचांग सह कैलेंडर का किया गया विमोचन

### डाला प्रतियोगियों में तृप्ति झा प्रथम, प्रीति झा द्वितीय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मैथिली मंच रांची के तत्वावधान में विद्यापति दलान हरमू में सोमवार को वर्ष 2024 का पंचांग सह कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवती वंदना व दीप प्रज्ज्वलित से हुआ। मौके पर महाकवि विद्यापति के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की गई । मौके पर मुख्य अतिथि ललित नारायण मिश्र कालोनी के संस्थापक शत्रुघ्न कुमार झा को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष विनय कुमार झा ने अतिथियों का स्वागत किया। महासचिव वैद्यनाथ झा ने कैलेंडर सह पंचांग की विस्तृत जानकारी लोगों को दी। अमर नाथ झा,बद्रीनाथ झा, प्रेमचन्द्र झा, बाबूलाल झा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर पवन कुमार मिश्र व निर्भय कुमार झा के नेतृत्व में मैथिली गीतों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन मोहन झा पड़ोसी ने की। इसके बाद मिथिला का प्रसिद्ध लोक पर्व सामा चकेवा का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि कमला चौधरी ने सामा चकेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए घर-घर से डाला लेकर आए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इसके बाद पारंपरिक गीतों एवं विधानों के साथ पर्व मनाया गया।जिसमें विशेष रूप से अंजु झा, मंजु झा, किरण झा, रेणू झा, बिट्टू झा, डॉक्टर आभा झा की उपस्थिति रही। डाला प्रतियोगियों में प्रथम पुरस्कार तृप्ति झा, द्वितीय प्रीति झा एवं तृतीय अंजली झा तथा रूबी झा को संयुक्त रूप से मिला।

# कार्तिक पूर्णिमा : दामोदर नदी में भक्तों ने लगाई डुबकी



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को धनबाद कोयलांच के नदी घाटों व सरोवरों में लोगों ने स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना की. झरिया के मोहलबनी मुक्ति धाम के समीप दामोदर नदी घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी. लोगों ने नदी में स्नान के बाद पूजा कर दान-पुण्य किया. सुबह से ही घाट पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी. ऐसी मान्यता है कि इस दिन स्नान के बाद दीपदान करने से सांसारिक पाप और ताप का शमन होता है. कार्तिक पूर्णिमा को देव दिवाली के रूप में मनाया जाता है. सनातन परंपरा के अनुसार, इस दिन दान-पुण्य करना ज्यादा शुभकारी माना गया है. इस दिन किये जाने वाले अन्न, धन व वस्त्रदान का बहुत महत्व है. मोहलबनी दामोदर नदी घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद दिखी. वहीं दूसरी ओर गोमो में कार्तिक पूर्णिमा पर गोमो स्थित जमुनिया नदी के घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही. लोगों ने ब्रह्म मुहूर्त में नदी में स्नान कर दान-पुण्य किया. श्रद्धालुओं ने जमुनिया नदी की कलकल धारा में स्नान कर भगवान विष्णु की आराधना की और दीप, धूप व फल का दान कर भगवान सूर्य व माता गंगा की पूजा-अर्चना की. लौटते समय जीतपुर गांव स्थित देवस्थान पहुंचकर भगवान शिव, माता दुर्गा, व रामभक्त हनुमान को जलार्पण कर पूजा-अर्चना की. आरपीएफ शिव मंदिर के पुजारी अवधेश मिश्रा, काली मंदिर के पुजारी कौशल कांत झा व गुड्डू पंडित ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है.

### गिरिडीह : झारखंड धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़

**गिरिडीह।** कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को धनवार व आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसिद्ध झारखंड धाम पहुंचे और पूजा-अर्चना की. धाम में दर्शन-पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी. लोग निजी व किराए के वाहन से झारखंड धाम पहुंचे. भीड़ की वजह से धाम जाने-आने का रास्ता जाम रहा. धाम से थाना तक सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही. इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.पुलिस को जाम हटाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी.

## चांडिल : मंदिरों में लगी रही भक्तों की भीड़



**चांडिल (सरायकेला)।** पवित्र कार्तिक मास की पूर्णिमा पर सोमवार को पवित्र नदियों और जलाशयों में स्नान दान करने और मंदिरों में अपने आराध्यदेव की दर्शन-पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी. इस अवसर पर जयदा स्थित ऐतिहासिक बुढ़ाबाबा शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी है. लंबी कतारों में लग कर श्रद्धालु पवित्र शिवलिंग की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक कर अपने व परिवार की कुशलता के लिए भगवान से आशीर्वाद मांग रहे हैं. ऐसी मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान दान कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है. अनुमंडल क्षेत्र के गांवों में सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही भगवान सत्यनारायण की पूजा कर कथा सुनाया जा रहा है. कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान का बड़ा महत्व है.

## एक नजर

### प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट 29 नवंबर से

**गिरिडीह।** प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरूआत गावां प्रखंड में 29 नवंबर से की जाएगी. यह जानकारी गावां बीडीओ महेंद्र रविदास ने सोमवार को दी. सभी मुकाबले गावां खेल मैदान में सुबह 9 बजे से खेले जाएंगे. टूर्नामेंट में प्रखंड की 17 पंचायत की 17 टीमें भाग लेंगी. पहला मुकाबला 29 नवंबर को नगवां बनाम माल्डा के बीच खेला जाएगा. इस दिन तीन अन्य मुकाबले गावां बनाम नीमाडीह, अमतरो बनाम सांख और सेरुआ बनाम गदर के बीच खेले जाएंगे. अगले दिन 30 नवंबर को पांच मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें नगवां/माल्डा बनाम खरसान, पिहरा पूर्वी बनाम पटना, पसनोर बनाम पिहरा पश्चिमी, जमडार बनाम बिरने और बादीडीह बनाम मंझने शामिल हैं. वहीं 1 दिसंबर को क्वार्टर, सेमीफाइनल के बाद फाइनल मुकाबला खेला जाएगा.

### महिला से छिनतई करने वाले दो युवकों को भेजा गया जेल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बमार्माइंस थाना अंतर्गत स्टार टॉकिज के पास पैदल जा रही बाबाकुटी निवासी मंजु कुमारी के गले से चेन छिनतई कर भाग रहने वाइक सवार दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था. घटना रविवार देर शाम की है. इधर, पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है. पकड़ाए आरोपियों में परसुडीह नामोटोला निवासी बिलेंद्र रजक और उसका साथी गोलपहाड़ी निवासी राहुल सोनी शामिल है. पुलिस ने आरोपियों की बाइक भी जब्त की है वहीं महिला का चेन भी बरामद कर लिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार मंजु अपने काम से वापस बाबाकुटी स्थित घर जा रही थी. तभी पीछे से बाइक सवार बदमाशों ने चेन छीनी और भागने लगे इतने में ही स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया.

## विस्थापितों की मांग पर बोकारो थर्मल-चंद्रपुरा पावर प्लांट का गेट जाम, धरने पर बैठे गिरिडीह सांसद





नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** बेरमो कोयलांचल में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में विस्थापितों की मांगों सहित अन्य मांगों को लेकर सीसीएल के तीनों एरिया ढोरी, बोकारो एंड करगली और कथारा से कोयला डिस्पैंच और ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दिया गया है. वहीं डीवीसी के बोकारो थर्मल और चंद्रपुरा पावर प्लांट का मेन गेट आंदोलनकारियों ने जाम कर दिया है. गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी बोकारो थर्मल में प्लांट के गेट के समक्ष धरना पर बैठे हैं. वहीं बेरमो कोयलांचल में घूम-घूम कर आंदोलन कार्यों का जायजा भी लेत रहे है. आंदोलनकारी सड़क पर डटे हुए हैं उनके भोजन की भी व्यवस्था हो रही है. मामले को लेकर सांसद ने कहा कि हमारा कोयला हमारा जमीन पावर प्लांट और कोलियरी में गया है. विस्थापितों का सब कुछ चला गया, लेकिन इन लोगों को कोई सुविधा या मुआवजा नहीं मिला. दूसरे लोग लाभ उठा रहे हैं. आज कोई जलावन के लिए कोयला ले जाता है तो पुलिस उसे पकड़ लेती है, लेकिन यहां ट्रकों और रेलवे रैक से कोयला चोरी हो रहा है उसको देखने वाला कोई नहीं. जब तक कोल इंडिया के अध्यक्ष और डीवीसी के अध्यक्ष स्तर से वार्ता नहीं होगी तब तक अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा और एक छटाक भी कोयला बाहर नहीं जाने देंगे.

### नाइट शिफ्ट के कामगारों को भी नहीं आने दिया बाहर

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में विस्थापितों की मांगों सहित अन्य मांगों को लेकर डीवीसी बोकारो थर्मल के 500 मेगावाट वाले पावर प्लांट का मेन गेट आंदोलनकारियों ने रविवार रात्रि बारह बजे से ही जाम कर दिया है. गेट जाम को लेकर सैकड़ों लोग साथ डटे हुए हैं. जाम के कारण पावर प्लांट के लिए रविवार की रात्रि एक बजे कोयला लेकर आए एक रैक को आंदोलनकारियों ने सुबह पांच बजे खड़ा रखकर वापस कर दिया.

### धनबाद-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर अधेड़ की कटकर हुई मौत

**धनबाद ।** धनबाद-हावड़ा रेल खंड पर एक अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना आरपीएफ एवं राजकीय रेल पुलिस को सूचित कर दिया है, लेकिन आधा घंटा बीत जाने के बावजूद भी तहकीकात करने घटना स्थल पर नहीं पहुंचे है. जिला पुलिस एवं राजकीय रेल पुलिस क्षेत्रधिकार की स्थिति में असमंजस में पड़ा हुआ है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि धनबाद हावड़ा रेल खंड पर एक अधेड़ व्यक्ति की बॉडी सर और धड़ से अलग दो टुकड़े में हो गई है. लेकिन बड़ा सवाल यह है कि राजकीय रेल पुलिस और आरपीएफ घटनास्थल पर पहुंचने में लगभग घंटे मशक्कत के बावजूद भी नहीं पहुंचे हैं. स्थानीय लोग विभाग की लापरवाही कोस रहे है. वहीं समाजसेवी ने मीडिया को बताया कि आधा घंटा पूर्व सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर एक बॉडी दो भाग में बटकर अलग हो गया है.

### धनबाद में जेडीयू पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक

**धनबाद।** जनता दल यूनाइटेड पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक धनबाद परिसदन में की गई. जिसकी अध्यक्षता पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला संयोजक राम ईश्वर यादव ने किया तथा इस बैठक में मुख्य अतिथि पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव उपस्थित थे. बैठक को सम्बोधित करते हुए पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड पिछड़ा वर्ग को लेकर हमेशा आगे बढ़कर काम किये है और गत दिनों बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ने जो बिहार में 75% आरक्षण लागु किये है उसका हम स्वागत करते हैं. खासकर पिछड़ा वर्गों के लोगों के लिए जो काम कर रहे हैं वह काबिले तारिफ है. उन्होंने कहा कि पूर देश में आज तक कोई प्रदेश इतना आरक्षण लागू नहीं किया है. बिहार में जो महागठबंधन की सरकार चल रही है, उन्होंने जो बिहार में जातिय जनगणाना कराकर पुरे देश में मिशाल पेश किया है. क्योंकि जिसका जितना भागेदारी उतना उसका हिस्सेदारी होगी. बिहार में जो आरक्षण के तहत एक लाख पच्चीस हजार शिक्षकों कि बहाली हुई है, उसका भी हम स्वागत करते हैं.

### पाकुड़ और जमशेदपुर के बीच खेला गया तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

**पाकुड़।** जिला मुख्यालय स्थित गोकुलपुर मैदान में चांद भैरव क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज पाकुड़ और जमशेदपुर के बीच खेला गया. फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि की रूप डीडीसी, एसडीओ, एसडीपीओ, प्रशिक्षु डीएसपी, समाजसेवी लूतफुल हक एवं बांग्ला सिनेमा जगत के मशहूर अभिनेत्री श्रवंती चटर्जी शामिल हुए. मैदान में काफी संख्या में पहुंचे फुटबॉल प्रेमियों ने खेल का आनंद लिया. वहीं बांग्ला सिनेमा जगत की मशहूर अभिनेत्री श्रवंती चटर्जी ने खुली गाड़ी से मैदान के चारों ओर घूमकर, हाथ हिलाकर दर्शकों का अभिनंदन किया. खेल का शुभारंभ जिला प्रशासन, समाजसेवी, एवं बांग्ला सिनेमा जगत की मशहूर अभिनेत्री ने किक मारकर किया. फाइनल मुकाबले में शानदार खेलते हुए पाकुड़ के टीम ने एक गोल से जीत दर्ज की. फर्स्ट हाफ में ही पाकुड़ के टीम ने जमशेदपुर टीम पर एक गोल की बढ़त बना ली, जिसके बाद जमशेदपुर की ओर से काफी प्रयास किया गया. जमशेदपुर की टीम ने कई मौका भी गवाया और गोल करने में चुके. वहीं पाकुड़ के टीम को भी दूसरा गोल के लिए कई बार मौका भी मिला. इन दोनों टीमों के बीच शानदार प्रदर्शन देखने को मिला. अंत में पाकुड़ की टीम ने एक गोल से फाइनल में जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपना नाम किया.

### लुगुबुरु घांटाबाड़ी में 23वां अंतर्राष्ट्रीय सरना धर्म सम्मेलन के लिए तैयारियां पूरी

**बोकारो।** गोमिया के ललपनिया स्थित लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ 23वां अंतर्राष्ट्रीय सरना धर्म सम्मेलन को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है. यह सम्मेलन सोमवार को है. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी हिस्सा लेंगे. कार्यक्रम की तैयारियों का डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी प्रियदर्शी आलोक ने जायजा लिया. उनके साथ उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री, अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानिया व एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे. डीसी, एसपी ने क्रमवार टेंट सिटी,विभिन्न पार्किंग स्थलों,लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ आदि स्थलों का निरीक्षण किया. दोनों पदाधिकारियों ने यहां पहुंचे श्रद्धालुओं से बात की. प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में पूछा. मौके पर डीसी, एसपी ने सबंधित अधिकारियों को कई दिशाझनिर्देश भी दिये. कहा कि जिसे जो दायित्व दिया गया है उसका सही से अनुपालन करेंगे. कहीं कोई चूक नहीं हो इसे सुनिश्चित करेंगे. इससे पूर्व डीसी, एसपी ने पूजा समिति के अध्यक्ष बबली सोरेन एवं सदस्यों के साथ श्यामली गेस्ट हाउस में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की.मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार,एसडीओ शैलेश कुमार, एसडीपीओ वीएन सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर सहित कई अधिकारी उपस्थित थे.

## इंडियन नेवी में सब लेफ्टिनेंट बने रविकांत, बढ़ाया मान



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** चौपारण प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित दैहर पंचायत के रविकांत रंजन उर्फ रितिक भारतीय नौ सेना में सब लेफ्टिनेंट पद पर अपना योगदान देंगे. वह सोहरा हरिजन जनता उच्च विद्यालय मझगांवा के शिक्षक सचित कुमार सिंह के इकलौते पुत्र हैं. रविकांत ने अपनी मेहनत की बदौलत सैनिक स्कूल का इंट्रेस पास कर आईएससी तक की पढ़ाई पूरी की. वहीं, यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर एसएसबी सेंटर भोपाल से नेवी अफसर के लिए चयनित हुए. पिता सचित कुमार सिंह ने बताया कि रविकांत का चयन जनवरी 2020 में भारतीय नौ सेना अकादमी में हुआ था. प्रशिक्षण सह बीटेक की उपाधि एशिया के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण केंद्र भारतीय नौसेना एकादमी, केरल में चल रहा था. दीक्षांत समारोह सह पासिंग आउट परेड 23 से 25 नवंबर के बीच संपन्न हुआ. रविकांत ने कठिन मेहनत एवं करते हुए जेएनयू नई दिल्ली द्वारा बीटेक छमाही में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त कर अपने अकादमी में ओवर ऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया. इसके लिए उसे राष्ट्रपति स्वर्ण पदक से सम्मानित भी किया गया. अभिभावक के साथ रविकांत रंजन को नौ सेना प्रमुख के साथ रात्रिभोज पर आमंत्रित किया गया था.

विधायक ने हाटगम्हरिया में लगाया जनता दरबार

## सरकारी योजनाओं से लाभुकों लाभांवित करें कार्यकर्ता: विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपक बिरुवा सोमवार को हाटगम्हारिया प्रखंड के हाटगम्हारिया में स्थित अपने कार्यालय पहुंचे थे. विधायक ने झामुमो प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ बैठक की.इस दौरान उन्होंने प्रखंड के विभिन्न पंचायत में सरकार की ओर से आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए विधायक ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए हर जरूरतमंदों को उनके अहर्ता के अनुसार सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूर दिलाए. इसके लिए सभी कार्यकर्ता विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लाभुकों को चिन्हित करें और उन्हें लाभांवित कराने में सहयोग करें. इस दौरान विधायक ने जनता दरबार लगा कर जनता की समस्याओं को सुना और कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन कराया. चूंकि यहां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक सोमवार को विधायक दीपक बिरुवा मौजूद रहेंगे और जनता की समस्या को सुनेंगे. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को विधायक दीपक बिरुवा हाटगम्हारिया प्रखंड स्थित अपने कार्यालय पहुंचे हुए थे. इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष स्वास्थ्य, पेयजल व बिजली से संबंधित समस्याएं रखते हुए उनका समाधान करने की मांग की. विधायक ने कई मामलों को लेकर फोन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. विधायक ने अधिकारियों से कहा कि वे लोगों की सामूहिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें.

### जमशेदपुर : आहारगुड्डू गांव में विधायक संजीव सरदार ने किया सड़क का शिलान्यास



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड के केवड़ा डूंगरी पंचायत के आहारगुड्डू गांव में पोटका विधायक संजीव सरदार ने 1.2 किलोमीटर लंबी सड़क का सोमवार को शिलान्यास किया. इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित थे. विधायक ने नारियल फोड़कर कार्य का विधिवत शुभारंभ किया. बता दे कि यह सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनेगी जो यूसीएल तुरामसीह पश्चिमी गेट से डूंगरीटोला, आहारगुड्डू होते हुए घोड़ाडंगा तक जाएगी. मौके पर विधायक के साथ सांसद विद्युत वरण महतो के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे. इस सड़क के बन जाने से लोगों को काफी सहूलियत होगी. सड़क का शिलान्यास होने से लोगों में काफी खुशी है. विधायक संजीव सरदार ने बताया कि चुनावी वादा के तहत इस सड़क की अनुशंसा उन्होंने मुख्यमंत्री से की थी. इस पर मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी, जिसके बाद इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो पाया है. उक्त सड़क के बन जाने से मुख्य सड़क से आहारगुड्डू गांव के लोगों का संपर्क सीधे हो सकेगा. उन्होंने बताया कि एक और डीपीआर बनाकर मुख्यमंत्री को दिया जाएगा. इसके तहत सुंदरनगर, नीलडूंगरी चौक से जालियाबेड़ा, आहारगुड्डू होते हुए जेल चौक होते हुए कीताडीह बागबेड़ा की ओर निकलेगी. वहीं एक और सड़क का निर्माण होगा जो नीलडूंगरी चौक से गौशाला होते हुए कीताडीह होते हुए स्टेशन की ओर जाएगी.

## संस्कार

### शांति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन

# नारी शक्ति के बिना संसार की कल्पना अधूरी




नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** चाकुलिया के शांति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को रास पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयंती के अवसर पर माता को समर्पित कार्यक्रम मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ध्यान फाउंडेशन गौशाला की संचालिका डॉ. शालिनी मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मारवाड़ी महिला समिति चाकुलिया की अध्यक्ष बबीता रुंगटा उपस्थित हुईं. कार्यक्रम में भैया बहनों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के संरक्षक रवि झुनझुनवाला ने कहा कि माता ही मनुष्य का प्रथम गुरु होती हैं. एक मां जिस प्रकार अपने परिवार को ममता एवं स्नेह की छत्रछाया में लालन-पालन करती हैं. वह कोई नहीं कर सकता, मां सदैव हमारे लिए पूजनीय होती हैं. नारी शक्ति के बिना संसार की कल्पना अधूरी है. मनुष्य के जीवन में मां का योगदान अतुलनीय है. कार्यक्रम में माताओं के लिए भी कई प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया. जिसमें भाषण प्रतियोगिता जिसका विषय भारतीय समाज में माता की भूमिका थी ,जिसपर कई माताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किया जिसमें प्रथम स्थान पुतुल बक्शी रही, द्वितीय स्थान संचिता मल्लिक ,तृतीय स्थान शिवानी मांडी रहीं. इसी प्रकार गेंद फेंक प्रतियोगिता, शंख वादन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें प्रथम द्वितीय द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले माताओं को मुख्य अतिथि एवं प्रबंधन समिति के अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक कमल खंडेलवाल, विद्यालय के अध्यक्ष प्रभात झुनझुनवाला, सचिव अमित भारतीय, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दास, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष आलोक लोधा,समिति सदस्य हार्दिक यादव, पुष्पा रुंगटा, अभिभावक प्रतिनिधि संचिता मल्लिक , विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलाकांत प्रमाणिक के साथ विद्यालय के आचार्य मनोज महतो, विकास महतो, हरिपद महतो, दिलीप महतो, शांतनु घोष, तापस बेरा, विप्लव टुडू, लक्ष्मी सिंह , मनीषा महतो, वंदना दास, सीमा पांडे, नमिता राउत, बिपाशा महतो, आनंदिता करुणामय, सोनाली दास उपस्थित थे.


### रामगढ़ में सिख समाज ने मनाया गुरुनानक देव जी महाराज का 555वां प्रकाश पर्व

# ‘ऊंचा दर बाबे नानक दा’ सुनकर निहाल हुई संगत



**पवन कुमार सिंह**

**रामगढ़।** सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर 27 नवंबर को श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यालय प्रबंधन कमेटी के सौजन्य से विशेष दीवान सजाया गया। जिसके बाद लंगर का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जिलावासी शामिल हुए और लंगर ग्रहण किया। रात का दीवान 8:30 बजे श्री गुरुद्वारा साहिब में सजा। जो 12:15 बजे समाप्त हुआ। श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर अमेरिका से आये प्रसिद्ध रागी जत्थे अमरजीत सिंह तान ने श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में सजे विशेष दीवान के क्रम में अपनी गुरुवाणी से संगत को निहाल किया। अमृतसर वाले रागी जत्थे परमिंदर सिंह जी ने भी मधुर गुरुवाणी से संगत को निहाल किया। लुधियाना के रागी जत्थे अमनदीप सिंह जी ने भी गुरुवाणी पेश किया। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह जी ने उपस्थित संगत को सिख इतिहास के गौरवशाली अतीत से परिचित कराया।



## लंगर का वितरण

रागी जत्थों द्वारा गुरुवाणी गायन के उपरांत गुरु के लंगर का वितरण किया गया। लंगर लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग गुरुनानक स्कूल परिसर पहुंचे। जहां उन्हें लंगर प्रदान किया गया।

## स्कूल परिसर की आकर्षक सजावट

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल परिसर को फूलों से आकर्षक तरीके से सजाया गया था। जिससे स्कूल परिसर भव्य प्रतीत हो रहा था।

## ये हुए शामिल

श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ गुरुद्वारा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, प्राचार्य हरजाप सिंह, स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी,



सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली मीडिया प्रभारी कर्मजीत सिंह जग्गी, पूर्व प्रधान रमिंदर सिंह गांधी, जगजीत सिंह सोनी , इंद्रजीत सिंह कालरा,बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह होरा,जसकीरत सिंह भाटिया, राजू, जसकीरत सिंह सैनी, रौनक सिंह,गुरजोत सिंह, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जस्सल, राजी गांधी, प्रीतम सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्सल, रानी जस्सल, रोमा छाबड़ा, मनप्रीत सैनी, नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कौर , बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा, सुमी जौली, गुरबख्श कौर सैनी, मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर सहित बड़ी संख्या में जिलावासी शामिल हुए ।

---

## एक नजर

### कार्तिक पूर्णिमा पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**हजारीबाग।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर एसएल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने सोमवार को कटकमदाग स्थित नृसिंह स्थान मंदिर परिसर में कंबल का वितरण किया. इस दौरान 101 जरूरतमंदों के बीच ठंड से राहत के लिए कंबल बांटे गए. कोरोना काल में राकेश गुप्ता ने अपने पिता की स्मृति में जरूरतमंदों की सेवा के उद्देश्य से एसएल गुप्ता ट्रस्ट की स्थापना की थी. संस्था की ओर से हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नृसिंह स्थान में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कार्य किया जाता है. मौके पर राकेश गुप्ता ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन दान पुण्य का बहुत अधिक महत्व है.

### होटल किनारे खड़े तीन कंटेनरों से डीजल चोरी

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत सूर्यकुंड पेट्रोल पंप के विपरीत होटल किनारे खड़े तीन कंटेनर वाहनों से हजारों रुपये की डीजल चोरी का मामला सामने आया है। कंटेनर चालकों ने बताया कि रविवार की सुबह उठा तो देखा कि डीजल टंकी का लॉक टूटा है और टंकी से डीजल की चोरी कर ली गई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लेकिन जानकारी कुछ प्राप्त नहीं हो पाई। इसके बाद चालकों ने चोरी की घटना की जानकारी गोरहर पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने आसपास सीसीटीवी फुटेज को भी देखा। जहां सीसीटीवी फुटेज में चोरों द्वारा आयसर गाड़ी में पाइप लगाकर डीजल निकाला जा रहा था।वहीं कंटेनर संख्या एचआर38वाई 7070 चालक अनुरुद्ध कुमार मेनपुरी यूपी, कंटेनर संख्या एचपी 12क्यू 6333 चालक भुआल सिंह, सिवान तथा कंटेनर संख्या एचआर61डी 6052, चालक रविंद्र प्रताप सिंह, प्रतापगढ़ इलाहाबाद भुक्त भोगी हैं। इस घटना से चालक काफी निराशा दिख रहे थे। वहीं चालको ने स्थानीय प्रशासन से चोरों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

### बरही में फुटपाथ दुकानदारों ने की स्थायी व्यवस्था की मांग

**बरही ।** प्रशासन के अतिक्रमण अभियान का फुटपाथी दुकानदारों ने स्वागत किया है. परंतु इस अभियान के साथ अपनी समस्याओं से भी प्रशासन को रूबरू कराते हुए दुकान लगाने के लिए स्थाई जगह निर्धारण का मांग किया है. इनलोगो ने बताया कि बरही प्रशासन उनलोगो को दुकान लगाने के लिए सुरक्षित जगह उपलब्ध करवाए. बरहीडीह और जिला परिषद बस पड़ाव क्षेत्र पहले से अतिक्रमित है. जहां कई दुकान पहले से स्थापित है. दूसरा उस क्षेत्र में जुआरियों और शराबियो का अड्डा रहता है. जहां अप्रिय घटना की संभावना बनी रहेगी. इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए सभी फुटपाथी दुकानदारों के लिए जगह उपलब्ध कराए जिससे वेलॉग अपना भरन पोषण कर सके.

---

## 50 हजार भक्तों ने किया भगवान नरसिंह का दर्शन

### दूर-दराज से भी दर्शन के लिए पहुंचे भक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** राज्य भर में प्रसिद्ध कटकमदाग के खपरियांवा स्थित नरसिंह मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान नरसिंह का दर्शन किया. श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात दो बजे से ही लगनी शुरू हो गई थी. अलसुबह चार बजे पट खुलते ही भगवान नरसिंह के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा. 400 साल से भी अधिक पुराने इस मंदिर में श्रद्धालुओं ने माथा टेका. कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित मेले की सोमवार को धूम रही. पूरे दिन पूजा का दौर चलता रहा. भगवान नरसिंह के दर्शन के लिए सुबह आठ बजे तक मंदिर प्रागंण से बाहर आधा किलोमीटर लंबी लाइन लग चुकी थी. वहीं, संध्या पांच बजे तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. पूजा और मेला को लेकर नरसिंह मंदिर पूजा समिति द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी. कई सामाजिक संगठनों के स्टाल भी मेला में लगाए गए थे. श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी का भोग महाप्रसाद के रूप में वितरण किया गया. वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच शिविर का आयोजन किया गया था. मेले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी. मान्यता है कि यहां आने वाले लोग लौटते समय गन्ना खरीद कर ले जाते है. इसकी बानगी मेले में भी दिखाई दी. जानकारी के मुताबिक, कार्तिक मेला में 50 हजार से अधिक गन्ना की बिक्री हुई. पूजन के बाद घर जाने वाले हर व्यक्ति के हाथ में एक गन्ना दिखाई दे रहा था. वहीं मनोरंजन को लेकर भी मेले में कई तरह की व्यवस्था की गई थी.

---

### रजरप्पा मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ी भीड़

## दामोदर-भैरवी नदी के संगम पर भक्तों ने पवित्र स्नान कर की पूजा





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 27 नवम्बर को रजरप्पा स्थित दामोदर भैरवी नदी के संगम पर श्रद्धालुओं ने अहले सुबह में पवित्र स्नान किया। हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर भगवान सूर्य को जल अर्पण किया। सुबह से ही रजरप्पा में देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र भैरवी और दामोदर नदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद रजरप्पा मंदिर में माता छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना कर मंदिर प्रांगन पर गरीबों में दान पुण्य किया। साथ ही पूजा अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। दामोदर नदी तट पर अहले सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रजरप्पा मंदिर के वरीय पूजारी लोकेश एवं छोटू पंडा ने बताया की माना जाता है कि भगवान विष्णु का प्रथम मतस्य अवतार आज ही हुआ था। पुराणों के मुताबिक, कार्तिक मास में दो दिवाली पड़ती हैं। अमावस्या के दिन मनुष्यों की और कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवताओं की होती है। इस कारण कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान और पूजा अर्चना करने वाले को अक्षय पुण्य और स्वस्थ जीवन की प्राप्ति होती है. वही कोयलांचल सहित चितरपुर के विभिन्न स्थानों में भी श्रद्धालु पहुंचकर स्नान ध्यान कर पूजन किया।

---

## बरकट्ठा : जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, 13 घायल

### बीते एक वर्ष से चल रहा था विवाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम माधोपुर और लोकिया गांव के सीमावर्ती पर जमीन विवाद को लेकर दो गांव के लोगों के बीच खूनी संघर्ष में तेरह लोग घायल हो गये। घायलों में संजीत यादव पिता नारायण यादव 16 वर्ष,सारो देवी पति जगू महतो 60 वर्ष,जसवा देवी, पति महावीर यादव 45 वर्ष, अम्बिका देवी पति कन्हाई यादव 60 वर्ष, चिन्ता देवी पति गोकुल यादव 35 वर्ष, प्रमिला देवी पति नारायण यादव 31 वर्ष, रामसागर यादव पिता महावीर यादव 26 वर्ष , केदार यादव पिता गुड्डा महतो 45 वर्ष सभी लोकिया निवासी कलावती देवी पति लाली यादव 65 वर्ष,गुलाब यादव पिता लाली यादव 25 वर्ष, प्रमोद यादव पिता छत्रु यादव 35 वर्ष, अरुण यादव पिता लाली 35 वर्ष, सुरेश यादव पिता छत्रु यादव 37 वर्ष सभी माधोपुर निवासी शामिल हैं। सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। वहीं सुरेश यादव को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। लोगों के मुताबिक लोकिया और माधोपुर गांव के सीमाने पर गैरमजरुआ भूमि को लेकर बीते एक वर्ष से विवाद चलता आ रहा है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

---

### सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार की मौत

**बरही ।** सोमवार की देर संध्या करीब 6 बजे एनएच 33 स्थित करसो के समीप एक सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार मृतक हजारीबाग सेंट्रल जेल में आरक्षी पद पर कार्यरत थे. वह सोमवार को बरही वन विभाग में पदस्थापित अपने संबंधी से मिलने आए थे. शाम को अपनी बुलेट संख्या जेएच 02एयू 0511 से हजारीबाग वापस जा रहे थे. इसी क्रम में एनएच 33 स्थित एचपी पेट्रोल पम्प के कुछ कदम पहले दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गए थे. जिसकी नजर सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह सहित स्थानीय ग्रामीणों की पड़ी. जिन्हे श्री चौहान के प्रयास से स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही बरही के वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह, फॉरेस्टर अमर कुमार, दीपक कुमार आदि सहित कई लोग अस्पताल पहुंचकर परिजनों को सूचित किया.

---

### सेक्सटॉर्शन गैंग का पर्दाफाश

## हजारीबाग से 3 नाबालिग व बरकट्ठा से 5 को दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले की पुलिस ने ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन के बड़े गैंग का पदार्फाश किया गया है। लोगों को जाल में फंसा कर साइबर अपराधी लाखों का चूना लगा रहे थे। साथ ही उन्हें अश्लील फोटो और सर्विस दिलाने के नाम पर फांसा जा रहा था। हजारीबाग मुफस्सिल क्षेत्र से तीन नाबालिग और बरकट्ठा की पुलिस ने पांच लड़कों समेत कुल आठ को अलग -अलग छापामारी करके पकड़ा है। उनके पास से एक लैपटॉप, 13 मोबाइल और 23 फर्जी सिम तथा कई आधार कार्ड जब्त किए गए हैं। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ करते हुए उनके घर में छापेमारी की तो दो से तीन लाख रुपए कई इलेक्ट्रॉनिक सामान भी बरामद किया है। उनके मोबाइल जब चेक किए गए तो कई अश्लील वीडियो और लोगों को ब्लैकमेल करने के चैट के भी प्रमाण मिले हैं। बरकट्ठा में छापामारी के क्रम में ग्राम मासीपीढ़ी से शंकर कुमार, सकलदेव प्रसाद और बसरिया से आलोक कुमार, रोहित कुमार और खैरा से कुलदीप प्रसाद को पकड़ा गया है। यहां हजारीबाग में मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सैक्सटॉर्शन गिरोह से जुड़े तीन नाबालिग को धर दबोचा है। मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेज दिया है। उधर बरकट्ठा पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों जिनमें सभी नवयुवक हैं को गिरफ्तार कर लिया है। उनपर एस्कॉर्ट सर्विस वेबसाइट के माध्यम से लोगों से ठगी करने के आरोप लगे हैं।

---

### राधा गोविंद विवि में मना एनसीसी दिवस

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। उत्सव की शुरूआत एनसीसी कैडेटों द्वारा केक काटकर की गई , इसके उपरांत कैडेटो ने देशभक्ति नृत्य और नाटक का प्रदर्शन किया । विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी . एन . साह ने एनसीसी कैडेटों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका देशभक्ति प्रदर्शन न केवल प्रभावशाली था बल्कि देश के प्रति सच्ची निष्ठा ,प्रेम भावना को जागृत करने वाला भी था । कुलपति प्रो .( डॉ. ) शुक्ला मोहंती ने एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने अपने संबोधन में एनसीसी कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी के युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देने में बहुत बड़ा योगदान है ।

### खुशखबरी : अब कोनरा पंचायत भवन से मिलेंगी सस्ती दवाईयां

**बरही ।** नियमित दवाओं का सेवन करने वालो के लिए यह खुशखबरी है. कोनरा पंचायत भवन स्थित प्रज्ञा केंद्र से सस्ती दवाइयां उपलब्ध करवाया जाना प्रारंभ किया जा चुका है. यह सेवा प्रारंब हो जाने से नियमित दवा सेवन करने वाले मरीज को विशेष लाभ मिलेगा. उन्हे उनकी दवा सस्ता और उनकेघर तक उपलब्ध कराए जायेंगे. इसके लिए मरीज को चिकित्सक का पुर्जा दिखाना अनिवार्य होगा. संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि सीएससी कीइस सेवा के तहत उनके केंद्र से आयुर्वेदिक, एलोपैथिक या होमियोपैथिक, विटामिंस सहित विभिन्न प्रकार की दवाइयां खरीदे जा सकते है. ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट, एनर्जी बूस्टर सेवन करने वाले मरीज कॉमन सर्विस सेंटर की इन सेवाओ का लाभ अवश्य ले. इसके साथ ही मरीज जेनेरिक दवाओं का भी लाभ ले सकते है. उनके केंद्र पर ऑनलाइन विशेषज्ञ चिकित्सको से सलाह भी उपलब्ध है।

---

**मानवता** | विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने किया कंबल वितरण कार्यक्रम का आगाज

# ‘निर्धन-असहायों के लिए समर्पित है फाउंडेशन’

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने चौपारण के पडरिया में सैकड़ों निर्धन और असहायों को कंबल देकर कंबल वितरण कार्यक्रम का आगाज किया. अध्यक्ष मंजीत यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम बरही विधानसभा के प्रत्येक पंचायत में किया जायेगा. उनका ट्रस्ट गरीब और असहाय परिवार के लिए समर्पित है. प्राथमिकता के साथ उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया है. सोमवार को दैहर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहरा के प्रांगण में प्रखंड संयोजक आशीष सिंह की अध्यक्षता में पड़रिया पंचायत अंतर्गत बनउ गांव में वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों असहायों को कंबल दिया गया. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि उनका ट्रस्ट गरीबों की आवश्यकताओं को समझाता है. निर्धन पर किसी भी प्रकार के अत्याचार के विरुद्ध संगठन मजबूती से आवाज उठाएगा. उन्होंने संपन्न लोगो से भी ट्रस्ट का सहयोग देकर निर्धन और असहयोग परिवार का सहारा बनने का अपील किया. कार्यक्रम में अध्यक्ष, संयोजक सहीत प्रमोद सिंह, पूर्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विकास यादव, समाजसेवी रघुनंदन गोप, हरी गुप्ता, कुणाल कटरियार, जमुना यादव, मनोहर यादव, शरीफुल हक, सुशील केसरी, मोहन प्रजापति, नरेश यादव, धर्मेंद्र यादव, चमेली देवी, सुकरी देवी, सुमंती देवी, मैंना देवी, कौशल्या देवी, ममता देवी, दिलीप पांडे, सुजीत सिंह, प्रभु भैया, उदय यादव समेत फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित थे.



# कार्तिक पूर्णिमा पर रामरेखा धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़



## श्रद्धालुओं ने गुफा के अंदर स्थित देवी-देवताओं के दर्शन व संतों के दर्शन किये



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला स्थित सुप्रसिद्ध रामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। मेले के दूसरे दिन कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रामरेखा धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बताते चलें कि रविवार को सांसद सुदर्शन भगत ने मेले का विधिवत उद्घाटन किया था। उद्घाटन के बाद से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रामरेखा धाम पहुंचने लगी थी। सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सभी श्रद्धालु लक्ष्मण कुंड में स्नान कर पूजन करने हेतु कतारबद्ध नजर आए।सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालु कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए, देर रात तक लोगों ने पूजा अर्चना की। रामरेखा स्थल में आने वाले श्रद्धालु पवित्र गुफा के अंदर रामरेखा बाबा की समाधि स्थल पर पूजा अर्चना करते है। इसके बाद मुख्य मंदिर की ओर बढ़ते हैं।मुख्य मंदिर में विधिवत तरीके से महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के दर्शन की व्यवस्था की गयी है। शांतिपूर्ण माहौल में श्रद्धालुओं ने गुफा के अंदर स्थित देवी-देवताओं के दर्शन व संतों के दर्शन किये।मेला में बनारस से साधु-संत पहुंचे हैं।मेला में मुख्य रूप से खेल-तमाशा, पूजन सामग्री, खेल-खिलौने, होटल के अलावे अन्य सामग्रियों से संबंधित दुकानें भी लगायी गयी हैं। मेला परिसर में विधि-व्यवस्था को बनाये रखने के लिए महिला व पुरुष बल तैनात किये गये हैं।वहीं प्रशासनिक पदाधिकारी भी मेला में अपनी ड्यूटी दे रहे हैं।भीड़ को संभालने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं हर चौक चौराहों पर मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि मेला के दौरान किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो। रामरेखा धाम में ऐसे कई प्रमाण हैं, जिससे यहां पुरातात्विक संरचनाओं का पता चलता है। यहां पर सीता चूल्हा, गुप्त गंगा, भगवान के चरण पादुका आज भी मौजूद हैं। वनवास के दौरान मयार्दा पुरुषोत्तम इसी रास्ते से होकर गए थे। रामरेखाधाम परिसर में प्रभु श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान के अलावा भगवान शंकर की प्रतिमाएं हैं। वैसे तो यहां पूजा के लिए हर दिन श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन कार्तिक मेले के समय में पूर्णिमा के मौके पर बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। झारखंड के अलावा ओड़िसा, बंगाल, छत्तीसगढ़ और बिहार से भी श्रद्धालु यहां दर्शन एवं पूजन के लिए आते हैं। वैसे तो हर दिन यहां पूजा करने श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन कार्तिक पूर्णिमा के समय में यहां लाखों की संख्या में भक्त आते हैं। हिंदुओं के अलावा अन्य समुदायों में भी रामरेखा धाम को लेकर आस्था देखी जाती है। इस अवसर पर यहां अन्य समुदाय के लोग भी पहुंचकर सुखी जीवन की कामना करते हैं। ग्रामीणों कहना है कि वे पूरे साल इस मेले का इंतजार करते हैं।

## एक नजर

### कोडरमा : अखंड हरि कीर्तन में श्रद्धालुओं ने लगाया गोता

**कोडरमा।** सदर प्रखंड के गरहाई दुर्गा मंडप में 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया. महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज, झामुमो नेता गोपाल यादव, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, जिप सदस्य महेंद्र यादव, जिप सदस्य लक्ष्मण यादव, मुखिया रमेश यादव, पूर्व मुखिया राजू यादव ने संयुक्त संयुक्त रूप से फीता काटकर धार्मिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस अवसर पर लरियाडीह, खरखरो, वृंदा, अनंतडीह, गरायडीह, बेहराडीह, नईटांड़, रति थमाई, ककुरिया थमाई, खैरीडीह, झरीटांड़, बसधरवा, बेलगड़हा, सियारीटांड़, सिंहपुर, बिछीपहरी आदि गांव के लोग मौजूद रहे. इस अवसर पर लारियाडीह पंचायत के मुखिया रमेश यादव ने महामंडलेश्वर सुखदेव दास महाराज को रामायण पुस्तक देकर सम्मानित किया.

### इंटर स्कूल क्रिकेट में सेक्रेड हार्ट ने ग्रिजली स्कूल को दी मात

**कोडरमा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूनामेंट में स्थानीय सीएच हाई स्कूल मैदान में सेक्रेड हार्ट स्कूल और ग्रिजली विद्यालय के बीच मैच हुआ. पहले बल्लेबाजी करते हुए सेक्रेड हार्ट स्कूल ने निर्धारित 35 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए. अपनी टीम के लिए सक्षम ने 60, अंकित ने 30, शिवम ने 26 और आशीष ने 23 रनों का योगदान दिया. वहीं गेंदबाजी करते हुए ग्रिजली विद्यालय की ओर से अभय ने तीन, प्रिंस ने दो, राज और कुमार आदित्य ने एक-एक विकेट लिए. जवाबी पारी खेलने उतरी ग्रिजली विद्यालय की पूरी टीम 34 ओवरों 192 रनों के स्कोर पर ही सिमट गई. विद्यालय की ओर से राज ने 34, अभय ने 26 और रामानुज ने 24 रनों का योगदान दिया. वहीं, गेंदबाजी करते हुए सेक्रेड हार्ट स्कूल की ओर से अमन ने चार और विशाल, सक्षम व शिवम ने एक-एक विकेट लिए. बेहतर खेल के लिए सेक्रेड हार्ट स्कूल के अमन को मैन ऑफ द मैच मिला.

## आज से हाई स्कूल मैदान में रास मेला शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में 28 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक राधा कृष्ण रास मेला की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक मेला को लेकर प्रखण्ड ही आस पास के पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्तिक पूर्णिमा की रात आयोजित इस मेले में सिर्फ झारखंड ही नही बल्कि पड़ोसी राज्य ओड़िशा,छत्तीसगढ़,पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों के लोग मेला देखने जलडेगा आते हैं। रास मेला समिति के उपाध्यक्ष सुभाष साहू ने बताया कि ऐतिहासिक मेले में हजारों की तादाद में लोग शामिल होते हैं वहीं मेले में मौत कुआं, बिजली झूला, ब्रेक डांस, बिजली नाव आदि झूले मनोरंजन के लिए तैयार हैं रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जबकि बंगाल के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में छउ नृत्य का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं मेला स्थल पूरी तरह से मिठाइयों की दुकान से सज चुका है। रास मेला समिति द्वारा मेला स्थल पर प्रत्येक तैयारियों पर नजर रखी जा रही है वहीं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जलडेगा थाना प्रभारी हीरालाल महतो पुलिस जवानों के साथ गश्त कर रहे हैं वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रत्येक बिंदुओं पर बारीकी से नजर बनाये हुए हैं।

### बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का डोमचांच ने जीता खिताब

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड के धरगांव वनपोक ग्रीन सदाबहार स्टेडियम में कोडरमा जिला कप नॉकआउट बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया. मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव एवं विशिष्ट अतिथि नवलशाही थाना प्रभारी, सम्मानित अतिथि पूणार्डीह मुखिया पप्पू यादव, फुलवारिया मुखिया संजय कुमार मेहता, उप मुखिया नारायण साव, मुखिया प्रतिनिधि विनय प्रसाद यादव, समाजसेवी राधेश्याम स्वर्णकार, पूर्व जिला परिषद उम्मीदवार भागीरथ सिंह आदि उपस्थित रहे. 50 मिनट के खेल के दौरान दोनों टीमों के शानदार प्रदर्शन के कारण मैच बराबरी पर रहा. पेनल्टी शूट आउट में डोमचांच ने दो गोल दाग कर फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया. रेफरी की भूमिका में नागेंद्र पांडे और लाइन मैन के रूप में दिवाकर यादव व गोविंद सिंह ने भूमिका निभाई कमेंट्री सोनू यादव व विनोद पंडित ने किया. मौके पर धनंजय यादव, रामकृष्ण मेहता, भारती मेहता, उदय तिवारी, सोनू यादव, बिरेंदर पांडे, सुजीत मेहता, प्रमांशु कुमार, झबू कुमार, श्याम सुंदर यादव, संजय तिवारी, सुनील यादव, महेश यादव इंदरवा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे.

## वरदान हॉस्पिटल का विधायक ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहर के खैरनटोली में वरदान नामक हॉस्पिटल का सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सिमडेगा को सेहतमंद रखना महागठबंधन सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि जिले में वरदान नामक निजी अस्पताल का खुलना जिलेवासियों के लिए राहत भरी खबर है। अस्पताल प्रबंधन आदिवासी बहुल हमारे जिले के गरीबों को कम खर्च पर बेहतर चिकित्सीय सुविधा बहाल करे। पैसे की कमी के कारण अस्पताल पहुंचने वाले गरीब मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधक ऐसी सुविधा बहाल करे कि लोगों को इलाज हेतु रांची, राउरकेला अथवा अन्य किसी भी दूसरे जिले में जाने की जरूरत न हो। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने अस्पताल प्रबंधक को बधाई दी। साथ ही स्वास्थ्य सिमडेगा सुखी सिमडेगा के सपने को सभी को मिलकर साकार बनाने की अपील की। मौके पर जिप सदस्य सामरोम पौल टोपनो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद,विधायक प्रतिनिधि सह पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी, पूर्व वार्ड पार्षद शशि गुड़िया, इम्तियाज हुसैन, सलमान, शिव केशरी, डा. विशाल कुजूर,कल्लू मिया आदि उपस्थित थे।

### टीनगिना स्कूल में प्रबंधन समिति सदस्यों को दी गई नई शिक्षा नीति की जानकारी

**जलडेगा।** सोमवार को हाई स्कूल टिनगिना में विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य और जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे लीड्स संस्था के कार्यकर्ता कुलदीप सुरीन ने प्रबंधन समिति के कार्य एवं दायित्व के बारे विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात को 100% लाने का लक्ष्य रखा गया है। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत शिक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद के 6% हिस्से के सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया है। 'मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय' का नाम परिवर्तित कर 'शिक्षा मंत्रालय' कर दिया गया है। पाँचवीं कक्षा तक की शिक्षा में मातृभाषा/स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया गया है। साथ ही मातृभाषा को कक्षा-8 और आगे की शिक्षा के लिये प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों को उनके जिम्मेवारी से अवगत कराया, बाल सांसद के बच्चों को उनके कार्यों को लेकर सजग किया गया। जनप्रतिनिधियों को समय समय पर स्कूल का निरीक्षण करते रहने को कहा गया। इसके साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुक्ति प्रकाश सोरेंग ने प्रबंधन समिति के सदस्यों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया साथ ही उन्होंने कहा कि इसी तरह विद्यालय तथा शिक्षकों की सहायता करते रहें जिससे कि विद्यालय अपनी कार्य सुचारू रूप से करते रहे। प्रशिक्षण में शिक्षक महाबीर मुंडा, अनिल किशोर कुल्लू सहित विद्यालय प्रबंधन समिति एवं बाल सांसद के सदस्य उपस्थित थे।

### सिमडेगा में मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के लिए झामुमो ने की बैठक

**सिमडेगा।** सोमवार को परिषदन भवन सिमडेगा में झामुमो की बैठक जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखंड में आगमन को ले कर तैयारियों के सम्बन्ध में विचार -विमर्श किया गया। बैठक के बाद झामुमो के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरिक्षण के लिए कोलेबिरा का दौरा किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव सफीक खान, जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, जिला उपाध्यक्ष ओस्कर डांग, ज़िला कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा, जिला संगठन सचिव बिपीन कुल्लू सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखण्ड के ग्राम सीकोरदा में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बालक-बालिका फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि तोरपा विधायक कोचे मुण्डा उपस्थित थे।गांव में उन्होंने भूमि पूजन कर देवी-देवताओं को याद किया।गांव आकर दुर-दराज से आए ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। इसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टोस कराकर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक कोचे मुंडा ने कहा आज खेल का महत्व बढ़ता जा रहा है। खेल के माध्यम से अपना जीवन सँवार सकते हैं।पढ़ाई के साथ साथ खेल अति आवश्यक है। उद्घाटन मैच बालक वर्ग में फाइनल मैच सोड़ा और कोनसोदे के बीच खेला गया।जिसमें सोड़ा की टीम 1-0 से विजयी रही,बालिका वर्ग में बांकी और बिरता के बीच खेला गया,जिसमें बांकी की टीम 2-0 से विजयी रही।बालक वर्ग के विजेता को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि और जर्सी सेट देकर सम्मानित किया गया एवं उपविजेता टीम को सांत्वना पुरस्कार और जर्सी सेट से पुरस्कृत किया गया । बालिका वर्ग के विजेता व उपविजेता खिलाड़यों को भी नगद एवं फुटबॉल देकर पुरूस्कृत किया गया।मैच को सफल बनाने में महेश सिंह, कुलपति सिंह, ललिता देवी, पूजा देवी, होलिका कुमारी, माला कुमारी, लीलावती देवी , सुरेंन्दर सिंह, गंगा सिंह, सुरेश सिंह, प्यारी देवी,शिशुपाल सिंह ,कमला देवी आदि लोग उपस्थित थे।




### एक बार फिर बानो को अनुमंडल बनाने की उठी रही मांग

**बानो।** बानो प्रखण्ड को अनुमंडल बनाने की मांग बानो वासी वर्षों से करती आ रही है। परंतु जनप्रतिनिधियों के अनदेखी के कारण कार्य नहीं हो सका। प्रखण्ड के विभिन्न राजनीतिक पार्टियों ने विभिन्न मंचो पर हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है परंतु इस पर कोई पहल नही हुई ।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिमडेगा आगमन को देखते हुए एक बार राजनीतिक पार्टियों में सुगबुगाहट होने लगी है।अब तक पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ,बाबूलाल मरांडी व वर्तमान मुख्यमंत्री को भी कई बार बानो को अनुमंडल व हुरदा को प्रखण्ड बनाने की बात रखी गई थी।ग्राम सभा बानो प्रखण्ड के 93 ग्राम सभा अध्यक्ष ने 2020 में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपकर बानो को अनुमंडल बनाने की मांग की थी पर उसपर अबतक कोई पहल नही हुई ।

## बानो में धनकटनी छोड़ महिलाओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने को लेकर रविवार को भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा गया।बानो प्रखंड के हुरदा मंडल अंतर्गत पोसोर गंझु टोली बूथ नम्बर 168 के गांवों में भाजपा जिला मंत्री शकुंतला देवी ने तो महिलाओं के साथ धनकटनी को रोक कर खेत में बैठकर ही मोबाइल पर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। मन की बात 107 वें संस्करण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया कि वोकल फॉर लोकल स्थानीय उत्पादों को खरीदने पर जोर दिए जाने के बाद दीपावली,भैया दूज और छठ महापर्व पर देश में चार लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ।इस दौरान भारत में बने उत्पादों को खरीदने का जबरजस्त उत्साह लोगों में देखा गया। राष्ट्र निर्माण में जब सबका साथ होता है तभी सबका विकास भी होता है। मुझे संतोष है कि संविधान निमार्ता के इस दूर दृष्टि का पालन करते हुए अब भारत की संसद नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास किया है प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में मुख्य रूप से हुरदा मंडल के प्रभारी शकुंतला देवी,नारायण सिंह, शालिक सिंह, प्रभात सिंह, आरती कुमारी, प्रतिमा कुमारी, कलावती देवी, सावित्री देवी, बीचों देवी, मीरा देवी लोग उपस्थित थे।



## आर्ट का जलवा

### सिमडेगा गांधी मैदान में गांधी शिल्प मेले का आयोजन

# 20 राज्यों के शिल्पकारों ने लगाया स्टॉल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** रविवार को शहरी क्षेत्र के गांधी मैदान में गांधी शिल्प मेला का उद्घाटन किया गया। मेले का उद्घाटन एलआरडीसी अरुणा कुमारी एवं डीएलओ रवि किशोर के द्वारा फीता काटकर किया गया। आयोजन समिति के निदेशक हितेश कुमार पाठक ने बताया कि मेले का आयोजन 26 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक किया गया है। बताया कि गांधी शिल्प मेला में पूरे भारत वर्ष के 15 से 20 राज्यों के हस्त शिल्पकारों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। जिसमें उत्तर प्रदेश मेरठ के खादी के कपड़े, पानीपत का पर्दा, किचन वैयर,कोलकाता हैंडलूम के कपड़े, बनारसी साड़ी,भागलपुर सूट, ड्रेस मैटेरियल, राजस्थानी अचार, उत्तर प्रदेश भदोई का कारपेट, डॉर्मेट,कालीन, लेडीज पर्स, लुधियाना कॉटन सॉक्स, ज्वाला खादी ग्रामोउद्योग की दवाईयां, खुर्जा की क्रॉकरी, ब्रांडेड पैंट सर्ट,बॉम्बे बाजार की लेडीज चप्पल, फिरोजाबाद कांच की चूड़ियाँ, जयपुर माउथ फ्रेशनर,बच्चों के लिए अनेक प्रकार के खिलौने, महिलाओ के लिए सौन्दर्य प्रसाधन के सामान आदि घरेलु उपयोग में आने वाले सामानों की खरीदारी एक ही छत के नीचे कर सकेंगे। बताया कि मेला सुबह 11 बजे से रात्रि 09 बजे तक खुला रहेगा।



## 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' से गूंज उठा स्कूल परिसर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** विविध संस्कृतियों और परंपराओं का उत्सव मनाने के लिए प्रसिद्ध ग्रिजली विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ गुरु नानक देव जी की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने गुरुनानक देव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया. मौके पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा कि ग्रिजली विद्यालय में इस प्रकार के उत्सवों का आयोजन किया जाता रहा है. इससे हमारे छात्रों के बीच एकता और सम्मान की भावना को बढ़ावा मिलता है. ग्रिजली विद्यालय ने गुरुनानक देव की जयंती का आयोजन अपने छात्रों के बीच सांस्कृतिक जागरूकता और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए किया. यह आपसी सम्मान और समझ के माहौल को बढ़ावा देने के लिए किया. उन्होंने गुरु नानक देव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिख धर्म में अंतर्निहित करुणा, समानता और निस्वार्थ सेवा के मूल सिद्धांतों को अपनाया गया है. उन्होंने गुरूनानक देव जी के बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया. वहीं उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि यह उत्सव ग्रिजली विद्यालय की न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. उन्होंने गुरु नानक देव जी की दी गई शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला. वहीं छात्र सौरव चौधरी ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत करते हुए गुरुनानक देव जी के जीवन को छात्रों के बीच रखा. वही कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र बने सिख समुदाय के वे छात्र जो पारम्परिक वेशभूषा में उपस्थित थे. उन्होंने मौके पर कई प्रस्तुति दी.



## एक नजर

### धोखाधड़ी कर अवैध रुप से ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर अवैध रुप से ठगी करने के मामले में सूरज कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित के पास से एक मोबाईल फोन बरामद किया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सूरज कुमार लोगों को कई तरीके से बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी कर अवैध रूप से ठगी कर आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा है। सूचना के बाद एक छापेमारी टीम का गठन किया। छापेमारी टीम ने सूरज के वृदांवन नगर स्थित घर पर पहुंची और उसे गिरफ्तार किया। घर की तलाशी लेने पर इनके पॉकेट से मोबाईल एवं घर से जाली कागजात बरामद हुआ जिसकी जांच में पाया गया है कि इनके मोबाईल में धोखाधड़ी करने से संबंधित बहुत सारे एप्स एवं वॉइस रिकॉर्डिंग पाया गया। इसमें वॉइस रिकॉर्डिंग से जांच में प्रतीत हुआ कि आरोपित की ओर से किसी व्यक्ति को अपने आप को धनी लोन, ऐप प्रतिनिधि के रूप में बतलाते हुए ठगने का प्रयास किया गया है।

### सड़क हादसे के शिकार दंपती व बच्चे की अंत्येष्टि में पहुंचे पूर्व विधायक राम

**चंदवा।** चंदवा के अनगढ़ा गांव निवासी बंधन गंझू के पुत्र-पुत्रवधु और पौत्र के अंत्येष्टि कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रकाश राम उनके पैतृक आवास अनगड़ा गांव पहुंचे। अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात प्रकाश राम ने पीड़ित से कहा कि वे श्रद्धाकर्म के अलावा मुआवजा संबंधित सभी चीजों में उनकी मदद करेंगे। बता दें कि रविवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बंधन गंझू के पुत्र विजय गंझू, पुत्रवधु देवंती देवी और पौत्र आयशा गंझू की मौत हो गयी थी। इसके बाद से पूरे गांव में कोहराम मच गया था। अंत्येष्टि कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रकाश राम के अलावा राजकुमार पाठक, भोक्ता समाज के योगेंद्र गंझू, सोमनाथ गंझू, दीपू गंझू, प्रयाग गंझू, महरंग गंझू, महेश गंझू समेत बड़ी संख्य में लोग मौजूद थे।

### गुमला में सीआरपीएफ जवान ने खुद को मार ली गोली, मौत

**गुमला।** जिले के सिलम स्थित 218 सीआरपीएफ कैंप में एक जवान ने खुद को गोली मार ली. यह घटना सोमवार की देर शाम हुई. घटना के बाद उसकी मौत हो गई है. मृत जवान हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था और उसका नाम संजय कुमार है. घटना के बाद गुमला के एसपी हरविंदर सिंह, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी सीआरपीएफ कैंप पहुंचे. हालांकि घटना की वजह अबतक सामने नहीं आयी है. जवान ने बीते 20 नवंबर को ही 15 दिन की छुट्टी के बाद ड्यूटी ज्वाइन किया था. उसकी मां की तबीयत खराब रहती है, जिसे लेकर वह छुट्टी पर था और छुट्टी समाप्त कर वापस ड्यूटी पर आया था. सोमवार की शाम 3 सदस्य डॉक्टरों की टीम के द्वारा जवान का पोस्टमार्टम किया गया. वहीं पूरी घटना की जानकारी जवान के परिजनों को दी गई है।

# हाई कोर्ट से एसपी ने लड़के के डीएनए रिपोर्ट प्रस्तुत करने का मांगा समय




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की क्रिमिनल अपील मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने शपथ पत्र दाखिल किया है। एसपी आलम ने हाई कोर्ट से समय देने का आग्रह करते हुए कहा है कि डीएनए टेस्ट लंबी प्रक्रिया है, जिसमें लगभग 30 दिन का समय लगता है। ऐसे में इस मामले में डीएनए रिपोर्ट दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाए। इस मामले की सुनवाई 28 नवंबर को जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में होने को लेकर सूचीबद्ध है। खंडपीठ ने पिछले सुनवाई में दो गुमशुदा बच्चों में से बरामद किए गए एक बच्चे के डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट डायरेक्टर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री, रांची से मांगी थी। कोर्ट ने मामले में डायरेक्टर, फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, रांची की ओर से नोटिस जारी किया था। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि गुमशुदा बच्चों में से एक लड़के का पता लगा लिया गया है, लेकिन उसके पिता और अन्य रिश्तेदारों से उसकी पहचान को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है, इसलिए, सरकार ने पिता और लड़के का नमूना लेकर डीएनए टेस्ट के लिए फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला रांची भेज दिया गया है। अब डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मामले में प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाल और दीपक साहू ने पैरवी की थी। कुलदेव साह और वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में परिवाद दर्ज करवाया है।

### चटुआग में कचरा खाने से 7 मवेशियों की मौत

**बारियातु।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत चटुआग ग्राम में सात मवेशियों की रविवार शाम कचरा खाने से मौत हो गई, जबकि लगभग आधा दर्जन पशु बीमार हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही सोमवार सुबह बारियातु अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, अंचल निरीक्षक अनिल होरो व प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे घटना स्थल पर पहुंचे। डॉ सुशिला बागे ने अपने सहकर्मी संजय कुमार राणा व राजू गुप्ता के सहयोग से मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कर जांच हेतु लातेहार भेज दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी तक पशुओं के मरने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट होगा। अंचलाधिकारी नंदकुमार राम एवं अंचल निरीक्षक अनिल होरो ने भी यही बात कही, जबकि ग्रामीणों ने बताया कि उस क्षेत्र में बालूमाथ से लाकर कचरा फेंका जाता है।

# ठहाका में हंस लेना शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक : डॉ. सुशील अंकन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छात्र क्लब बाल गोपाल मंच के वरीय संरक्षक सह रंगकर्मी गौरीशंकर शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को विवेकानंद कॉलोनी स्थित किशनी विला में कलाकारों का सम्मान सह ठहाका मिलन समारोह कार्यक्रम हुआ। मौके पर ठहाका मिलन रांची रंग मंच हास्य कला सम्मान समारोह कार्यक्रम में डॉ. सुशील अंकन ने कहा कि इस ठहाका मिलन से सबसे बड़ा लाभ, रंगकर्मियों में पारिवारिक स्नेह और परस्पर सांगठनिक सहयोग के भाव का उदय हुआ। अलग-अलग रंग संस्थाओं के कलाकारों में जो भी गिले शिकवे सामान्यतः होते हैं उसमें भारी कमी आई। एक दूसरे रंगकर्मियों को नजदीक से समझने का अवसर मिला। इन सभी फायदों के साथ घंटे दो घंटे साथ मिल कर हंस लेने से कई शारीरिक स्वास्थ लाभ के साथ साथ मनोवृत्तियां भी भावात्मक रूप से परिवर्तित हुईं। अब ठहाका मिलन अत्यंत लोकप्रिय कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने बताया कि ठहाका मिलन का उद्देश्य विभिन्न नाट्य दलों के कलाकारों के बीच आपसी समन्वय के साथ रंगमंच के विकास के लिए सामूहिक प्रयास करना है एवं भावी योजनाओं से एक दूसरे को परिचित कराना भी इस कार्यक्रम का हिस्सा है।

### आचरण की महत्ता को प्रमुखता के साथ प्रदान करने वाले ही आचार्य कहे जाते हैं : वीरेंद्र

**रांची।** वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन की ओर से चलने वाला प्रतिभा विकास केन्द्र के आचार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रांची स्थित विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यालय में सोमवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित करते हुए बनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के केंद्रीय सह प्रमुख वीरेंद्र कौडिनिआ ने कहा कि कार्यकर्ताओं में मन पर नियंत्रण और मजबूत ध्येय हो तो विपरीत परिस्थिति में भी हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आचरण की महत्ता को प्रमुखता के साथ प्रदान करने वाले ही आचार्य कहे जाते हैं। इस अवसर पर फाउंडेशन के केंद्रीय सह प्रमुख धनंजय कुमार ने कहा कि प्रतिभा विकास केंद्र का लक्ष्य शिक्षा, संस्कार व स्वावलंबन से है। प्रत्येक केंद्र में चौथी, पांचवीं एवं छठी कक्षा स्तर के 20 से 30 बच्चों को उनके सर्वांगीण विकास के निमित्त अध्ययन की व्यवस्था की जाएगी। समापन सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है।

### मगध आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में हर महीने सीएमडी का दौरा, बावजूद

# नहीं निकल रहा है क्षेत्र के रैयतों ग्रामीणों की समस्याओं का हल

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

जिस कोल परियोजना क्षेत्र में प्रत्येक महीने व पखवाड़े सीसीएल के सीएमडी का दौरा होता है। वहीं के रैयत व ग्रामीण बदहाल हैं। क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा व अस्पताल की व्यवस्था नहीं हो पाई है। दस वर्ष बाद भी सीसीएल कोयला ढुलाई के लिए सड़क भी नहीं बना पाई। इन दस वर्षो में एक रैयत को भी पुनर्स्थापित नहीं किया जा सका। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सीसीएल सीएमडी को ऐसे मुद्दे दिखते नहीं हैं या फिर प्रबंधन अधिकारियों द्वारा दिखाए नहीं जाते? हम बात कर रहे हैं एशिया की सबसे बड़ी मगध अम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र की जहां पर सीसीएल के प्रबंध निदेशक प्रत्येक पखवाड़े दौरा कर परियोजना क्षेत्र का स्वयं जानकारी लेते हैं। इसके बावजूद परियोजना क्षेत्र के विस्थापित रैयत ग्रामीण एवं क्षेत्र की स्थिति बदहाल है। मगध कोल परियोजना की नींव मासीलौंग गांव से रखी गई थी, जहां से दो दर्जन से अधिक आदिवासी परिवारों का घर द्वार उजाड़ दिया गया और कोयले का उत्खनन कर गांव में पहाड़ व गहरे तालाब बना दिया गया। उस वक्त प्रबंधन ने लोगों को नई मासीलौंग बसाने का सपना दिखाया था। लेकिन आज गांव के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। जो आदिवासी परिवार मिट्टी के घर में खुशहाल रहते थे वे आज एक कमरे में सिसकने को मजबूर हैं। प्रबंधन कुंडी देवलगड़ा पेच को सुलझा नहीं पाई है देवलगड़ा में महीनों से कार्य ठप हैं। कुंडी गांव को पुनर्स्थापित नहीं करा सकी है सीसीएल। अधिकारी विस्थापितों के लिए जमीन नहीं ढूंढ पाए हैं।



वहीं 10 वर्ष बीतने के बाद भी आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के मानवा टोंगरी के दो दर्जन दलित परिवारों को पुनर्स्थापित करने में नाकाम रहा है प्रबंधन। प्रबंधन इन दलित परिवारों को घर द्वार छोड़कर भागने पर मजबूर कर दिया है। घर के चारों तरफ से कोयला का उत्खनन किया जा रहा है।

# एनएमओपीएस /झारोटेफ का जिला सम्मेलन 3 दिसम्बर को रांची में



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला संयोजक मोहम्मद कयामुद्दीन खान की अध्यक्षता में रांची जिला कार्यकारिणी की बैठक योजित हुई जिसका संचालन रांची जिला कोषाध्यक्ष तपेश्वर महतो ने किया । प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू , प्रांतीय संगठन सचिव सह निवार्ची पदाधिकारी रांची जोन सुनील नायक, प्रांतीय सोशल मीडिया प्रभारी उपेंद्र सिंह, रांची जोन समन्वयक मिथिलेश कुमार सहाय, रांची जिला संयोजक मोहम्मद क्यामुद्दीन खान, रांची जिला कोषाध्यक्ष तपेश्वर महतो, रांची जिला मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ शंकर सिन्हा, रांची जिला प्रभारी ज्ञानचंद्र साहू, रांची जिला सह- संयोजक लाल रंजीत नाथ शाहदेव, ओरमांझी प्रखंड संयोजक इमाम उल हक, अनगड़ा प्रखंड संयोजक मनीषा एक्का, बेड़ो प्रखंड संयोजक शंकर लकड़ा , लापुंग कोषाध्यक्ष जीवेश्वर साय जी, मांडर प्रखंड कोषाध्यक्ष जूलियट कुजूर, चान्हो प्रखंड संयोजक निलम जायसवाल, लापुंग प्रखंड प्रभारी उत्तम मंडल तथा विभिन्न प्रखंडों के दर्जनों की संख्या में सदस्य बैठक में उपस्थित हुए। बैठक का स्वरूप एवं कार्यक्रम चान्हो प्रखंड संयोजक जीवरा उरांव ने बैठक में रखा बैठक में मुख्य एजेंडा एनएमओपीएस /झारोटेफ जिला सम्मेलन -सह पुनर्गठन कार्यक्रम कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यों की जिम्मेवारियों का आवंटन किया गया । सभी ने कार्यक्रम को बेहतरीन बनाने के लिए संकल्प लिया तथा किसी भी प्रकार की जिम्मेवारी मिलने पर उसे पूर्ण करने का संकल्प भी दोहराया।

# चोरी के वायर लदे वाहन को आक्रोशित ग्रामीणों ने फूंका




**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुदूरवर्ती बरवाटोली पंचायत के मड़मा गांव के समीप स्क्रैप माफियाओं की ओर से चोरी का लोहा वायर लोड वाहन को ले जाने से रोकने पर फायरिंग किये जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने स्क्रैप लोड पिकअप वाहन को आग के हवाले कर दिया। सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम भी घटना स्थल पहुंचकर पूरे मामले की जांच की व अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी है। घटना के संबंध में नाम नहीं छापने के शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि विगत काफी दिनों से मड़मा, बेतर, रूद, बेलंगा आदि क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्क्रैप माफिया सक्रिय हैं। रात भर अवैध रूप से तार व लोहे की कटिंग कर माफिया ले जाकर बेच रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विरोध करने पर स्क्रैप माफिया के लोग मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं। बेवजह परेशानी स्थानीय ग्रामीणों को भुगतनी पड़ रही है। शनिवार की रात भी स्क्रैप माफियाओं ने बड़ी मात्रा में बिजली का तार कटिंग कर जमा किया था, जिसे उक्त पिकअप पर लोड कर ले जा रहे थे। एक बाइक चालक आगे-आगे उसकी रेकी कर रहा था। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका रास्ता रोकने की कोशिश की तो वे लोग मड़मा की ओर से भागने की कोशिश करने लगे।

### गैस वितरक ने की ई-केवाईसी कराने की लोगों से अपील

**बारियातु।** प्रिंस भारत गैस रसोई गैस ग्रामीण वितरक मुंसी साव ने गैस उपभोक्ताओ को ई-केवाईसी करवाने की अपील की। वहीं बताया कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अब बायोमेट्रिक के साथ ई-केवाईसी करना अनिवार्य होगा। ई-केवाईसी नहीं करने पर केंद्र सरकार से मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाएगी। गैस एजेंसी ने यह प्रकिया शुरू कर दी है। वितरक ने बताया कि ई-केवाईसी करने के लिए ग्राहकों को आधार नंबर या एलपीजी आईडी या गैस कलेक्शन में निबंधित मोबाइल नंबर में से कोई एक चीज होना जरूरी है। उक्त दस्तावेज से ही ई-केवाईसी पूरा हो पायेगा। उक्त तीनों में कोई एक जानकरी भरने के बाद उपभोक्ता के नाम आवासीय पता, लिंग, जन्मतिथि, आधार नंबर पोर्टल में दिखना शुरू हो जायेगा।

# बड़ी कंपनियों की क्लोन वेबसाइट बना करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बड़ी कंपनियों का क्लोन वेबसाइट और चेक तैयार कर करोड़ों की ठगी करने वाला एक इंटरस्टेट गिरोह पकड़ा गया है. इंटरस्टेट गिरोह का नेटवर्क झारखंड के पलामू से जुड़ा है. दरअसल, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को पलामू के मेदिनीनगर में छापेमारी कर गिरोह से जुड़े एक सदस्य रौशन मेहता को गिरफ्तार किया है. पूरे गिरोह का संचालन दिल्ली से हो रहा है जिसका नेटवर्क पलामू में भी मौजूद था.

गिरफ्तार आरोपी रौशन मेहता पलामू के दो अलग अलग इलाको में कंपनी का संचालन करता है. इसी कंपनी के माध्यम से रौशन मेहता के खाते में 1.55 करोड़ रुपए की राशि पहुंची. इस पैसे को एक क्लोन वेबसाइट और क्लोन चेक के माध्यम से ठगी की गई थी. दिल्ली पुलिस ने आरोपी रौशन मेहता को मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के हमीदगंज के इलाके से गिरफ्तार किया है. रौशन मेहता पलामू के लेस्लीगंज का रहने वाला है और दसवीं तक की पढ़ाई की है.रौशन मेदिनीनगर के दो अलग-अलग इलाकों में प्राइवेट कंपनी का संचालन करता है. एक कंपनी फाइनेंस के क्षेत्र में जबकि दूसरी कंपनी नेटवर्किंग के क्षेत्र में काम करती है. गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली पुलिस ने रौशन को पलामू सीजेएम कोर्ट में प्रस्तुत किया है और ट्रांजिट रिमांड मांगा. दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि मामला करोड़ों के लेनदेन से जुड़ा हुआ है. पूरे मामले में दिल्ली पुलिस के टॉप अधिकारी खुलासा करेंगे. दिल्ली पुलिस के अनुसार एक इंटरस्टेट गिरोह है जो बड़ी कंपनियों का क्लोन और फर्जी वेबसाइट तैयार करता है और लोगों को ठगता है. पलामू में भी रौशन के अलावा कई सदस्य हैं. कुछ दिनों पहले पलामू पुलिस ने नकली नोट से जुड़े हुए गिरोह को पकड़ा था. इस गिरोह में शामिल एक आरोपी भी इस गिरोह से जुड़ा हुआ है. रौशन से पूछताछ के बाद दिल्ली पुलिस कई खुलासा करेगी।

### घरों-दुकानों में घुस रहे नहरी पानी की रोकथाम की पहल, लोगों के बीच हर्ष

**डंडई।** करीये जरही स्टैंड के ग्रामीणों के घर में घुस रहे नहर के पानी की रोकथाम को लेकर पहल की गई है। रायपुर की कंपनी एजीआईपीएल के प्रतिनिधि रमाकांत पांडेय की उपस्थिति में सोमवार को उक्त स्थल पर व्हिम पाइप कलवर्ट निर्माण कार्य को लेकर गड्ढा खोदना शुरू कर दिया गया गया। पानी की निकासी को लेकर निर्माण कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। उनका कहना है कि संवेदक द्वारा यही कार्य और पहले कर दिया गया होता तो हम सभी के घरों में नहर का पानी प्रवेश नहीं करता। घरों व दुकानों में पानी घुसने से हम लोग खासे परेशान हो गए। पानी की वजह से उन्हें अपनी-अपनी दुकान को भी बंद रखना पड़ गया। उधर, कंपनी के प्रतिनिधि रमाकांत पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों की समस्या हमारा कोई संबंध नहीं है। उक्त कार्य हमारा प्राक्कलन में सन्निहित नहीं है। बावजूद ग्रामीणों की समस्या को अपनी समस्या समझते हुए हम सभी को उक्त कार्य करना पड़ा।

# आपके द्वार कार्यक्रम से अंतिम पंक्ति के लोगों को भी मिलेगा लाभ

### मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी जोरों पर, मंत्री ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, दिये जरूरी निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 30 नवंबर को गढ़वा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी काफी जोर से चल रही है। इस निमित गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने का मंत्र दिया। इस संबंध में मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



ठाकुर ने कहा के जिले की सभी 189 पंचायतों से काफी संख्या में कार्यकर्ता, आसपास के क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजनों को शामिल किया जाना है। साथ ही महागठबंधन के सभी दलों के नेता एवं कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा झारखंड सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना से राज्य के अंतिम पंक्ति के लोगों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने अधिकार के लिए उचित स्थान तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसी स्थिति में दबे, कुचले, वंचित एवं पिछड़े सभी वर्गों के लोगों को उनका हक एवं अधिकार उन्हें पूरी तरह से मिल सके, सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी उन्हें हो इसके लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ठाकुर ने कहा के मुख्यमंत्री ने काफी दूरदर्शी सोच के साथ इस योजना को शुरू किया है। इसका लाभ लोगों को मिल भी रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, आमजनों एवं महागठबंधन के सभी दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से सीएम के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

बैठक में मुख्य रूप से भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, नसीम अख्तर, कंचन साहू, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, राजकिशोर यादव, अरविंद यादव, करीब अंसारी, चंदा देवी, अंतु दास, चंदन पासवान, नीरज तिवारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आजादी के 75 वर्ष बाद भी पगडंडियों से आवागमन करने को मजबूर कांटी टोला के लोग

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड में एक ऐसा गांव आज भी है जहां आजादी के पचहत्तर वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्रामीण पगडंडियों से आवागमन करने को मजबूर हैं। कच्ची सड़क बनने का आस लगाए बैठे हैं। जबकि अन्य मूलभूत समस्याओं से निजात पाना तो मुंगेरी लाल के हसिन सपने देखने के बराबर है। मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के पंदनी पंचायत अंतर्गत काटीं गांव में लगभग बीस घर अनुसूचित जाति एवं पांच घर ओबीसी जाती के लगभग डेढ सौ लोग निवास करते हैं। जहां मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो या फिर अन्य कोई समस्याएं ग्रामीणों के लिए प्राप्त करना टेढ़ी खीर है। आजादी के बाद से यहां के ग्रामीण सोते-जागते पक्की सड़क की आस लगाए बैठे हैं। लेकिन उन्हें आज तक कच्ची सड़क नसीब नहीं हुई है। खैरामोड से मनहरी तक प्रधानमंत्री योजना के तहत सड़क निर्मित है।

# श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के 62 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन कटे

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं की खैर नहीं। विभाग के अधिकारियों ने बिजली बिल बकाया रखने वालों के विरुद्ध कारवाई भी प्रारंभ कर दी है। बिजली विभाग ने बकाया बिल रखने वाले अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में 62 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बंद करते हुए कारवाई की है। इस मामले में विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने बताया कि जिनका बिजली बिल 5000 से अधिक है वह बिजली का बिल का भुगतान कर दें। बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं को 15 दिवसीय नोटिस दिया गया था। तय समय सीमा में बिजली बिल का भुगतान नहीं किया गया। उसके उपरांत चेकिंग अभियान में उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा गया है। उन्होंने



कहा कि जिस बिजली उपभोक्ता पांच हजार रुपये से अधिक बिजली बिल का बकाया है और वह बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन डिस्कनेक्ट कर दिया जाएगा और बिना बिजली कनेक्शन का जो भी उपभोक्ता बिजली का उपयोग कर रहे हैं वह अपना बिजली कनेक्शन करा लें नहीं तो पकड़े जाने पर बिजली विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

# मौसम का मिजाज बदला

***मौसम*** का मिजाज बदल रहा है। इस ठंड से जहां एक ओर कुछ लोगों को कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला है। लेकिन गरीबों के लिए यह मौसम ठीक नहीं है। हालांकि ठंड चरम पर नहीं है। बावजूद इसके बढ़ने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। ऐसे समय में सरकार की जवाबदेही बढ़ जाती है। अभी से ही इसकी तैयारी जरूरी है। हालांकि कुछ स्वंयसेवी संगठन गरीबों को कंबल बांटते देखे जा रहे हैं। ठंड में अलाव गरीबों के लिए बड़ा सहारा है। इसे अविलंब चालू किया जाना चाहिए। कारण ठंड से बचने का यह अच्छा साधन है। शहर के प्रत्येक चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए अभी से तैयारी जरूरी है। चंद दिनों में ठंड बढ़ने की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति में बचाव ही इसका उपाय है। इसके लिए निकट के अस्पतालों में व्यवस्था होनी चाहिए। ठंड के मौसम में सड़क हादसों की संख्या बढ़ जाती है। इसकी वजह ठंड का होना होता है। धुंध के कारण घटित सड़क हादसों में असमय कई लोगों की जानें चली जाती हैं। लंबी दूरी का सफर तय करने से पहले इस बात का ध्यान रखना जरूरी है। सड़क पर या ट्रेनों में सफर करते समय खास जरूरत है। अत्यधिक कोहरा हो जाने के बाद ट्रेन के समय में परिवर्तन आम बात है। यात्रा करते समय इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। इस स्थिति से निपटने के उपाय समय रहते कर लेनी चाहिए। ठंड में कुछ घरेलू इलाज आवश्यक है। शहद और नींबू की चाय,अदरक,भांप लेना,हल्दी दूध का सेवन फायदेमंद होते हैं। खासकर अस्थमा मरीजों का इन बातों का ध्यान रखना आवश्क है। कारण ऐसे बीमार मरीजों को यह मौसम उपयुक्त नहीं होते हैं। एक स्वस्थ्य आदमी को भी ठंड में बच कर रहने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति पहले की तरह नहीं है। जंगल कट जाने के कारण गरीबों का पालनहार आग अब पहले की तरह नहीं जलते हैं। लकड़ी की कमी होने की वजह से लोग धूप निकलने का इंतजार करते हैं। इस मौसम में भोजन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। खाने में गर्म मसालों को शामिल किया जाना लाभकारी होता है। सर्दी जुकाम और फ्लू हो जाने पर पैरासिटामोल लेना चाहिए। अगर कोई बाहर जा रहा है तो उन्हें इन बातों का ध्यान रखना चाहिए। बीमारी अगर ठीक नहीं हो रही हो तो अविलंब डाक्टर से संपर्क जरूरी है। कुल मिलाकर शरीर को गर्म रखना जरूरी है। ठंड के मौसम में क्या करें और क्या नहीं इस बात का संज्ञान होना चाहिए। ऐसा करने से जहां एक ओर ठंड से बचा जा सकता है,वहीं शरीर की सुरक्षा की जा सकती है। बहरहाल इन तमाम बातों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होता है। यह इस लिए जरूरी है कि शरीर को स्वस्थ्य रखना सबसे बड़ा धन है। बाकी सब बेकार है। अगर शरीर स्वस्थ्य नहीं है तो बाकी के चीज सभी बेकार हैं। इसलिए मौसम ने अपना मिजाज बदल दिया है। सावधानी जरूरी है।

**शहर के प्रत्येक चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए अभी से तैयारी जरूरी है। चंद दिनों में ठंड बढ़ने की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति में बचाव ही इसका उपाय है। इसके लिए निकट के अस्पतालों में व्यवस्था होनी चाहिए। ठंड के मौसम में सड़क हादसों की संख्या बढ़ जाती है। इसकी वजह ठंड का होना होता है।**

# कुटुंब प्रबोधन का प्रेरक श्रीराम परिवार



***राम***चरितमानस एक ओर राम का जीवन चरित्र व मनुष्य जाति के अनुभवों का उत्कट निचोड़ है तो दूसरी ओर यह 'नाना पुराण निगमागम सम्मतं यद्' होकर सनातन धर्म के सभी मानक ग्रंथों के अर्क स्वरूप भी है, जिसे मानस के अंत में 'छहों शास्त्र सब ग्रन्थन को रस' कह कर दोबारा पुष्ट कर दिया गया है। मनुष्य से पुरुषोत्तम बनकर यानी मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ने की यात्रा के पथ प्रदर्शक श्रीराम हैं। अपने भीतर छुपी संभावना और सुख-शांति की अभीप्सा को पूरा कर सकने की आकांक्षा के बीच, रामचरितमानस में राम इस मार्ग का संकेत हैं कि मनुष्य के स्वरूप को चरितार्थ करने और उससे ऊपर उठने और अपने भीतर निहित संभावनाओं को साकार करने का कोई लघुमार्ग (शॉर्टकट) नहीं हैं। पारिवारिक, सामाजिक और लौकिक जीवन के कर्तव्य परायणता में राम ने अपने आचरण और व्यवहार से जो मानक स्थापित किये, उन मानकों में यह संभावना हमेशा निहित रही कि व्यक्ति का व्यवहार, परिस्थिति के अनुसार भले बदलता रहे, लेकिन उसका अंतरंग स्थिर रहे। मानव उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करे जो शाश्वत हो, जो मनुष्य और समाज के लिए हमेशा उपयोगी और ऊंचा उठाने वाले हों। उदाहरण के लिए परिवार को ही लें, राम में परिवार के अनुशासन, सबके प्रति विश्वास, एक-दूसरे के सुखों और इच्छाओं का निर्वाह और उनके लिए त्याग की भावना का महत्व रहा है। इन मूल्यों का निर्वाह रामचरित के हर प्रसंग में होता दिखाई देता है। क्षण भर में राजमुकुट धारण कर राजा राम बनने वाले वनवासी राम बनने हेतु बल्कल वस्त्र पहन लेते हैं और पिता के वचनों एवं माता कैकेयी के प्राप्त वरदान हेतु वन जाने हेतु निकल जाते हैं। व्यक्तिगत जीवन में राम ने एक ओर मर्यादाओं की प्रतिष्ठा की तो दूसरी ओर उन्होंने जहां जरूरी समझा, वहां मान्यताओं में दखल भी दिया। शूर्पणखा का अंग-भंग, अहिल्या को पुर्नजीवन और प्रतिष्ठा, एक पत्नीव्रत, बाली उद्धार, शबरी उद्धार, विभीषण को लंका का राज दे देना आदि कई प्रसंग हैं, जिनमें वह परंपरा से हटकर काम करते हैं। यह सब करते हुए वह धर्म-मर्यादा की स्थापना ही कर रहे होते हैं क्योंकि मर्यादा की स्थापना ही धर्म की शाश्वतता को बनाये रखती है। यदि यज्ञाग्नि भी मर्यादा का उल्लंघन करे तो उसे जल के द्वारा नियंत्रित करने का विधान धर्म का ही है। यदि इन कामों को पारिवारिक और सांस्थानिक रचनाओं के भरोसे छोड़ा जाता तो संभवतः पंचायतें, न्यायालय, दंडाधिकारी और समितियों को उन नतीजों पर पहुंचने में वर्षों लग जाते और न्याय की प्रक्रिया संपन्न होते-होते वह अर्थहीन व अनुपयोगी हो जाते। टूटते संयुक्त परिवारों का सहाराः इन दिनों परिवार का ढांचा बदल रहा है, संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। कई जगह तो नौकरी के कारण पति-पत्नी और बच्चों के लिए भी अलग तरह से सोचना और व्यवस्था बनानी पड़ रही है। ऐसे में जब कि ज्ञान परम्परा का एक पीढ़ी से दूसरी में प्रवाह बाधित हो गया है तो राम का चरित्र, मूल्य, व्यवहार और आदर्शों की यशोगाथा को समेटे श्री रामचरितमानस/रामायण जीवन का संविधान बन सकता है। यह मान्यता भारत में त्रेतायुग में ही प्रभु राम के जीवन से स्थापित हो चुकी थी। राम परिवार के आदर्श-स्नेह, सहयोग, सद्भाव और विश्वास को आधार बनाकर आपसी संबंधों, कर्तव्यों और दायित्वों को समझा और निबाहा जा सकता है। जब राम, लक्ष्मण और सीता वनवास संपन्न कर अयोध्याजी वापस आते हैं तो माता कौशल्या ने मिलते ही सबसे पहले लक्ष्मण से आकुल होकर पूछा कि मुझे दिखाओ तुम्हें शक्ति कहां लगी थी, पुत्र तुम्हें कितनी वेदना से गुजरना पड़ा ! लक्ष्मण जी ने इसका उत्तर दिया, 'वेदना राघवेन्द्रस्य केवलं व्रणिनो वयम' (वाल्मीकि रामायण) अर्थात हमें तो केवल घाव हुआ था, वेदना तो बड़े भाई राम को हुई थी। बस यही राम का सार है की सभी एक-दूसरे के भाव, प्रेम, हर्ष और विषाद में एकरस हो जाएं। राम जी के छोटे भाई भरत जी का चरित्र तो ऐसा है की कहीं-कहीं उनकी श्रद्धा, समर्पण और मर्यादा रूपी हिमालय के आगे रामजी लघु प्रतीत होते हैं। भाई की चरण पादुका से राज चलाना और स्वयं नंदीग्राम में भूमि पर सोना और पर्णकुटी में रहना। राम जी अपने भाई भरत को राजधर्म की सीख देते हुए कहते हैं की, 'मुखिआ मुखु सो चाहिए' यानि मुखिया मुख के समान होना चाहिए, जो स्वयं के पोषण या सुख में अकेला है , परन्तु विवेक पूर्वक सब अंगों का पालन-पोषण करता है। राम और भरत का चरित्र भरत-मिलाप प्रसंग में एक दूसरे के सामने ऐसे अडिग हैं की गोस्वामी तुलसीदास को लिखना पड़ता है 'धीर धुरंधर धीरजु त्यागा' यानि भरत जी के असीम त्याग और मर्यादा के समक्ष धैर्य की धुरी धारण करने वाले श्रीराम को भी अपना धीरज प्रेमाश्रुओं के सामने तोड़ देना पड़ता है। अयोध्या के एक राजकुमार श्री राम द्वारा सुदूर वन में हनुमान को आभार व्यक्त करने के क्रम में कहा जाता है, मय्येव जीर्णतां यातु यत्त्वयोपकृतं हरे। **नरः प्रत्युपकारार्थी विपत्तिमनुकाङ्क्षति॥ (हे कपिकुलनन्दन।)** आपने जो मेरे साथ उपकार किया है वह मेरे में ही जीर्ण हो जाय (मुझमें पच जाय), बाहर अभिव्यक्ति का कोई अवसर ही न आवे, क्योंकि प्रत्युपकार करने वाला व्यक्ति अपने उपकारी के लिये विपत्ति की कामना करता है, जिससे उसे अपने प्रत्युपकार के लिए उचित अवसर मिले (वा. रामायण)। भगवान राम के समय में सनातन संस्कृति के वैचारिक मानदंडों पर विचार करें और उस काल खंड में संसार की अन्य संस्कृतियों के विकास से तुलना करें तो सहज ही आपको यह अनुभव होगा कि राम और अयोध्या के समाज का उत्कृष्ट सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्य कितना ऊंचा था और संसार भर में क्यों प्रासंगिक हुआ। सुख-दुःख की अनुभूतिः आज पश्चिमी मनोविज्ञान इस स्थिति में पहुंचा जहां दबे स्वर में स्वीकारा जा रहा कि सुख-दुःख वास्तव में भौतिक संसाधनों पर निर्भर नहीं करते। सुख-दुःख मनुष्य की अनुभूति के ही परिणाम हैं, उसकी मान्यता, कल्पना एवं अनुभूति विशेष के ही रूप में सुख-दुख का स्वरूप बनता है। जैसा मनुष्य का भावना स्तर होगा उसी के रूप में सुख-दुःख की अनुभूति होगी। एक ओर जहाँ पश्चिमी संसार सुख को परिभाषित करने में भौतिक संसाधनों के अंतहीन दौड़ में लगा है वहीं सनातन धर्म में सुख-दुःख का विमर्श एक साथ त्रेतायुग से होता आया है। हम मानते हैं कि सुख और दुःख दो भिन्न अवस्थाएं होते हुए भी एक-दूसरे के पूरक हैं। मृत्युशैय्या पर पड़े हुए दशरथ से मंत्री सुमंत्र कहते हैं; **जनम मरन सब दुख सुख भोगा। हानि लाभु प्रिय मिलन बियोगा॥ काल करम बस होहि गोसाई। बरबस रात्रि दिवस की नाई। सुख हरषहिं जड़ दुख बिलखाहीं। दोड सम धीर धरहिं मन माहीं॥**

अर्थात जन्म-मरण, सुख-दुःख के भोग, हानि-लाभ, प्यारों का मिलना-बिछुड़ना, ये सब हे स्वामी, काल और कर्म के अधीन रात और दिन की तरह बरबस होते रहते हैं। मूर्ख लोग सुख में हर्षित होते और दुःख में रोते हैं, पर धीर पुरुष अपने मन में दोनों को समान समझते हैं।

■ **शिवेश प्रताप**

**लौकिक जीवन के कर्तव्य परायणता में राम ने अपने आचरण व व्यवहार से जो मानक स्थापित किये, उन मानकों में यह संभावना हमेशा निहित रही कि व्यक्ति का व्यवहार, परिस्थिति के अनुसार भले बदलता रहे, लेकिन उसका अंतरंग स्थिर रहे।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा*

***कन्या*** सुलकम (अपनी बेटी देने पर कर) की अवधारणा शायद उसी समय शुरू हुई थी! हो सकता है कि राजा ऋषि की शक्तियों का परीक्षण करना चाहता था और यह देखना चाहता था कि विवाह के बाद ऋषि अपनी बेटी की देखभाल कर सकते हैं या नहीं। किसी भी स्थिति में, ऋषि रुचिका ने चुनौती स्वीकार कर ली और वरुण से प्रार्थना की, जिन्होंने ऋषि को तुरंत धन्यवाद दिया। इस प्रकार शर्त पूरी हुई और विवाह संपन्न हुआ। ज्ञातव्य है कि कन्यादान और कन्यासुल्का की अवधारणा बाद के युगों में युगधर्म के कारण क्षीण हो गई। मूल अवधारणाएँ बहुत अंतर्दृष्टि के साथ थीं।

**जमदग्नि का जन्मः** ऋषि रुचिका अपनी पत्नी सत्यवती को लेकर अपने आश्रम चले गये। जब सत्यवती को बच्चे चाहिए थे, तो ऋषि रुचिका ने उनसे कहा कि वह एक दिव्य चावल की खीर बनायेंगे, जिससे उन्हें बच्चा मिलेगा। सत्यवती ने अपने पति से अपनी माँ की भी मदद करने का अनुरोध किया (गाधी का कोई पुत्र नहीं था और पुत्र के बिना जीवन और विवाह अधूरा माना जाता है)। इसलिए, रुचिका ने परा ब्रह्म (परम सिद्धांत) पर ध्यान किया और दिव्य चावल की तैयारी के साथ दो बर्तन बनाये। उन्होंने उसे दो बर्तन दिखाये और बताया कि उनमें से एक ब्रह्मयम (ब्राह्मणीय ऊर्जा, सत्व गुण से भरा हुआ) और दूसरा क्षत्रम (लड़ाकू योद्धा कबीले की ऊर्जा, रजो गुण से भरा हुआ) है। वह उससे कहता है कि स्नान के बाद, उसे और उसकी माँ को क्रमशः अंजीर के पेड़ और अश्वत्थ के पेड़ को गले लगाना चाहिए और फिर उन्हें संबंधित चावल की खीर का सेवन करना चाहिए।

(क्रमशः)

# 'हलाल' पर मुस्लिम तुष्टिकरण को दी जा रही धार



मृत्युंजय दीक्षित

***उत्तर*** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन हिंदू समाज की आस्था की रक्षा करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रदेश में हलाल प्रमाणित उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद से ही प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें व एटीएस ने छापे शुरू कर दिये हैं। इससे अवैध रूप से हलाल प्रमाणन का गोरखधंधा करने वाले गिरोहों व संगठनों में खलबली मच गई है। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आदि दलों ने इस हवा देते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण नीति को धार देने का प्रयास शुरू कर दिया है। मोटे अनुमान के अनुसार अवैध रूप से चल रहा हलाल प्रमाणन का गोरखधंधा लगभग 3000 करोड़ रुपये से अधिक का है और इस धन का दुरुपयोग राष्ट्रविरोधी गतिविधियों व आतंकवादी संगठनों की मदद करने के लिए किया जा रहा है। हलाल प्रमाणन का धंधा केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत में चल रहा है और इस धंधे का भारत में आगमन 1974 में एक घृणित साजिश के तहत हुआ। हलाल प्रमाणन की प्रक्रिया एक देश दो विधानवाली तथा संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हलाल प्रमाणन के इस अवैध धंधे को पूरी तरह से रोकने के लिए लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में शैलेंद्र कुमार शर्मा की शिकायत पर विभिन्न संगठनों पर एक एफआईआर दर्ज करवाई है, जिनमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली व लखनऊ, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई और कुछ अन्य कंपनियां शामिल हैं। भारत से बड़ी मात्रा में खाद्य उत्पादों का निर्यात सिंगापुर, मलेशिया, सऊदी अरब, कतर आदि खाड़ी देशों और कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होता है जहां बड़ी संख्या में इस्लामिक आबादी है। ऐसे में देश की अधिकांश कंपनियां अपने उत्पादों के लिए हलाल सार्टिफिकेशन करवाती हैं। दुर्भाग्यवश भारत में हलाल प्रमाणन के लिए कोई सरकारी कंपनी नहीं है, जिसके कारण यह ठग कंपनियां अनुचित व अवैध धंधा करने में कामयाब हो रही हैं। ये अकूत धन कमा रही हैं और उसे देश के विरुद्ध इस्तेमाल कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में प्रतिबंध लगने के बाद इस बेहद गम्भीर व खतरनाक विषय पर राष्ट्रव्यापी बहस आरम्भ हो गई है। हलाल का समर्थन करने वाले संविधान की बार-बार दुहाई दे रहे हैं। किंतु शायद इन लोगों को यह नहीं पता कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत सरकार का अपना भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने योगी सरकार के कदमों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकारी एजेंसियों को ही यह पता लगाना चाहिए कि खाद्य उत्पादों में किस तरह के रासायनिक संयोजक, कृत्रिम व हानिकारक तत्व मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी निकायों को यह प्रमाणित करने का अधिकार होना चाहिए कि लोगों के उपयोग के लिए कौन सा भोजन गुणवत्तापूर्ण है। अवैध हलाल प्रमाणन के खिलाफ हो रही कारवाई का विरोध करने वाले बहसों के दौरान इस अवैध कृत्य को संवैधानिक बता रहे हैं। दावा कर रहे हैं कि हम जीएसटी दे रहे हैं। हलाल प्रमाणित उत्पादों पर कार्रवाई करने से महंगाई बढ़ सकती है। बेरोजगारी बढ़ सकती है। बाजारों में खाद्य उत्पादों का संकट पैदा हो सकता है आदि -आदि । हलाल प्रमाणित उत्पादों के पक्ष में यह भी दलील दी जा रही है कि यह मुस्लिम समाज के लिए धर्म व आस्था का विषय है। अगर यह मान भी लिया जाय कि हलाल प्रमाणन मुस्लिम समाज के लिए धर्म व आस्था का विषय है तो सबसे बड़ा सवाल यह है कि हिंदू समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग जो व्रत व उपवास के अवसर पर पूर्णरूप से शाकाहारी रहता है उसको हलाल प्रमाणन वाले खाद्य पदार्थ बेचकर उसकी आस्था पर क्यों चोट पहुंचाई जा रही है? इनके तर्कों का सनातन हिंदू सहित सिख, जैन, बौद्ध आदि विभिन्न मतावलंबियों की आस्था विश्वास और मान्यता से कोई सरोकार नहीं है।

**भारत से बड़ी मात्रा में खाद्य उत्पादों का निर्यात सिंगापुर, मलेशिया, सऊदी अरब, कतर आदि खाड़ी देशों और कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होता है जहां बड़ी संख्या में इस्लामिक आबादी है।**

**हलाल**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# चरस तस्करों में नहीं है सुरक्षा एजेंसियों का खौफ



यशोदा श्रीवास्तव

***भारत*** सीमा से सटे नेपाल के अंदर कई ऐसे गांव व कस्बे हैं जो नशीले पदार्थों खासकर चरस के गोदाम के रूप में इस्तेमाल हो रहे हैं। इस समय नेपाल के रास्ते चरस की तस्करी जिस रफ्तार में बढ़ी है वह सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय हो सकती है साथ ही यह भी चिंतित करती है कि नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में चरस की खेप इकट्ठी कर वे कौन लोग हैं जो भारतीय युवकों को नशा परोस रहे हैं? नेपाल की खुली सीमा नशीले पदार्थों के तस्कर ही नहीं बिना वीजा पासपोर्ट के आर पार होने वाले विदेशियों के लिए दिन ब दिन मुफीद होती जा रही है। हैरान करने वाली बात है कि पिछले दो दिनों में नेपाल के सोनौली बार्डर से करीब सौ करोड़ की चरस पकड़े जाने के एक दिन बाद ही इसी रास्ते बिना वैध कागजात के भारत से नेपाल जा रहे दो इरानी नागरिक भी पुलिस के हत्थे चढ़ जाते हैं। दो दिन में क्रमवार सौ करोड़ की चरस की बरामदगी और दो इरानी नागरिकों की गिरफ्तारी से ऐसा लगता है कि अवांछनीय तत्वों को यहां सुरक्षा और पकड़े जाने का कोई भय नहीं है। कुछ दिन पहले नेपाल के सोनौली बार्डर पार कर करीब बीस किमी आगे तक निकल आई दो लग्जरी कारों से करीब 88 किलो चरस बरामद हुआ था। रूटीन चेकिंग के दौरान कोल्हुई थाने की पुलिस ने चकमा दे कर भाग रही दो कारों को दौड़ा कर रोका और उनकी तलाशी ली। तलाशी में चरस की उतनी बड़ी खेप बरामद हुई। इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि चरस और कार के साथ जो तीन लोग पकड़ गये उसमें दो गोरखपुर के और एक शाहजहांपुर का निकला। दोनों कारें लखनऊ और गाजियाबाद की थीं। इससे यह साबित होता है कि नेपाल के अंदर चरस की तस्करी का धंधा करने वाले यूपी के पश्चिमी जिलों के निवासी हैं जो गोरखपुर, महराजगंज तथा नेपाल सीमा के अन्य क्षेत्रों के गरीब व बेरोजगार युवकों को मामूली लालच में कैरियर के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। कुल्हुई थाने की पुलिस ने जिन तीन लोगों को चरस और लग्जरी कारों के साथ गिरफ्तार किया उन्हें इस धंधे के सरगना की कोई जानकारी नहीं है। इन्होंने बताया कि चरस के इस खेप को उन्हें शामली पंहुचाना था, इसके बदले उन्हें बीस हजार रुपए मिलने थे। इन तीनों को नारकोटिक्स एक्ट में जेल भेज दिया गया है। इस केस में जब कभी फैसला आयेगा तो कम से कम दस साल या आजीवन कारावास की सजा तय है। जमानत की भी गुंजाइश बहुत कम है। इस तरह इन तीन युवकों की जिंदगी तबाह मानी जाय। तस्कर चाहे चरस के हों या किसी अन्य के, होते बहुत चालाक हैं। तस्करी के सामान को कैरियरों के जरिये ही नेपाल सीमा के पार तक पहुंचाया जाता है। इस दौरान तस्कर सरगना सामने नहीं आता। चालाकी इस हद तक बरती जाती है कि गंतव्य तक माल पंहुचाने वाले कैरियर भी एक दूसरे को नहीं जानते। तस्कर ज्यादा तर झाड़ झंखाड़ और पगडंडी मार्गों का इस्तेमाल करते हैं। नेपाल सीमा पर चौकसी सुरक्षा एजेंसियों के बीच नदी नाले व झाड़ झंखाड़ वाले रास्ते बहुत हैं जो सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा है। नेपाल सीमा के सोनौली बार्डर से लगातार दो दिनों तक चरस की बड़ी खेप की बरामदगी से नेपाल सीमा पर सक्रिय सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं। अभी वे सोनौली बार्डर से 20 किलोमीटर दूर कोल्हुई थाने की पुलिस द्वारा चरस की बरामदगी की समीक्षा कर ही रहे थे कि एक दिन बाद ही तस्करों ने 85 किलो चरस की तस्करी की दुस्साहस कर बैठे। सीमा की सुरक्षा एजेंसियां चूंकि चौकस थीं इसलिए वे पकड़े गये। कुल्हुई थाने की पुलिस द्वारा 88 किलो चरस की बरामदगी के बाद नेपाल बॉर्डर की सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गई थी। पुलिस ने नेपाल बॉर्डर के करीब दस किलोमीटर तक पगडंडी मार्ग पर मुखबिरों का जाल बिछा दिया था जिसका नतीजा रहा कि सोनौली कोतवाली पुलिस को चरस के दूसरे बड़े खेप की तस्करी की सूचना मिल गई।

**सोनौली बार्डर से 20 किलोमीटर दूर कोल्हुई थाने की पुलिस द्वारा चरस की बरामदगी की समीक्षा कर ही रहे थे कि एक दिन बाद ही तस्करों ने 85 किलो चरस की तस्करी की दुस्साहस कर बैठे।**

**नशा**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### जैन मुनि का वीडियो वायरल होने पर दो पक्षों में तनाव

**शाहपुर (एमपी)।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के शाहपुर में एक समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर खूबचंद पटेल नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। साथ ही खूबचंद को बेकसूर बताते हुए उसे रिहा करने की मांग की। देखते ही देखते शाहपुर में तनाव की स्थिति का माहौल बन गया। उसके बाद सागर, रहली, गढ़ाकोटा और सनोदा से मौके पर पुलिस बल भेजा गया है। हालांकि अब स्थिति नियंत्रण में है। दरअसल, सागर जिले के शाहपुर में एक जैन मुनि शमशान में शौच क्रिया के लिए गए हुए थे। वहां शाहपुर निवासी एक व्यक्ति ने शमशान में शौच क्रिया को लेकर आपत्ति जाहिर की थी, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसके बाद नाराज जैन समाज के लोगों ने एकजुट होकर प्रदर्शन कर पुलिस से शिकायत की थी।

### कार्तिक पूर्णिमा स्नान करने गया परिवार बांगो डैम में फंसा

**कोरबा।** बांगो डैम में कार्तिक पूर्णिमा स्नान करने गए एक ही परिवार के 6 लोग फंस गए थे। फंसने से पूरा परिवार डर सहमा हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग डैम में फंसे लोगों की मदद में जुट गए। 6 सदस्यीय परिवार में तीन महिलाएं, एक बच्चा और दो पुरुष शामिल थे। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बांकी मोंगरा निवासी रंजन वर्मा का 6 सदस्यीय परिवार स्नान करने बांगो डैम गया हुआ था। बताया जा रहा है कि डैम के दो गेट खोलने के बाद यह घटना घटी। डैम का पानी छोड़ते समय परिवार को सायरन सुनाई नहीं दिया, जिसके बाद अचानक जल स्तर बढ़ गया और सभी पानी में फंस गए। सूझबूझ से डैम के टापू में चढ़कर परिवार ने खुद की जान बचाई। घटना की सूचना जैसे ही डैम प्रबंधन को मिली, उसके बाद डैम के दो गेट बंद किए गए।

### नवादा की अनुष्का ने रजत पदक जीत बढ़ाया जिले का गौरव

**नवादा।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से 26-28 नवम्बर तक बेगूसराय में चल रहे राज्य स्तरीय ताइक्वांडो विद्यालय (बालिका) खेल प्रतियोगिता में सोमवार को नवादा के ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुष्का कुमारी ने 24-26 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है। इस जीत के पीछे अनुष्का की मेहनत व कोच कौशल कुमार व रवि रंजन का काफी योगदान है । कोच बताते हैं कि अनुष्का रोजाना बुधौल से ट्रेनिंग करने खेल भवन हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में आती रही है और काफी अनुशासित होकर प्रशिक्षण ले रही है। यह पदक इसी का परिणाम है। इधर अनुष्का के पिता कुणाल दूबे एवं माता चन्दा देवी अपने बेटी के रजत पदक जीतने पर फुले नही समा रहे है।

### पहली बार होगी नौका दौड़ बॉलीवुड के कलाकार सजाएंगे महोत्सव की शाम

**गोरखपुर।** गोरखपुर महोत्सव-2024 को लेकर तैयारी तेज हो गई है। इस बार भी महोत्सव 11, 12 और 13 जनवरी को आयोजित होगा। रामगढ़ताल किनारे चंपा देवी पार्क और नुमाइश ग्राउंड में आयोजित होने वाले महोत्सव में कला, संस्कृति और खेल का संगम दिखाई देगा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों, खिलाड़ियों और विद्यार्थियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा। एक ओर जहां बालीवुड के कलाकार महोत्सव की शाम को रंगीन करेंगे तो वहीं भोजपुरी कलाकार भी महोत्सव के मंच की शोभा बढ़ाएंगे। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिलेगा। जबकि शिल्प मेला सात दिनों तक चलेगा। इस दौरान हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। गोरखपुर महोत्सव में अंतिम दिन बालीवुड नाइट का आयोजन किया जाता है, इसमें बालीवुड के सिंगर अपने गानों से महोत्सव का रंग जमाते हैं। पिछले महोत्सव में सोनू निगम ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इस बार भी महोत्सव समिति किसी बड़े बालीवुड सिंगर को बुलाने की तैयारी कर रखी है।

# कार्तिक पूर्णिमा : गंगा स्नान के लिए सिमरिया धाम में उमड़े लोग



**एजेंसी। बेगूसराय**

बिहार के पावन गंगा तट सिमरिया में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने के लिए सोमवार को बिहार ही नहीं, देश के विभिन्न राज्यों और विदेशी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जिसके कारण अहले सुबह से ही बरौनी जीरोमाइल से लेकर सिमरिया पुल तक एनएच-31 पर काफी भीड़ रही। पूर्णिमा के मौके गंगा स्नान कर शारीरिक, मानसिक सुख और मोक्ष की कामना के साथ गंगा स्नान करने के लिए रात से बिहार, बंगाल, आसाम, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के साथ नेपाल से भी बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालु पहुंच गए थे। जिसके बाद रात तीन बजे से ही हर-हर गंगे के जयकारा के बीच नमामि गंगे घाट से रामघाट तक शुरू स्नान का सिलसिला लगातार जारी है। इस दौरान पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के गंगा स्नान करने का अनुमान लगाया जा रहा है। गंगा स्नान के बाद पौराणिक समय से चले आ रहे दान और पूजा की परंपरा के तहत श्रद्धालुओं ने बड़े पैमाने पर सिमरिया धाम के सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना तथा गुरु पूजन किया। इस मौके पर सर्वमंगला सिद्धाश्रम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। गंगा स्नान के लिए उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। एनएच के सभी चौक पर जहां पुलिस बल की व्यवस्था थी, वहीं राजेन्द्र पुल स्टेशन से लेकर गंगा घाट तक कदम कदम पर पुलिस बल तैनात किए गए थे। सदर डीएसपी अमित कुमार एवं सदर एसडीओ रामानुज प्रसाद सिंह खुद सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए थे। सभी वाच टावर से घाटों की निगरानी की जा रही थी। डीएम रोशन कुशवाहा एवं एसपी योगेन्द्र कुमार हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे। वहीं, मोटर बोट पर अनिल सहित सभी गोताखोर की टीम को तैनात किया गया था। सर्वमंगला सिद्धाश्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए स्वामी चिदात्मन जी ने कहा कि गंगा सदैव से मोक्ष दायिनी रही है और मोक्षदायिनी रहेगी। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान और पूजन से सभी प्रकार के लोभ, मोह, ईर्ष्या और पाप का शमन होता है, लौकिक और पारलौकिक गति की प्राप्ति होती है। उसमें भी आदि कुंभा स्थली सिमरिया धाम गंगा स्नान से कई गुणा अधिक फल प्राप्त होता है। मौके पर उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा, कार्तिक व्रत और मिथिला महात्म से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के साथ ही सिमरिया में चल रहा एशिया प्रसिद्ध राजकीय कल्पवास मेला का भी समापन हो गया। पूर्णिमा के शुभ मुहूर्त में मगध एवं नेपाल से आने वाले सैकड़ों भक्तों ने अपनी भगतई की सिद्धि की।

### गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले जैसा माहौल



**भागलपुर।** कार्तिक पूर्णिमा को लेकर सोमवार तड़के सुबह से ही भागलपुर और भागलपुर के आसपास के सभी गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इसको लेकर भागलपुर पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम भी काफी चुस्त और मुस्तैद रही। भागलपुर के खिरनीघाट, पुलघाट, नीलकंठघाट, पिपलीधाम घाट, बूढ़ानाथ घाट, सखीचंद घाट के अलावा सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा और कहलगांव के बटेश्वर गंगा घाट में लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई और दान पुण्य किए। कुछ महिला श्रद्धालुओं ने उत्तरकाशी में फंसे मजदूरों के कुशलता के लिए कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान किया। महिलाओं ने कहा कि ईश्वर से हमारी यही मनोकामना है कि उत्तरकाशी में फंसे हुए सभी मजदूर सकुशल बाहर निकले। उल्लेखनीय हो कि हिंदू मान्यता में कार्तिक पूर्णिमा का दिन काफी पवित्र दिन माना जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान दान का विशेष महत्व है, इसे हम देव दीपावली भी कहते हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु ने दुनिया को जल प्रलय से बचने के लिए इस महीने मछली रूप में अपना पहला अवतार लिया था।

### नवादा में अपराधियों ने युवक को मारी गोली ,पटना रेफर

**नवादा।** नवादा नगर में अपराधियों ने सोमवार को युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया । घायल युवक को चिंताजनक हालत में पटना भेजा गया है । युवक की पहचान पकरीबरमा थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक के परिजनों ने अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था । जिसे चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया है। डॉ विक्रम कुमार ने बताया है कि गोली युवक के सीने में जाकर अटक गई है । इससे युवक की हालत गंभीर है। गंभीर हालत को देखते हुए पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है। घायल नीतीश ने बताया कि हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। मुझे गोली क्यों मारी गई, हमको कुछ पता नहीं है। गोली मारने वाला व्यक्ति जो है ,उसका नाम मनीष कुमार है। सात महीना पहले ही मनीष अंतरजातीय विवाह मेरे गांव में किया है। इसलिए मनीष को जानते हैं।

# बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग का प्रस्ताव नीतीश कैबिनेट ने किया पास

**एजेंसी। पटना**

सोमवार को बिहार कैबिनेट की बैठक में दो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। पहले बिहार में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण संशोधन विधेयक को संविधान की नौवीं अनूसूची में डालने के लिए केंद्र से आग्रह किया गया जिससे न्यायिक समीक्षा ना हो। दूसरा ये कि एक बार फिर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया। सीएम नीतीश कुमार ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने की पुनः मांग की। देश में पहली बार बिहार में जाति आधारित गणना का काम कराया गया है। जाति आधारित गणना के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति के



आंकड़ों के आधार पर अनुसूचित जाति के लिये आरक्षण सीमा को 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षण की सीमा को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा को 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तथा पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की सीमा को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। सामाजिक रूप से कमजोर तबकों के लिये आरक्षण सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया है। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये 10 प्रतिशत आरक्षण पूर्ववत लागू रहेगा अर्थात इन सभी वर्गों के लिए कुल आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है। जाति आधारित गणना में सभी वर्गों को मिलाकर बिहार में लगभग 94 लाख गरीब परिवार पाये गये हैं, उन सभी परिवार के एक सदस्य को रोजगार हेतु 2 लाख रुपए तक की राशि किश्तों में उपलब्ध करायी जायेगी। 63,850 आवासहीन एवं भूमिहीन परिवारों को जमीन क्रय के लिए दी जा रही 60 हजार रुपए की राशि की सीमा को बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दिया गया है। इसके साथ ही इन परिवारों को मकान बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपए दिये जायेंगे। जो 39 लाख परिवार झोपड़ियों में रह रहे हैं उन्हें भी पक्का मकान मुहैया कराया जायेगा जिसके लिए प्रति परिवार 1 लाख 20 हजार रुपए की दर से राशि उपलब्ध करायी जायेगी।

### सिख आज पूरी दुनिया में छाए हैं, मुगलों का कहीं अता-पता नहीं

**लखनऊ।** सिख गुरुओं का बलिदान केवल खालसा पंथ के लिए न होकर हिन्दुस्तान और धर्म को बचाने के लिए था। उस दौर में जब बड़े-बड़े राजा महाराजा मुगल सत्ता की अधीनता स्वीकार कर रहे थे, तब सिख गुरु अपने दम पर देश और धर्म की रक्षा कर रहे थे। जिस देश और परंपरा में इस प्रकार का जुझारूपन हो उसे दुनिया की कोई ताकत झुका नहीं सकती। खालसा पंथ की स्थापना मुगल सल्तनत के पतन का कारण बनी। आज सिख पूरी दुनिया में छाये हुए हैं, मगर मुगलों की सत्ता का कहीं अता-पता नहीं है। ये सत्य और धर्म का रास्ता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आशियाना स्थित गुरुद्वारे में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कही। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गुरुपर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकाश पर्व हम सबके जीवन में गुरु कृपा से ज्ञान का प्रकाश देता है।

# रायगढ़ : संदिग्ध अवस्था में पकड़ी गई पांच महिलाएं और एक व्यक्ति



**एजेंसी। रायगढ़**

जिले के खरसिया थानांतर्गत ग्राम तेलोकोट में पुलिस द्वारा पांच महिला व एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। सभी संदिग्धों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए सोमवार को एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। सोमवार दोपहर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तेलीकोट में कुछ लड़के-लड़कियां इकट्ठे देखे गए हैं, जिनकी गतिविधियां उचित नहीं है। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर तत्काल थाना एवं चौकी की स्मॉल टीम के साथ ग्राम तेलीकोट में मुखबिर के बताए स्थान पर रेड कार्रवाई किया गया, जहां पांच महिलाएं (खरसिया, रायगढ़, अंबिकापुर और जशपुर की) और एक व्यक्ति- श्याम कुमार वर्मा 56 साल निवासी पुरानी बस्ती खरसिया संदिग्ध अवस्था में मिले, जिनसे पूछताछ पर मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर थाना प्रभारी खरसिया द्वारा महिलाओं एवं पकड़े गए व्यक्ति को थाने लाया गया जिन पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है।

# गुरु नानक देव के 555 वें प्रकाश पर्व पर निकाली गई नगर कीर्तन शोभा यात्रा



**एजेंसी। भागलपुर**

गुरु नानक देव के 554 वें प्रकाश पर्व जयंती के मौके पर सोमवार को भागलपुर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पांच प्यार की अगुवाई में निकाली गई। इसमें बहुत सारे सिख धर्म के लोग शामिल हुए। नगर संकीर्तन यात्रा गुरुद्वारा से पटेल बाबू रोड, शहीद भगत सिंह चौक, खलीफा बाग चौक होते हुए गुरुद्वारा पहुंचा। जिसमें सैकड़ों सिख धर्म के लोग ने भाग लिया। यात्रा में कटिहार से आए कई सिख कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया। जिसमें ढाल, तलवार, चकरी घूमना, आग फेंकना आदि शामिल रहे। गुरुद्वारा समिति के उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह ने कहा कि गुरु नानक जयंती के अवसर पर पिछले चार दिनों से प्रभात फेरी निकाला जा रहा था। आज गुरुद्वारा परिसर से शोभा यात्रा निकाला गया। जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः गुरुद्वारा परिसर में समाप्त हुआ। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में भजन का कार्यक्रम किया जाएगा। भजन कार्यक्रम के उपरांत लंगर का आयोजन होगा। जिसमें भागलपुर शहर के अलावा शहर के आसपास के जिले के भी लोग इस लंगर में भाग लेंगे।

### मुठभेड़ में शामिल एक नक्सली व दो नाबालिग विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार

**दंतेवाडा।** जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत विगत 21 नवंबर को मुठभेड़ में शामिल नक्सलियों के उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी एवं 231वीं वाहिनी एफ/जी कंपनी एवं यंग प्लाटून सीआरपीएफ के संयुक्त बल के द्वारा उस क्षेत्र में नक्सल गश्त सर्चिंग अभियान के लिए रवाना हुई थी। सर्चिंग के दौरान परलगट्टा एवं बड़ेपल्ली के जंगल पहाड़ में तीन संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम हुंगा कुंजाम पिता स्व. सुक्का कुंजाम उम्र 28 वर्ष निवासी परलागट्टा एवं अन्य दो नाबालिग के द्वारा 21 नवंबर को हुए मुठभेड़ एवं आईईडी ब्लॉस्ट के अपराध में शामिल होना बताया। इनके कब्जे से एक टिफिन बम मय डेटोनेटर वायर करीब एक मीटर वजनी करीब 05 किग्रा, चार लोहे का सरिया स्पाइक, एक लोहे का सबल, एक टार्च नीला कलर, नक्सल साहित्य पुस्तक एक, दो नोट बुक, दो डेटोनेटर, सिविल पिट्ठू एक एवं दैनिक उपयोगी की सामाग्री जब्त किया गया।

# अपनी ही सरकार पर भड़की उमा भारती



**एजेंसी। भोपाल**

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि शहडोल के ब्यौहारी में खनन माफिया द्वारा अवैध खनन रोकने के कारण एक सरकारी कर्मचारी की हत्या मध्य प्रदेश की सारी व्यवस्था समाज, शासन, प्रशासन सबके लिए कलंक एवं शर्मनाक हैं। पूर्व सीएम ने दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की हैं। इससे पहले पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने भी घटना पर शिवराज सरकार पर निशाना साधा था। पूर्व सीएम ने कहा था कि यह पहला मौका नहीं है जब मध्य प्रदेश में रेत माफिया ने इस तरह से किसी सरकारी व्यक्ति को कुचल कर मार दिया हो। मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार के दौरान पनपा भ्रष्टाचार और घोटालों के कारण यह स्थिति बनी हैं। बता दें शहडोल के ब्यौहारी में शनिवार रात रेत माफिया ने पटवारी प्रसन्न सिंह की ट्रैक्टर से कुलचकर हत्या कर दी। प्रसन्न सिंह सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद पटवारी बने थे। वह सोन नदी के घाटों पर रेत माफिया पर कार्रवाई कर रहे थे। शनिवार रात वह अपने तीन साथियों के साथ कार से सोन नदी के किनारे पहुंचे थे। इस बीच रेत का ट्रेक्टर आता देख उन्होंने रूकने का इशारा किया, लेकिन ट्रैक्टर चालक ने उन पर ही ट्रैक्टर चढ़ा दिया।

## निर्देश जारी : एनजीटी की सख्ती के बाद हरकत में जिला प्रशासन

# ग्रीन बेल्ट से एक दिन में हटाए 138 अतिक्रमण

**एजेंसी। भोपाल**

राजधानी भोपाल में अलग-अलग स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। सबसे अधिक अतिक्रमण आसाराम बापू रोड से हटाया गया। इसके साथ ही अन्य अलग अलग स्थानों से भी अतिक्रमण हटाया गया। ग्रीन बेल्ट पर हुए अतिक्रमण पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सख्ती के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है। जिला प्रशासन ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए ग्रीन बेल्ट से एक ही दिन करीब 138 अतिक्रमण हटाए। इस कार्रवाई के अंतर्गत राजधानी में आशाराम बापू चौराहा से आईटी पार्क बैरागढ़, 11 मिल बाईपास , नीलबड़ बरखेड़ा नाथू रोड ,खजूरी बायपास और साकेत नगर सेक्टर में ग्रीन बेल्ट एरिया से अतिक्रमण हटाने का कार्य संबंधित एसडीएम, पुलिस एवं नगर निगम ने किया। नीलबड़ बरखेड़ा नाथू रोड



पर लगभग 15 अतिक्रमण हटाए गए। खजूरी बायपास और साकेत नगर 2सी सेक्टर से लगभग 25 अतिक्रमण हटाय गए। इस दौरान कार्रवाई में संबंधित एसडीएम, नगर निगम अमला, पुलिस, पीडब्ल्यूडी एवं सीपीए के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**692 लोकेशन पर अतिक्रमण**

एनजीटी ने भोपाल ग्रीन बेल्ट एरिया की 692 लोकेशनों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। इस पर भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह ने संबंधित विभागों की बैठक लेकर एनजीटी द्वारा निर्देशित लोकेशनों से अतिक्रमण हटाने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस दौरान डीएफओ आलोक पाठक, नगर निगम आयुक्त फ्रेंक नोबल ए, एडीएम हरेन्द्र नारायण सहित वनविभाग, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, सीपीए सहित

**जिला प्रशासन ने आसाराम बापू से आईटी चौराहा से 70 अतिक्रमण हटाय गए। वहीं 11 मिल बाईपास पर 28 अतिक्रमण हटाय गए**

अन्य अधिकारी उपस्थित रहे थे। कलेक्टर आशीष सिंह ने नगर निगम को निर्देशित किया है कि पिछले पांच वर्षों में उनके द्वारा कमर्शियल निर्माण की जितनी अनुमति दी गई है एवं भविष्य में दी जानी है उनमें पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण करवाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि पार्किंग स्पेस पार्किंग के लिए ही उपयोग हो। साथ ही यह भी देखा जाये कि सभी कमर्शियल निर्माण में पार्किंग प्रोविजन अनिवार्य है इसी के बाद अनुमति दी जाए। उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार एक्शन लिया जाए।

### दरभंगा में एम्स बनाने को लेकर केंद्र सरकार से मंजूरी आ गई है : सीएम

**दरभंगा।** दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कई योजना का सीएम नीतीश उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शोभन में एम्स बनाने को लेकर केंद्र से मंजूरी आ गई है। केंद्र सरकार की ओर से दरभंगा एम्स की ऊंचाई जो पहले से निर्धारित थी उसको और बढ़ाने के लिए कहा गया है, हम उसको और बढ़ा रहे हैं। सीएम ने कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का और विस्तार हमलोग कर रहे हैं। इसमें पहले से 400 बेड का अस्पताल बना हुआ है। यहां जब 2500 बेड का अस्पताल बन जाएगा तो यहां इलाज और बेहतर ढंग से होगा साथ ही मेडिकल की पढ़ाई भी बेहतर ढंग से होगी। सीएम ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण जगह भी है, इसलिए इस मेडिकल कॉलेज में पढ़नेवालों की संख्या और बढ़ेगी। सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल भी बनकर तैयार है। डीएमसीएच को ही हम पहले एम्स बनाना चाह रहे थे।

# बीएसएफ जवानों ने बांग्लादेशी तस्कर सहित तीन को पकड़ा



**एजेंसी। किशनगंज**

सीमा पर तस्करी रोकने में 17वीं वाहिनी बीएसएफ को बड़ी सफलता हासिल हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर बीएसएफ जवानों ने एक बांग्लादेशी तस्कर के साथ साथ दो भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि सामान्य शाखा, क्षेत्रीय मुख्यालय किशनगंज के डी.सी. मुकेश कुमार सिंह की पुख्ता खबर 17वी वाहिनी के सामान्य शाखा इंचार्ज को दी गई। तत्पश्चात निरीक्षक रामशिरोमणि और सामान्य शाखा की टीम के साथ वाहिनी के सीमा चौकी मुराघाटी के कंपनी कमांडर सुनील गर्दे के कमान में संभावित जगह पर एक टीम के द्वारा संयुक्त रूप से एंबुश लगाया गया। वही तस्कर रात का घना अंधेरा और कोहरे का फायदा उठाकर समान को सीमापार करने की कोशिश कर रहे थे।

## एक नजर

### इंटर हाउस कराटे चैंपियनशिप संपन्न

**रांची।** पिछले दिनों कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रातू ,रांची, में चार हाउस के बीच कराटे चैंपियनशिप संपन्न हुआ जिसमें गंगा हाउस प्रथम 16 मेडल, द्वितीय यमुना हाउस 14 मेडल ,तृतीया सतलज हाउस 13 मेडल एवं गोदावरी को 11 मेडल लेकर चतुर्थ स्थान प्राप्त हुए। मुख्य अतिथि फरीद हसन ने बच्चों को मेडल प्रदान किया इनके के रिफ्रीज थे सिंहा शहजाद कुरेशी जिनकी देख रेख में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में रोहित भगत,रौनक तिर्की,हिमांशु राज,साहिल श्रीवास्तव,हर्ष राज वर्मा,सुहेल अंसारी,इंद्राणी कुमारी, तारामणि तिर्की, मनीला तिर्की ने सहयोग दिया।

### फैकल्टी क्रिकेट लीग रॉयल चैलेंजर्स फाइनल में

**रांची।** रॉयल चेंजलर्स, देवघर प्रीडेटर और कंप्यूटर सुपर किंग्स ने अपने लीग मैच जीते हैं मैच-1, 27/11/23 देवघर प्रीडेटर्स बनाम रॉयल एडमिन
एडमिन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्कोर कार्ड- 12 ओवर में एडमिन का स्कोर 87/2 आशुतोष-48 और नंदलाल ने 31 रन बनाए। देवघर के लिए शैलेंद्र ने 2 विकेट लिए। जवाब में- देवघर ने 11.3 ओवर में 88/2 का स्कोर बनाया कृष्णा -40 रन और रामकिशोर 28 रन बनाकर नाबाद देवघर 8 विकेट से जीता और कृष्णा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच 2 मैकेनिकल चैलेंजर्स बनाम कंप्यूटर सुपर किंग्स मेकेनिकल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। स्कोर कार्ड- कंप्यूटर सुपर किंग्स 12 ओवर में 101/9। दुर्गा ने 33 रन और बिनय व रजनीश ने 20-20 रन बनाए। मैकेनिकल के लिए मुकेश ने 3 विकेट लिए। जवाब में मैकेनिकल ने 12 ओवर में 7 विकेट पर 77 रन बनाए। ऋत्विक और मुकेश ने 28 और 23 रन बनाए कंप्यूटर किंग्स ने 23 रन से जीत दर्ज की और बिनय को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच-3 देवघर बनाम रॉयल चैलेंजर्स रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रॉयल्स ने 12 ओवर में 77/8 रन बनाए। चंचल ने 34 रन और आकाश ने 22 रन बनाए। देवघर के लिए कृष्णा ने 3 विकेट लिए। जवाब में देवघर ने 12 ओवर में 70/7 का स्कोर ही बनाया। रॉयल्स 7 रन से जीता।

### दिल्ली रायल्स को हराकर लखनऊ नवाब का खिताब पर कब्जा

**लखनऊ।** सिडबी इंटर जोनल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में लखनऊ नवाब ने दिल्ली रायल्स को 70 रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इस मैच में लखनऊ नवाब के आलराउंडर तेजस ने धुआंधार बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी शानदार की। लखनऊ नवाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट गवांकर 185 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज आशुतोष ने पांच चौकों की मदद से 56 बाल पर सर्वाधिक 58 रन बनाये, जबकि तेजस सेट्टी ने छह चौका और एक छक्का की मदद से 26 बाल पर ही 44 रन बना डाले। उन्होंने दो विकेट भी चटकाए।

# आईपीएल 2024: गुजरात टाइटंस के कप्तान बने शुभमन गिल



गिल ने 33 पारियों में 47.34 की औसत से 1373 रन बनाए है

एजेंसी। नई दिल्ली

हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या के गुजरात टाइटन्स (जीटी) से मुंबई इंडियंस में जाने के बाद जीटी ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है। वर्ष 2022 में जीटी के पहले सीजन में, हार्दिक की कप्तानी में टीम ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती, जबकि वे इस साल की शुरूआत में अपने दूसरे सीजन में उपविजेता रहे थे। गुजरात टाइटन्स के एक बयान में कहा गया है, गिल एक ऐसी टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें अनुभव और युवा उत्साह का एक अद्वितीय संयोजन है, जो गुजरात टाइटन्स की पहचान रही है। गिल ने 33 पारियों में 47.34 की औसत से 1373 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और आठ अर्द्धशतक शामिल हैं। पिछला सीजन सलामी बल्लेबाज के लिए यादगार था क्योंकि उन्होंने 17 मैचों में 59.33 की औसत से तीन शतक और चार अर्द्धशतक के साथ 890 रन बनाए और उन्हें ऑरेंज कैप भी जीता था। गिल ने पिछले सीजन में, मुंबई इंडियंस के खिलाफ 60 गेंदों में 129 रन बनाए, जो कि आईपीएल प्लेऑफ में किसी बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक है। गिल ने कप्तान नियुक्त किये जाने पर कहा, ''मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है और इतनी अच्छी टीम का नेतृत्व करने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं। हमारे पास दो असाधारण सीजन हैं और मैं क्रिकेट के हमारे रोमांचक ब्रांड के साथ टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं।'

## अनिश्चितता से हटा पर्दा, मुंबई इंडियंस में हुई हार्दिक की वापसी



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों के रिटेशन और ट्रेड को लेकर जारी गहमागहमी के बीच हार्दिक पांड्या सबसे हॉट टॉपिक रहे। गुजरात द्वारा उन्हें रिटेन करने और मुंबई द्वारा ट्रेड किये जाने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। हालांक अब आईपीएल द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में हार्दिक के मुंबई वापस लौटने की पुष्टि कर दी है। आईपीएल द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान, हार्दिक पांड्या, दोनों फ्रेंचाइजी के बीच ट्रेड के बाद, अपनी पहली फ्रेंचाइजी, मुंबई इंडियंस (एमआई) में वापस जाने के लिए तैयार हैं। हरफनमौला खिलाड़ी ने जीटी के साथ दो महत्वपूर्ण वर्ष बिताए और उनके अभियान का आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व किया। 2022 में जीटी के पहले सीजन में, हार्दिक ने एक शानदार शुरूआत सुनिश्चित की, जिसमें टीम ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती, जबकि वे इस साल की शुरूआत में एक रोमांचक फाइनल में आखिरी गेंद पर हार के बाद अपने दूसरे सीजन में उपविजेता रहे।' एक अलग ट्रेड में, एमआई के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में ट्रेड कर लिया गया है। ग्रीन, जिन्हें पिछले दिसंबर में नीलामी में 17 करोड़ 50 लाख रुपये की भारी कीमत पर खरीदा गया था, ने 16 मैचों में भाग लिया।

## स्टोक्स, रायुडु समेत आठ को सीएसके ने किया रिलीज



**नई दिल्ली।** बेन स्टोक्स, ड्वेन प्रिटोरियस, अंबाती रायुडू और काइल जैमीसन उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने रिलीज कर दिया है। आईपीएल 2024 के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की समय सीमा रविवार शाम 5 बजे तक थी। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अपने कार्यभार और फिटनेस के प्रबंधन के कारण आईपीएल 2024 से बाहर होने का विकल्प चुना। फ्रेंचाइजी द्वारा 16.25 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद इंजरी ने उनकी आईपीएल 2023 भागीदारी को केवल दो मैचों तक सीमित कर दिया था। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन प्रिटोरियस को चेन्नई के विजयी आईपीएल 2023 सीजन में ज्यादा मौके नहीं मिले थे। चेन्नई द्वारा गुजरात टाइटंस को हराने के बाद रायडू ने आईपीएल से संन्यास ले लिया था। जबकि, जैमीसन पीठ की चोट के कारण 2023 सीजन के लिए उपलब्ध नहीं थे। चेन्नई द्वारा रिलीज किए गए अन्य खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज सिसंडा मगाला शामिल हैं, जो आईपीएल 2023 में चोटों से जूझ रहे थे।

## अक्षर और बिश्नोई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : प्रसिद्ध कृष्णा

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम



भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन-गेंदबाजी जोड़ी की प्रशंसा की, जिन्होंने 44 रनों की जीत के दौरान अपने महत्वपूर्ण विकेटों से टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला तिरुवनन्तपुरम में खेला गया, जिसमें भारतीय टीम ने 236 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में कंगारू टीम 191 रन ही बना सकी। भारत की ओर से तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई मैच में छाए रहे। दोनों को 3-3 विकेट भी मिले। जबकि, अक्षर, अर्शदीप और मुकेश कुमार ने 1-1 विकेट लिया। प्रसिद्ध ने मैच के बाद कहा, अक्षर और बिश्नोई ने जिस तरह से ओस पड़ने के बावजूद गेंदबाजी की वो शानदार था। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि भारत विशाखापत्तनम में टी-20 सीरीज के शुरूआती मैच से ही ओस से निपटने की योजना बना रहा था। इसका प्रभाव तिरुवनंतपुरम में शुरू हुआ जब मुकेश कुमार आठवां ओवर फेंक रहे थे। प्रसिद्ध ने कहा, ₹हम विजाग में भी ओस से निपटने की योजना बना रहे थे। लेकिन, सौभाग्य से हमें ऐसा नहीं करना पड़ा। हम जानते थे कि ओस एक बड़ी भूमिका निभाएगी। यह वास्तव में गीला था, यहां तक कि आठवें ओवर में जब मुकेश गेंदबाजी कर रहे थे, उन्होंने मुझे बताया कि बहुत अधिक ओस थी। यह भारत में खेलने की चुनौती का हिस्सा है। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमें इससे निपटना सीखना होगा। पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल की अनुपस्थिति के बाद प्रसिद्ध ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें हार्दिक पांड्या के प्रतिस्थापन के रूप में वनडे विश्व कप टीम में देर से शामिल किया गया।

### भारत के खिलाफ टी20 में हार झेल रही ऑस्ट्रेलिया को मिला कोच का साथ

**तिरुवनंतपुरम।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक मुख्य कोच आंद्रे बोरोवेक ने रविवार को दूसरे टी20 मैच में भारत से 44 रन से हार के बावजूद गेंदबाजी और बल्लेबाजी समूहों द्वारा दिखाए गए इरादे की सराहना की। बोरोवेक ने मैच के बाद बताया कि उनकी टीम ने सही फैसले लिए, लेकिन उसका सही समय पर पालन नहीं किया। यशस्वी जयसवाल, ईशान किशन और ऋतुराज गायकवाड़ के अर्धशतकों के बाद भारत ने ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में 235/4 का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहले दस ओवरों में अपने चार विकेट खो दिए। मार्कस स्टोइनिस और टिम डेविड ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 38 गेंदों पर 81 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया के लिए मोर्चा संभाले रखा। लेकिन, इन दोनों के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया मैच में काफी पीछे रह गई और 191 रन ही जोड़ पाई। भारत ने दूसार मैच 44 रन से जीता और पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई।

## अल्टीमेट खो-खो लीग का दूसरा संस्करण 24 दिसंबर से, ओडिशा करेगा मेजबानी

एजेंसी। नई दिल्ली



अपने पहले संस्करण की शानदार सफलता के बाद, अल्टीमेट खो खो एक बड़े और बेहतर दूसरे सीजन के लिए वापसी के लिए तैयार है। ओडिशा के कटक में जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम इस साल 24 दिसंबर से लीग की मेजबानी करेगा। घोषणा को सार्वजनिक करते हुए, अल्टीमेट खो खो के सीईओ और लीग कमिश्नर तेनजिंग नियोही ने टूनार्मेंट के पूर्ण समर्थन के लिए ओडिशा सरकार और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद दिया। नियोही ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''हम सीजन 2 के लिए उनके समर्थन के लिए ओडिशा सरकार और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उद्घाटन संस्करण की शानदार सफलता ने ब्रांडों की महत्वपूर्ण रुचि को आकर्षित किया है और हमें नए साझेदारों को सुरक्षित करने में मदद की है। नियोही ने कहा कि दूसरे सीजन का फोकस नए जमाने के सुपरस्टार बनाना और युवा प्रतिभाओं को उजागर करना है। नियोही ने कहा,''हमारा ध्यान उन साझेदारों को चुनने पर रहता है जो हमारी दीर्घकालिक दृष्टि को साझा करते हैं। सीजन 2 का लक्ष्य भविष्य के नए जमाने के सुपरस्टार तैयार करना है, खासकर मैदान पर युवा प्रतिभाओं की मौजूदगी के साथ। अल्टीमेट खो खो का उद्घाटन सत्र, जिसमें छह टीमें शामिल थीं, 14 अगस्त 14 से 4 सितंबर तक पुणे, महाराष्ट्र में श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया था। ओडिशा जगरनॉट्स शिखर मुकाबले में 46-45 के स्कोर के साथ तेलुगु योद्धा को हराकर उद्घाटन संस्करण का खिताब जीता था। लगभग 41 मिलियन दर्शकों की संख्या के साथ, अल्टीमेट खो खो, उस समय तीसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला गैर-क्रिकेट टूनार्मेंट बन गया था। ओडिशा जगरनॉट्स अल्टीमेट खो खो के 2023 संस्करण में अपने ताज की रक्षा के लिए लौटेंगे। वे ग्रुप-स्टेज के तीन गेम हारने के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन फाइनल में सबसे कम अंतर से जीत हासिल की। इस साल, वे जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में मौजूद घरेलू दर्शकों का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करना चाहेंगे।

## पंजाब हॉकी की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

एजेंसी। जालंधर



राउंडग्लास पंजाब हॉकी अकादमी (आरजीपीएचए) ने जालंधर में दो दिवसीय एक समृद्ध कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें पंजाब के विभिन्न कोनों से 30 कोचों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का आयोजन 24 और 25 नवंबर को किया गया था। कार्यशाला अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के शिक्षक जी.एस. संघा, यूएसए हॉकी टीम के पूर्व कोच शिव जगदेव और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉकी में हॉकी कोचिंग कार्यक्रम के प्रमुख दिनेश के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। स्पोर्ट्स, पटियाला का उद्देश्य खेल की सामरिक और तकनीकी पेचीदगियों पर प्रकाश डालते हुए कोचों के मूलभूत कौशल को मजबूत करना है। पंजाब भर में फैले आरजीपीएचए के विभिन्न जमीनी स्तर और विकास केंद्रों से आने वाले, उपस्थित कोच खेल की अपनी समझ को बढ़ाने के लिए एक सामूहिक प्रयास में एकजुट थे। दो दिवसीय व्यापक कार्यशाला में न केवल कोचों की बुनियादी बातों को निखारने पर ध्यान केंद्रित किया गया, बल्कि हॉकी के रणनीतिक आयामों पर भी चर्चा की गई। इस गहन अनुभव का उद्देश्य कोचों को सशक्त बनाना और उन्हें राज्य की उभरती हॉकी प्रतिभाओं को अपना नया ज्ञान प्रदान करने के लिए सक्षम बनाना है। आरजीपीएचए के सहायक तकनीकी निदेशक और 1980 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता द्रोणाचार्य राजिंदर सिंह ने कार्यशाला पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह आरजीपीएचए के जमीनी स्तर और विकास केंद्रों से जुड़े प्रशिक्षकों के लिए एक असाधारण अवसर रहा है। जिससे वे पंजाब भर में उभरते हॉकी सितारों को सलाह देने और उनका पोषण करने में सक्षम होंगे।

### 7वीं राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन सचिन और सागर चमके

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2022 के रजत पदक विजेता सागर (92+किग्रा) और 2021 विश्व युवा स्वर्ण पदक विजेता सचिन (57 किग्रा) ने रविवार को शिलांग में 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार जीत हासिल की। एसएससीबी के लिए खेलते हुए सचिन पहले राउंड से ही शानदार प्रदर्शन कर रहे थे। उनके लगातार आक्रमण और शक्तिशाली मुक्के पंजाब के विशाल कुमार के लिए बहुत मजबूत साबित हुए। सचिन ने आसानी से 5-0 की जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया। अब मंगलवार को राउंड 16 के मुकाबले में उनका मुकाबला राजस्थान के रोशन सैनी से होगा। दूसरी ओर, आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) का प्रतिनिधित्व करने वाले सागर को कड़ी मेहनत नहीं करनी पड़ी। लेकिन, शुभम सिंह के खिलाफ उन्हें जीत मिली। मंगलवार को राउंड-16 के मुकाबले में सागर की भिड़ंत एसएससीबी के सतीश कुमार से होगा।

### खेलो इंडिया वीमेंस किक बॉक्सिंग लीग में रांची पहले स्थान पर

## बच्चों को मेडल दे किया प्रोत्साहित, महिला खिलाड़ियों को मिलेंगे और अच्छे अवसर

संवाददाता। रांची



खेलगांव स्थित बाक्सिंग हॉल होटवार रांची में दो दिवसीय खेलो इंडिया वीमेंस किक बॉक्सिंग लीग संपन्न हुआ।
समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुमार गौरव (अध्यक्ष युवा आयोग) ने विभिन्न जिलों से आए 325 खिलाड़ियों व 75 ऑफियलस को संबोधित करते हुए कहा इस तरह की प्रतियोगिता से महिलाओं में आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। आज के परिवेश में महिलाएं पुरुष से कदम से कदम मिलाकर चल रही है। झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार एवं वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन पूरे भारत में 27 स्थान पर लीग का आयोजन कर रहा है। इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं को सीधी तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर प्रदान होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विषेष रूप से रांची के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान बनाया और जिस तरह राज्य में अपना परचम लहराया है।
उसी तरह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य एवं राष्ट्र का नाम ऊंचा करने का कार्य करें। पदक तालिका में रांची 23 स्वर्ण 13 कांस्य 27 रजत पदक प्राप्त कर पहला स्थान बनाया। दूसरे स्थान पर पू.सिंहभूम 13 स्वर्ण 5 रजत 2 कांस्य प्राप्त किया। वहीं तीसरे स्थान पर गोड्डा रहा 11 स्वर्ण 5 रजत 2 कांस्य चौथे स्थान पर धनबाद 10 स्वर्ण 4 रजत 2 कांस्य प्राप्त किए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुबोध कुमार सिंह प्रदेश मंत्री भाजपा डॉक्टर एम तौसीफ सदस्य झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग अनुपम हजारा उपाध्यक्ष झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन सुरेंद्र प्रसाद ऑब्जर्वर साईं उपस्थित रहे। इस अवसर पर झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव ओवैस अराफात, करण कुमार,रांची जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गुलाम जावेद वॉरिय उपाध्यक्ष विमल आनंद नाग आलोक श्रीवास्तव नौशाद खान, कोषाध्यक्ष कमल किशोर कच्छप उपस्थित थे।

### नई पहल | ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने मनोरंजन के क्षेत्र में रखा कदम

## स्टेज ओटीटी प्लेटफॉर्म में किया बड़ा निवेश

एजेंसी। नई दिल्ली



ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने दुनिया के पहले क्षेत्रीय बोली ओटीटी प्लेटफॉर्म ''स्टेज'' में निवेश किया है। नीरज का निवेश भारत की क्षेत्रीय बोलियों में निहित विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने और बढ़ाने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है, जो स्टेज प्लेटफॉर्म के माध्यम से सांस्कृतिक पुनरुत्थान के एक नए युग की शुरूआत करता है।
स्टेज के सीईओ और सह-संस्थापक विनय सिंघल ने पानीपत में नीरज के पैतृक गांव खंडरा में इस ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा की। इस अवसर पर विनय सिंघल ने कहा, हम कहानी कहने की सम्मोहक शक्ति और क्षेत्रीय सामग्री की एकीकृत क्षमता में विश्वास करते हैं। नीरज चोपड़ा की भागीदारी हमारे मिशन में एक प्रभावशाली और प्रासंगिक आयाम जोड़ती है, और हम उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। इस अवसर पर नीरज चोपड़ा ने कहा, हम जहां से आए हैं वहां सांस्कृतिक संरक्षण और गौरव हमारी पहचान के ताने-बाने में बुना हुआ है। स्टेज में मेरा निवेश हमारी विविध क्षेत्रीय बोलियों की लौ को फिर से जगाने की इच्छा से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। हम सुप्त भाषाओं को फिर से जागृत करने और हर आवाज को सशक्त बनाने के लिए एक साथ यात्रा शुरू करेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारी सांस्कृतिक विरासत इस मंच के माध्यम से अपने वास्तविक रूप में पनपे। एसोसिएशन के बारे में बात करते हुए, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीओओ दिव्यांशु सिंह ने कहा, नीरज एक वैश्विक आइकन हैं जो बहुत स्थानीय हैं और अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन वह अपने प्रति सच्चे रहे हैं। व्यक्तित्व, और उस दृष्टिकोण से, हमें लगता है कि यह एक बहुत ही रणनीतिक साझेदारी है। स्टेज, जो एक बहुत ही बोली-केंद्रित ओटीटी प्लेटफॉर्म है, के साथ एक निवेशक के रूप में उनका आना उनके और ब्रांड के लिए बहुत प्रासंगिक है। यह एक दीर्घकालिक साझेदारी है एसोसिएशन, और हम जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में उनके लिए सुविधा प्रदान करके बहुत खुश हैं। बता दें कि स्टेज के 6 मिलियन से अधिक इंस्टाल हैं और 550,000 से अधिक भुगतान करने वाले ग्राहकों का एक समर्पित समुदाय है। यह आँकड़ा न केवल प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता को प्रमाणित करता है, बल्कि नीरज चोपड़ा के निवेश से होने वाले महत्वपूर्ण प्रभाव की भी पुष्टि करता है।

## बीबीएल सीजन 13 में वापसी करेंगे स्टीव स्मिथ

एजेंसी। नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने एक बार फिर सिडनी सिक्सर्स की मैजेंटा जर्सी पहनकर बिग बैश लीग (बीबीएल) में अपनी वापसी का खुलासा किया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में 8 दिसंबर को बीबीएल सीजन 13 का पहला मैच होगा, जहां सिडनी सिक्सर्स का मुकाबला मेलबर्न रेनेगेड्स से होगा। क्रिकेट.कॉम.एयू के हवाले से स्मिथ ने कहा कि फ्रेंचाइजी के साथ वापस आना बहुत अच्छा है और वह आगामी सीजन में अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। स्मिथ ने कहा, सिक्सर्स शर्ट में वापस आना बहुत अच्छा है। मेरे पास सिक्सर्स के लिए खेलने की कुछ बहुत अच्छी यादें हैं। इसलिए मैं फिर से वहां जाने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि, बीबीएल 13 में स्मिथ की उपस्थिति की संख्या अनिश्चित बनी हुई है। रेनेगेड्स के खिलाफ शुरूआती मुकाबले में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित है। बहुप्रतीक्षित खेल में स्मिथ अपने विश्व कप विजेता टीम के साथी एडम जम्पा से भिड़ सकते हैं, जो हाल ही में स्टार्स से रेनेगेड्स में स्थानांतरित हुए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियन में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए स्मिथ ने हाल ही में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाई है, जो कि टी20 में ऑस्ट्रेलिया के लिए इस स्थिति की गारंटी देने की उनकी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप एक सोचा-समझा कदम है।

## एक नजर

### मारुति सुजुकी इंडिया का ऐलान, जनवरी में बढ़ेगी वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआई) ने जनवरी से अपनी कार की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। इसलिए ग्राहकों को सस्ते में कार खरीदने का मौका 31 दिसंबर तक ही है। मारुति सुजुकी ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि कंपनी महंगाई और कमोडिटी की बढ़ती कीमतों के कारण वह जनवरी, 2024 से अपने वाहनों की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है। एमएसआई ने कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी सभी मॉडलों के लिए अलग-अलग होगी। हालांकि, कंपनी ने वाहनों के कितने दाम बढ़ाए जाएंगे, इसकी जानकारी नहीं दी है। एमएसआई कम कीमत की छोटी कार ऑल्टो से लेकर मल्टी-यूटिलिटी वाहन इनविक्टो तक वाहनों की एक श्रृंखला बेचती है। इनकी कीमत 3.54 लाख रुपये से 28.42 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) के बीच है।

### गुरु नानक जयंती पर बैंकों में छुट्टी, शेयर बाजार भी बंद

**नई दिल्ली।** गुरु नानक जयंती पर आज शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार और कुछ जगहों पर बैंक बंद हैं। इसके अलावा कमोडिटी फ्यूचर मार्केट में सोमवार को ट्रेडिंग नहीं होगी। अब शेयर बाजार में मंगलवार को सामान्य कारोबार होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर उपलब्ध छुट्टियों की लिस्ट के मुताबिक शेयर बाजार में इस कैलेंडर ईयर में कुल 15 छुट्टी हैं, जिसमें से 14वां हॉलिडे आज है। इसके बाद 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। इससे पहले पिछले हफ्ते शुक्रवार 24 नवंबर को शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच गिरावट के साथ बंद हुए थे।


### एसएंडपी ने भारत की जीडीपी ग्रोथ अनुमान को बढ़ा कर 6.4 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ा दिया है। रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ के अनुमान को छह फीसदी से बढ़ा कर 6.40 फीसदी कर दिया है। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट को 6.9 फीसदी से घटा कर 6.40 फीसदी कर दिया है। एसएंडपी ग्लोबल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6 फीसदी से बढ़ा कर 6.40 फीसदी कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के आसार दिख रहे हैं। एसएंडपी का कहना है कि घरेलू स्तर पर अर्थव्यवस्था को जोरदार सपोर्ट मिल रहा है। ऐसे में महंगाई और कमजोर एक्सपोर्ट भी अर्थव्यवस्था की विकास दर को कमजोर नहीं कर पाएगा और भारत के जीडीपी में जबरदस्त उछाल आएगा। एसएंडपी के मुताबिक भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अनुमान से तेज गति से बढ़ेगी, लेकिन आगामी वित्त वर्ष 2022-4-25 में इसकी रफ्तार थोड़ी सुस्त हो सकती है।

# अदाणी पोर्ट्स में स्थायी बढ़ोतरी तय, शेयर करेंगे बेहतर प्रदर्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिसर्च फर्म के मुताबिक, कंपनी प्रबंधन का फोकस बढ़ोतरी और कर्ज.के बीच संतुलन स्थापित करने की तरफ शिफ़्ट हो रहा है. गोल्डमैन सैक्स ने इसके लिए ऑर्गैनिक पोर्ट वॉल्यूम में बढ़ोतरी, म्यांमार पोर्ट में बिक्री, श्रीलंका पोर्ट में नए निवेश तथा जारी युद्ध के बावजूद हाइफा बंदरगाह (इजराइल) में मामूली व्यवधान का हवाला दिया. इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के लिए अपने अर्निंग एस्टिमेट बढ़ा दिए हैं, और इसके लिए अच्छी बढ़ोतरी तथा पूरी तरह इन्टीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स व्यवसाय के बूते मार्केट शेयर से होने वाले लाभ और प्राइसिंग पॉवर में बढ़ोतरी की संभावना का हवाला दिया. रिसर्च फर्म के मुताबिक, कंपनी प्रबंधन का फोकस बढ़ोतरी और कर्ज.के बीच संतुलन स्थापित करने की तरफ शिफ़्ट हो रहा है. गोल्डमैन सैक्स ने इसके लिए ऑर्गैनिक पोर्ट वॉल्यूम में बढ़ोतरी, म्यांमार पोर्ट में बिक्री, श्रीलंका पोर्ट में नए निवेश तथा जारी युद्ध के बावजूद हाइफा बंदरगाह (इजराइल) में मामूली व्यवधान का हवाला दिया. हमारा मानना है कि शेयरों के इसके बाद बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए, खासतौर से उस स्थिति में, जब साल के उत्तरार्द्ध में बढ़ोतरी आश्चर्यजनक रहे. गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि कंपनी अपने वित्तवर्ष 2024 के वॉल्यूम गाइडेंस से आगे निकल जाएगी. ब्रोकरेज फर्म ने शेयर पर 'बाय' (खरीदें) रेटिंग को बरकरार रखा है, और टारगेट प्राइस को भी 820 रुपये से बढ़ाकर 855 रुपये कर दिया है, जिसकी बदौलत 7.85 फीसदी की बढ़ोतरी की संभावना है. रिसर्च फर्म ने दूसरी तिमाही की आय को शामिल करने के बाद अपने अनुमान को अपडेट किया है, तथा मजबूत वॉल्यूम और नए बंदरगाहों में रैम्प-अप के मद्देनजर वॉल्यूम अनुमानों में 3 फीसदी की बढ़ोतरी की है.



**20 विश्लेषकों में से 19 ने स्टॉक पर 'खरीद' रेटिंग बनाए रखी**

अदाणी पोर्ट्स के शेयर दोपहर 2:14 बजे ठएए पर लगभग अपरिवर्तित निफ्टी 50 की तुलना में 0.14 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 792.95 रुपये पर कारोबार कर रहे थे. ब्लूमबर्ग डेटा के मुताबिक, अदाणी पोर्ट्स पर नजर रखने वाले 20 विश्लेषकों में से 19 ने स्टॉक पर 'खरीद' रेटिंग बनाए रखी है, जबकि एक ने 'होल्ड' करने की सलाह दी है. 12-महीने के एनैलिस्ट प्राइस टारगेट का औसत 19 फीसदी की संभावित बढ़ोतरी का संकेत देता है.

### इंडिगो ने टिकट बुकिंग के लिए जीपीटी-4 तकनीक के साथ एआई चैटबॉट पेश किया

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने जीपीटी-4 तकनीक द्वारा संचालित एक एआई चैटबॉट, 6 ईस्काई लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य 10 अलग-अलग भाषाओं में यात्रियों के प्रश्नों के जवाब देना और संपूर्ण नेटवर्क पर देश भर में टिकट बुकिंग के लिए अपनी तरह का पहला प्लेटफॉर्म पेश करना है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के निकट सहयोग से इंडिगो की डिजिटल टीम द्वारा पूरी तरह से इन-हाउस विकसित, एआई चैटबॉट एयरलाइन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस सफलता के साथ, इंडिगो यात्रियों के अनुभव को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक एआई तकनीक का उपयोग करने वाली क्षेत्र की पहली कुछ एयरलाइनों में से एक बन गई है। प्रवक्ता ने कहा, सॉफ्ट लॉन्च के शुरूआती नतीजों से ग्राहक सेवा एजेंट के कार्यभार में उल्लेखनीय 75 प्रतिशत की कमी का संकेत मिलता है, जो बॉट की दक्षता और प्रभावशीलता को दशार्ता है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू टीप ब्लैक कलर में लॉन्च किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कुशाक और स्लाविया में कई नए और सेगमेंट में पहली बार शानदार फीचर्स पेश करने के तुरंत बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने इन दोनों कारों के एक नए, खास वर्जन को लॉन्च करने की घोषणा की है। एलिगेंस एडीशन नाम की दोनों कारों का उत्पादन सीमित मात्रा में किया जाएगा। ये कारें खासतौर पर 1.5 टीएसआई इंजन के साथ उपलब्ध होंगी। इस बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र सॉल्क ने कहा, कुशाक और स्लाविया का एलिगेंस एडीशन एक लिमिडेट एडीशन के रूप में लॉन्च किया जाएगा। कुशाक और स्लाविया के क्लासिक ब्लैक कलर की जोरदार मांग देखने को मिली है। हम अपने प्रोडक्ट्स ग्राहकों की रुचि और पसंद को ध्यान में रखते हुए बनाते हैं। हमारा विश्वास है कि कुशाक और स्लाविया के एलिगेंस एडिशन की खूबसूरती और इनका नया रंग कार डिजाइनिंग की समझ रखने वाले ग्राहकों को आकर्षित करेगा और साथ कार खरीदने वाले का गर्व का अहसास कराना जारी रखेगा।



**कैसी होगी डिजाइन**

कुशाक और स्लाविया के एलिगेंस एडिशन की ये दोनों कारें एकदम नए और शानदार डीप ब्लैक पेंट में पेश की जा रही हैं। ग्रिल, ट्रंक गार्निश और विंडो गार्निश जैसे एलिमेंट्स में क्रोम फिनिश पहले की तरह ही बना रहेगा। इन कारों की खूबसूरती को बढ़ाने को लिए क्रोम लोअर डोर गार्निश दिया गया है। इसके साथ ही बी पिलर्स पर कैलीग्राफी के जरिए शब्द उकेरा गया है। स्लाविया में क्रोम ट्रंक गार्निश और एक स्कफ प्लेट दिया गया है जिस पर शब्द उकेरा गया है।

**देश के सबसे बड़े भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का समापन**

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आकर्षण का केन्द्र रहा झारखंड पवेलियन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में व्यापार प्रदर्शन का सबसे बड़ा मेला भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 का समापन हुआ। मेले में प्रमुख आकर्षण में फोकस स्टेट झारखण्ड पवेलियन भी रहा। मेले के आखिरी दिन झारखण्ड पवेलियन में लोगो की खासी भीड़ देखने को मिली। समापन में लोगो ने पवेलियन में दिए जा रहे आकर्षक छूट पर खूब खरीदारी की। झारखण्ड पवेलियन के डायरेक्टर श्री एस आर पासवान ने बताया कि इस वर्ष मेले में झारखण्ड पवेलियन की बिक्री लगभग 45000 लाख रही, अगली साल झारखण्ड पवेलियन और ज्यादा आकर्षक उत्पादों तथा जानकारियों के साथ अपने पवेलियन को सुसज्जित करेगा। इस अवसर पर पवेलियन में भाग लेने वाले सभी सरकारी और निजी स्टालों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया। जिसमे झारखंड पर्यटन को प्रथम, झारखंड माइंस को दुतीय और झारखंड फॉरेस्ट को तृतीय स्थान दिया गया। झारखंड सूचना विभाग की अहम भूमिका की प्रसंशा की। खुदुरा विक्रेता में लाह की चूड़ियां बेचने वाले झाबर मल को प्रथम स्थान दिया गया।उन्होंने कहा झारखण्ड पवेलियन में भाग लेने वाले सभी सहभागियों ने बहुत ही कुशलता से प्रगति मैदान के इस मंच पर अपना प्रदर्शन किया। उद्योग विभाग सभी के सहयोग की सराहना करता है।



### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में आज (सोमवार) गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक आज दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.63 डॉलर यानी 0.78 फीसदी की गिरावट के साथ 79.85 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.68 डॉलर यानी 0.90 फीसदी लुढ़ककर 74.86 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## विदेश

# नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाके में ठंड से मरने वालों की संख्या 15 हुई

**एजेंसी। काठमांडू**

मौसम का पारा गिरने के साथ ही नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाकों जाजरकोट और रूकुम पश्चिम में खुले आसमान के नीचे गुजर बसर कर रहे लोगों की मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। महज एक तिरपाल के सहारे रह रहे इन भूकंप पीडितों को रात गुजारना और अधिक मुश्किल होता जा रहा है। ठंड के कारण इन दोनों जिलों में मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। मरने वालों में अधिकतर बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं हैं। बुजुर्गों की ठंड के कारण निमोनिया से मौत हो रही है जबकि अन्य लोगों में कई दूसरी बीमारियां मौत का कारण बन रही हैं। बीती रात ठंड के कारण ही नलगाड नगरपालिका वार्ड नम्बर 8 निवासी एक गर्भवती महिला शर्मिला चादार की मौत होने जानकारी वार्ड अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने दी है। इसी तरह रविवार सुबह एक नवजात शिशु मृत पाया गया। भेरी नगरपालिका के वार्ड नम्बर 2 में भूकंप पीड़ितों के लिए बनाए गए आश्रय स्थल में एक महीने की नवजात निरूता पुन की ठंड से ठिठुरकर मौत हो गई। 3 नवम्बर को जाजरकोट को केन्द्र विन्दु बनाकर आए 6.4 की तीव्रता के भूकंप के बाद बेघर हुए लोगों की मौत लगातार ठंड के कारण हो रही है। जाजरकोट और रूकुम पश्चिम दोनों ही पहाड़ी इलाके हैं, जहां सितम्बर - अक्टूबर से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो जाती है। इस समय दोनों जिलों के ऊपरी हिस्से में तो बर्फबारी भी शुरू हो गई है। इसके कारण वहां का तापमान रात को 5 - 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। ठंड के कारण भूकम्प पीडितों को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है।



## तिब्बत

**दस महीनों में स्वायत्त प्रदेश में 1.5 गुणा बढ़ा व्यापर**

# व्यापार का कुल मूल्य 9 अरब युआन से अधिक हो गया

**एजेंसी। बीजिंग**

हाल ही में ल्हासा सीमा शुल्क से मिली खबर के अनुसार, इस वर्ष के पहले दस महीनों में तिब्बत स्वायत्त प्रदेश में माल व्यापार का कुल आयात और निर्यात मूल्य 9.357 अरब युआन तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के पहले दस महीनों की तुलना में 1.5 गुना अधिक था, जिसकी वृद्धि दर देश में पहले स्थान पर है। इस वर्ष के पहले दस महीनों में तिब्बत के विदेशी व्यापार का कुल मूल्य 9 अरब युआन से अधिक हो गया उनमें से निर्यात 8.384 अरब युआन था, जो 1.4 गुना अधिक था। वहीं, आयात 97.3 करोड़ युआन था, जो 3.1 गुना ज्यादा था और व्यापार अधिशेष 7.411 अरब युआन था।

पहले दस महीनों में, तिब्बती उद्यमों ने 169 देशों और क्षेत्रों के साथ आयात और निर्यात व्यापार किया है, यह संख्या पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 75 ज्यादा थी, जाहिर है कि व्यापार भागीदारों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नेपाल तिब्बत स्वायत्त प्रदेश का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, नेपाल में तिब्बत का आयात और निर्यात मूल्य 60.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.145 अरब युआन तक पहुंच गया। वहीं, ₹बेल्ट एंड रोड₹ के संयुक्त निर्माण वाले देशों में तिब्बत का आयात और निर्यात 69.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.852 अरब युआन तक पहुंच गया। तिब्बत ने चीन-नेपाल संबंधों को गहरा करने और पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग का विस्तार करने में सक्रिय भूमिका निभाई है। पहले दस महीनों में, नेपाल के साथ चीन के व्यापार का कुल मूल्य 10.213 अरब युआन था, जिसमें गत वर्ष के समान समय की तुलना में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान, नेपाल के साथ तिब्बत का व्यापार 21 प्रतिशत का हिस्सा था और इसके और बढ़ने की उम्मीद है।



### चीन में क्यों बढ़ रही सांस की बीमारी, स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताई वजह

**बीजिंग।** चीन में रहस्यमयी बीमारी के बाद अस्पताल में बच्चों की लंबी कतार के बीच वहां के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बीमारी को फ्लू और अन्य ज्ञात रोगजनकों के कारण होना बताया है। मंत्रालय ने देश में नए वायरस की आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया। चीन में लगातार सांस की बीमारी को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) भी चिंता जता चुका है। मंत्रालय ने कहा कि देश में बच्चों में तेजी से बढ़ रहा सांस की बीमारी आम वायरस के कारण है। मंत्रालय के प्रवक्ता मी फेंग ने कहा कि यह बीमारी इन्फ्लुएंजा वायरस, राइनोवायरस, रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस, एडिनोवायरस के साथ-साथ माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसे बैक्टीरिया के कारण है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लोगों की संख्या को देखते हुए क्लीनिकों और उपचार क्षेत्रों को खोलने, सेवा के घंटे बढ़ाने और दवाओं की आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पेज एक के शेष

### 85 घाटों में ...

उसके बाद चेतसिंह घाट पर लेजर व प्रोजेक्शन शो देखे। फिर काशी विश्वनाथ धाम पर पहली बार चलने वाले प्रोजेक्शन शो देखा। काशी वासियों व सैलानियों ने गंगा पार रेती पर शिव के भजनों के साथ पटाखा शो का भी आनंद लिया। गंगा द्वार व श्री काशी विश्वनाथ धाम पर आधारित काशी का महत्व तथा कॉरिडोर निर्माण संबंधी बातें लेजर शो के मार्फत बतायी गयी।

### 'जब तक में...

को वे हरा-भरा रखते आए हैं। हम आदिवासी संताल गरीब जरूर हैं, लेकिन आज तक किसी के धर्म या किसी की कोई भी चीज हो हम गलत नजर से नहीं देखते। हम शांति और सद्भाव से हमेशा रहना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लुगुबुरू के इतिहास को संजों कर रखना है। अगर ऐसा नहीं होगा तो आने वाली पीढ़ी इस संबंध में कैसे जान सकेगी। हमें अपने धर्म के प्रति जागरूक रहना है और अपने कर्तव्य को निभाना है। हर समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। पहले तीर धनुष से लड़ाई लड़ी जाती थी, अब बुद्धि से लड़ाई होती है। इसलिए शिक्षा का महत्व है। इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बेबी देवी, पूर्व विधायक सह राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त योगेन्द्र महतो, लुगुबुरु घंटाबाड़ी के अध्यक्ष बबुली सोरेन, उपाध्यक्ष बहाराम हांसदा, सचिव लोबिन मुर्मू, उपसचिव मिथिलेश किस्कू, उपायुक्त बोकारो,आरक्षी अधीक्षक बोकारो एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### नीतीश जो मौका ...

अनावरण समारोह में तमिलनाडु कांग्रेस के नेता भी उपस्थित थे, इसलिए क्या कांग्रेस को भी इस पर बीती ताहि बिसार, आगे की सुध लेने की रणनीति पर चलने की दिशा में बढ़ा हुआ माना जाए? यह सब अगले कुछ माह में स्पष्ट हो जाएगा। फि लहाल पिछड़ों व यादवों में यह संदेश तो चला गया कि अखिलेश ने भी वीपी सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह में चेन्नई जाकर अच्छा काम किया है।यह करके उन्होंने स्टालिन के साथ मंडल -2 की मुहिम की लीड ले ली। जबकि यह मौका पहले नीतीश को मिला था। नीतीश और रामविलास पासवान से बहुत से उनके खास नेताओं, सांसदों ने कई बार कहा कि आप पटना में वीपी सिंह की एक आदमकद प्रतिमा लगवा दीजिए। इसका अच्छा संदेश पिछड़ों,अति पिछड़ों , दलितों सहित उन सब में चला जाएगा जो मंडल कमीशन लागू होने के चलते नौकरी से लेकर राजनीति तक में ऊँचा पद व लाभ ले रहे हैं, उनके समाज को सम्मान मिला है। यह करने से वीपी सिंह के प्रति एक कृतज्ञता व्यक्त करना भी हो जाएगा। लेकिन लगता है वीपी से भी बड़ा पिछड़ा -अति पिछड़ा मसीहा बनने के चक्कर में नीतीश तथा दलित मसीहा बनने के चक्कर में रामविलास पासवान ने वीपी सिंह की प्रतिमा नहीं लगवाए,बड़ा मन नहीं दिखाए। यह काम किया दक्षिण भारत के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने। उन्होंने उप्र से अखिलेश यादव को प्रतिमा अनावरण में बुलाकर अखिलेश को भी बड़ा सम्मान व अवसर दिया। अखिलेश तो अभी उप्र के मुख्यमंत्री नहीं हैं , वह तो लखनऊ में वीपी सिंह की आदमकद प्रतिमा उस स्तर पर नहीं लगवा सकते, लेकिन नीतीश तो अभी बिहार के मुख्यमंत्री हैं। वह चाहें तो अब भी बिहार की राजधानी पटना में वीपी सिंह की आदमकद प्रतिमा लगवा सकते हैं। क्या वह भविष्य के मद्देनजर इस बचे अवसर को लपकेंगे?

### मुख्य सूचना आयुक्त ...

बना जा सकता है। इस संबंध में कार्मिक विभाग की ओर से इसके लिए आवेदन मांगा गए हैं, जिसमें अब तक करीब 600 से अधिक आवेदन समाजसेवियों, पत्रकारों व अन्य बुद्धिजीवियों ने किए हैं।

### पेड़ लगाओ ...

अथवा घरों के परिसर में पेड़ रहेंगे, उपभोक्ताओं को बिजली बिल में छूट का यह लाभ मिलता रहेगा। इस योजना का उद्देश्य राज्य के शहरी क्षेत्रों में हरियाली को विकसित करना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है। आवासीय परिसरों में लगाए गए पेड़ों की गणना नगर निकाय करेगा और इसकी सूची वन विभाग को सौंपी जाएगी। वन विभाग पेड़ों की सूची के आधार पर इसकी मॉनिटरिंग करेगी और पेड़ों की लंबाई चौड़ाई मापने के बाद इस योजना के योग्य लाभुकों की सूची बिजली विभाग को सौंपेगा।

### ऑनलाइन ऑर्डर से...

संबंधित बीमारियों के अलावा कैंसर जैसे गंभीर रोगों का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों ने इस अध्ययन के दौरान पाया कि घर के बाहर बने खाने में वसा और सोडियम की मात्रा बहुत अधिक जबकि इसमें पोषक तत्वों, फल, सब्जियां, साबुत अनाज और एंटीऑक्सीडेंट जैसे सुरक्षात्मक तत्वों की मात्रा बहुत ही कम होती है। इस तरह के भोजन का लगातार सेवन करना कई प्रकार से हमारे सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि वैसे तो कुछ रेस्त्रां में गुणवत्तापूर्ण भोजन दिए जाने का दावा किया जाता है, लेकिन घर पर बने भोजन के मुकाबले इनमें पौष्टिकता की मात्रा बेहद कम होती है।

हाल ही में एक रिपोर्ट आई कि भारत प्रतिदिन रिकॉर्ड पांच करोड़ ऑनलाइन ऑर्डर देनेवाला विश्व का अग्रणी देश है जिसमें खाने का ऑर्डर भी शामिल है। कभी वृद्ध और विकलांग लोगों के लिए विदेशों में शुरू हुई ऑनलाइन ऑर्डर की व्यवस्था से न सिर्फ हमारी छोटी दुकानों वाली पारंपरिक अर्थव्यवस्था चौपट हो रही है बल्कि परिवारों के बिखरने का डर भी बना हुआ है जैसे अमेरिका में हुआ था।

1980 के दशक के प्रसिद्ध अमेरिकी अर्थशास्त्रियों ने अमेरिकी लोगों को चेतावनी दी थी कि यदि वे परिवार में ऑर्डर देकर बाहर से भोजन मंगवाएंगे तो देश में परिवार व्यवस्था धीरे धीरे समाप्त हो जाएगी और यदि उन्होंने बच्चों का पालन पोषण घर के सदस्यों के स्थान पर बाहर से पालन पोषण की व्यवस्था की तो यह भी बच्चों के मानसिक विकास व परिवार के लिए घातक होगा। बहुत कम लोगों ने उनकी सलाह मानी। घर में खाना बनाना लगभग बंद हो गया है और बाहर से खाना मंगवाने की आदत (यह अब नॉर्मल है), अमेरिकी परिवारों के विलुप्त होने का कारण बनी है जैसा कि विशेषज्ञों ने चेतावनी दी थी।

### आज भारत में ...

समस्या से हम मुक्त हो गए हैं। इस कारण भारत में भी परिवार धीरे-धीरे अमेरिकी परिवारों की तरह नष्ट हो रहे हैं। जब परिवार नष्ट होते हैं तो मानसिक और शारीरिक दोनों ही स्वास्थ्य बिगड़ते हैं। बाहर का खाना खाने से अनावश्यक खर्च के अलावा शरीर मोटा और संक्रमण के प्रति संवेदनशील और बीमारीयों का घर हो जाता है। शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक है। इसलिए हमारे घर के बड़े-बूढ़े हमें बाहर के खाने से बचने की सलाह देते थे। लेकिन आज हम अपने परिवार के साथ रेस्त्रां में खाना खाते हैं और बहुधा मेहमानों को भी ले जाते हैं। स्विगी और जोमैटो के माध्यम से अजनबियों द्वारा पकाए गए (विभिन्न केमिकल युक्त) भोजन को ऑनलाइन ऑर्डर करना और खाना, उच्च शिक्षित, मध्यमवर्गीय लोगों के बीच भी फैशन बनता जा रहा है। आज हमारा खाना हम तय नही कर रहे उलटे ऑनलाइन कंपनियां विज्ञापन के माध्यम से मनोवैज्ञानिक रूप से तय करती हैं कि हमें क्या खाना चाहिए। हमारे पूर्वज निरोगी और दीघार्यु इस लिए होते थे कि वो घर क्या यात्रा पर जाने से पहले भी घर का बना ताजा खाना बनाकर ही ले जाते थे । इसलिए घर में ही बनाएं और मिलजुल कर खाएं। पौष्टिक भोजन के अलावा, इसमें प्रेम और स्नेह निहित है। किसी भारतीय को अपना बनाने के लिए अपने घर में भोजन कराएं।

### लोन के नाम पर ...

मेसो ऑनलाइन शॉपिंग, धानी लोन एप और लॉटरी लगाने का झांसा देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। उसने पुलिस को बताया कि गिरोह का सरगना हिमांशु है। वहीं आरोपी सुधांशू आईडीबीआई बैंक का कर्मी है। पूछताछ में आरोपी ने गिरोह के बारे में पुलिस को पूरी जानकारी दी है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

**डेढ़ साल से लोगों को ठगी का बना रहा शिकार :** आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह डेढ़ साल से लोगों को फोन कर ठगी का शिकार बना रहा है। उसने बताया कि उसके गिरोह के सदस्य शिवम ने फेसबुक पर धानी इंस्टेंट पर्सनल लोन एप का जाली प्रचार डाल देता था। जिससे लोन लेने वाले लोग इनको फोन करते थे। वह खुद को उस कंपनी का प्रतिनिधि बताता था। लोन लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की राशि वह अपने फर्जी फोन नंबर पर यूपीआई पेमेंट से मंगवाता था। उसने पुलिस को यह भी जानकारी दी कि उसके गिरोह के सभी साथियों के पास फर्जी आधार कार्ड के जरीए सिम कार्ड लेकर लोगों को फोन करते हैं और ठगी का शिकार बनाते हैं।

**हथियार की तस्वीर डालकर ठगी :** आरोपी सूरज ने पुलिस को बताया कि उसने फेसबुक पर फर्जी हथियार की तस्वीर और फोन नंबर भी डाला था। जिसके बाद कई लोगों ने उससे हथियार खरीदने के लिए संपर्क किया था। उन्हें भी ठगी का शिकार बनाया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### प्रधानमंत्री ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना



**तिरुपति।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज (सोमवार) सुबह भगवान व्यंकटेश्वर के दर्शन कर तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री ने तिरुपति बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना के कुछ फोटो अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपलोड किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में 140 करोड़ भारतीयों के अच्छे स्वास्थ्य, कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।' पूजा के दौरान वो पारंपरिक पोशाक एक धोती और शॉल में नजर आए।

### उपराष्ट्रपति के सचिव बने सुनील कुमार गुप्ता

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता को दूसरे कार्यकाल के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का सचिव नियुक्त किया गया है।

# तेलंगाना में भाजपा सत्ता में आई तो सीएम ओबीसी समुदाय का : मोदी

**एजेंसी। महबूबाबाद**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सत्ता में आने पर तेलंगाना में मुख्यमंत्री ओबीसी समुदाय से होगा। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के महबूबाबाद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के लोग बीआरएस सरकार को हटाने और भाजपा को वोट देकर सत्ता में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस-कांग्रेस दोनों ही तेलंगाना को विनाश के रास्ते पर ले गए हैं। उन्होंने दोहराया, यह भाजपा का वादा है कि सत्ता में आने पर तेलंगाना में ओबीसी समुदाय से एक सीएम होगा।

केसीआर और बीआरएस के बुरे इरादों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, केसीआर और बीआरएस दोनों ने भाजपा के बढ़ते महत्व को महसूस किया और हमारे साथ गठबंधन करना चाहते थे। लेकिन मोदी कभी भी तेलंगाना के लोगों की इच्छाओं के खिलाफ नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि अब, चूंकि भाजपा ने बीआरएस और केसीआर को खारिज कर दिया है, वे निराश हैं और भाजपा और मेरी लगातार आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्ट



बीआरएस के साथ गठबंधन नहीं करने की मोदी की गारंटी है।

बीआरएस शासित तेलंगाना में शासन की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बीआरएस के फार्महाउस सीएम तेलंगाना की परंपरा और प्रौद्योगिकी की दोहरी पहचान को नष्ट कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, भाजपा तेलंगाना को बीआरएस के नेतृत्व वाले भ्रष्टाचार, माफिया शासन और अंधविश्वास से मुक्त कराना अपनी जिम्मेदारी मानती है। उन्होंने कहा कि जहां बीआरएस को तेलंगाना से बाहर करना महत्वपूर्ण है, वहीं भ्रष्ट कांग्रेस को सत्ता में आने से रोकना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा, बीआरएस-कांग्रेस भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और वंशवादी राजनीति पर आधारित एक ही स्टीयरिंग व्हील वाली कार है।

उन्होंने कहा कि बीआरएस-कांग्रेस दोनों अराजकता और दलित, एसटी और ओबीसी की घोर उपेक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। इसके विपरीत यह भाजपा सरकार है, जिसने बंजारा, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू के डीएनटी के लिए एक कल्याण बोर्ड की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने संत सेवालाल जी महाराज की विरासत को प्राथमिकता दी ताकि उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान के साथ याद किया जा सके।

मडिगा समुदाय के समग्र सशक्तिकरण के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भाजपा मडिगा समुदाय के साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करने के लिए एक कल्याण समिति स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। छोटे और सीमांत किसानों के समर्थन में मोदी ने कहा कि बीआरएस सरकार की किसानों की उपेक्षा करने की नीति के विपरीत हमने सच्चे सामाजिक न्याय को सक्षम करने के लिए पीएम-किसान और यूरिया सब्सिडी जैसी पहल के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने की मांग की है।

### कांग्रेस-बीआरएस के बीच तेलंहाना में है डील : अमित शाह



**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के बीच एक गुप्त समझौता है। उन्होंने दावा किया कि डील के तहत चंद्रशेखर राव को कांग्रेस एक बार फिर तेलंगाना का मुख्यमंत्री बनने के लिए समर्थन दे रही है और बदले में बीआरएस राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनने में मदद करेगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद खाली नहीं है। नरेंद्र मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। शाह पार्टी विधायक एटाला राजेंदर के समर्थन में करीमनगर जिले के हुजूराबाद निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने कहा कि जब भी कांग्रेस के विधायक चुने गए, वे बीआरएस में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ बीआरएस सरकार के खिलाफ जनता में गुस्सा है और कोई नहीं चाहता कि केसीआर दोबारा मुख्यमंत्री बनें। शाह ने कहा, बीआरएस को वीआरएस देने और उनकी कार (बीआरएस चुनाव चिह्न) को गैरेज में भेजने का समय आ गया है। उन्होंने कांग्रेस, बीआरएस और एमआईएम पर एक होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनमें से किसी को भी वोट देना भ्रष्टाचार और परिवारवाद के लिए वोट होगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने तीनों पार्टियों पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण में शामिल होने का भी आरोप लगाया और कहा कि उनके लिए वोट रजाकारों के समर्थकों के लिए वोट होगा। शाह ने दोहराया कि केसीआर 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' का समर्थन नहीं कर रहे हैं। वह एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से डरते हैं। उन्होंने यह भी वादा किया कि सत्ता में आने पर भाजपा मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण खत्म कर देगी। शाह ने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में तेलंगाना को सात लाख करोड़ रुपये दिए। अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आती है तो यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'नंबर एक' राज्य बन सकता है।

# बीआरएस केवल चुनाव प्रबंधन करती है : प्रियंका

**एजेंसी। हैदराबाद**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) केवल चुनाव प्रबंधन करती है और उन्होंने तेलंगाना के लोगों से सत्ताधारी पार्टी को यह दिखाने की अपील की कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं। यदाद्री भोंगिर जिले के भोंगिर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बीआरएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह अमीर हो गया है जबकि तेलंगाना के गरीब और गरीब हो गए हैं। उन्होंने कहा, चुनाव के समय, वे चुनाव प्रबंधन करते हैं लेकिन लोगों को उन्हें बताना चाहिए कि वे बिक्री के लिए नहीं हैं।

कांग्रेस महासचिव ने लोगों से बीआरएस को यह दिखाने का आग्रह किया कि उन्होंने अपने अधिकारों के लिए पहले भी लड़ाई लड़ी थी और वे अब भी लड़ सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी 10 साल में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई और उसने देश की संपत्ति अपने बड़े उद्योगपति दोस्तों को सौंप दी। बीआरएस तेलंगाना की सबसे अमीर पार्टी बन गई। इसके भ्रष्ट नेता अपने महलों में रहते हैं। वे लोगों से नहीं मिलते।"

प्रियंका गांधी ने दावा किया कि बीआरएस, बीजेपी और एमआईएम एक साथ हैं। कांग्रेस पार्टी की छह गारंटियों के बारे में बताते हुए उन्होंने लोगों से यह तय



करने का आग्रह किया कि क्या वे अगले पांच साल का बीआरएस कुशासन चाहते हैं या कांग्रेस पार्टी का जनता का शासन चाहते हैं।

उन्होंने लोगों से आगाह किया कि अगर बीआरएस सत्ता में वापस आती है, तो भूमि और शराब माफिया का शासन जारी रहेगा, बेरोजगारों को नौकरियां नहीं मिलेंगी, पेपर लीक जारी रहेगा, भ्रष्टाचार बढ़ेगा, राज्य कर्ज में डूब जाएगा और बीआरएस उनकी जमीनें छीनना जारी रखेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि 10 वर्षों के दौरान बीआरएस सरकार ने लोगों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को तेलंगाना राज्य के गठन के समय बहुत उम्मीदें थीं, वे ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि नोटबंदी, जीएसटी और कोविड-19 महामारी ने छोटे व्यवसायों और मध्यम आय वाले परिवारों को बुरी तरह प्रभावित किया है। भर्ती परीक्षाओं में बैठने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले युवाओं के सपने पेपर लीक के कारण चकनाचूर हो गए।

**सुरंग हादसा** सेना ने संभाला मोर्चा, पीएम के प्रधान सचिव ने किया निरीक्षण

# 41 जिंदगियों को बचाने की जंग जारी 31 मीटर तक वर्टिकल ड्रिलिंग पूरी

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी के सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग पिछले 16 दिनों से 41 जिंदगियों को बचाने की जंग जारी है। सोमवार से सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। सुरंग में वर्टिकल ड्रिलिंग 31 मीटर पूरी हो चुकी है। टनल में मैन्युअल खुदाई भी शुरू हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने आज उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चलाये जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का स्थलीय निरीक्षण किया और सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों से बातचीत की। इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड के मुख्य सचिव एसएस संधू भी थे।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का निरीक्षण कर सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के लिए भेजी जा रही भोजन सामग्री के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही सिलक्यारा सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के परिजनों से भी वार्ता की और उन्हें ढांढस बंधाया।उन्होंने एनएचडीसीएल एवं नोडल अधिकारी नीरज खैरवाल से भी रेस्क्यू आपरेशन की जानकारी ली। आज सुबह से सिलक्यारा निर्माणाधीन टनल में राहत और बचाव अभियान को सेना के हवाले कर दिया गया। सेना की इंजीनियरिंग कोर की मद्रास सैपर्स की टीम अब राहत और बचाव कार्य का जिम्मा देखेगी। लगातार आ रही बाधाओं के बाद आखिरकार 41 मजदूरों को सकुशल बाहर निकालने की जिम्मेदारी अब सेना को दी गई है। राहत और बचाव कार्य में 41 घंटे तक ब्रेक लगा रहा।

### उत्तराखंड में हल्की बारिश का अनुमान, सुरंग के बचाव कार्यों में नहीं बनेगी बाधा : एनडीएमए

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने उत्तराखंड में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है लेकिन इसका उत्तरकाशी के सिलक्यारा में जारी राहत एवं बचाव कार्यों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह कहना है राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन का। हसनैन ने सोमवार को यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि बचाव स्थल पर विभिन्न एजेंसियां काम कर रही हैं। सरकार हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। प्लान-1 के तहत 900 मिमी पाइपलाइन का काम चल रहा है। प्लान-2 ऊपर से ड्रिलिंग की जा रही है। 30 से 32 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग पूरी हो चुकी है।

# खालिस्तानियों ने भारतीय राजदूत से गुरुद्वारे के बाहर की धक्का-मुक्की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने न्यूयॉर्क में एक गुरुद्वारे के बाहर अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू के साथ धक्का-मुक्की की और उन पर सिख कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करने और प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नून की 'हत्या की साजिश रचने' का आरोप लगाया। यह घटना 22 नवंबर को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के उस बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं और ये इनपुट दोनों देशों के लिए चिंता का कारण हैं और उन्होंने इस पर कार्रवाई करने का फैसला किया है।

यह घटना न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे में हुई, जहां एक व्यक्ति को निज्जर की हत्या के आरोप में संधू पर चिल्लाते हुए सुना जा सकता है, जिसकी इस साल जून में कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई



थी। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह खालसा ने सोमवार को एक वीडियो साझा किया, इसमें संधू चिल्लाते हुए लोगों से घिरे हुए हैं।

उन्होंने एक्स पर कहा, खालिस्तानियों ने गुरपतवंत (एसएफजे) की हत्या की असफल साजिश और खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान में उनकी भूमिका के लिए भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू को आधारहीन सवालों से घेरने की कोशिश की।

न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे में खालिस्तान समर्थकों का नेतृत्व करने वाले हिम्मत सिंह ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका के लिए राजदूत संधू पर भी आरोप लगाया, जो सरे गुरुद्वारे के अध्यक्ष और खालिस्तान जनमत संग्रह के कनाडाई अध्याय के समन्वयक हैं।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा**

# 9.35 लाख बनाए गए आयुष्मान कार्ड

**नई दिल्ली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ऑन-स्पॉट सेवाओं के एक भाग के रूप में ग्राम पंचायतों में आईईसी वैन के रुकने के स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 नवंबर संकल्प यात्रा तक, 995 ग्राम पंचायतों में 5,470 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें कुल 7 लाख 82 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई है। इसके साथ स्वास्थ्य शिविरों में 9 लाख 35 हजार 970 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 1 लाख 7 हजार से अधिक कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इन जांच स्वास्थ्य शिविरों में टीबी के लिए 1 लाख 95 हजार से अधिक लोगों की जांच की गई और 19 हजार 500 से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। एससीडी के लिए 54 हजार 750 से अधिक लोगों की जांच की गई और 2 हजार 930 को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। लगभग 5 लाख 51 हजार लोगों की उच्च रक्त जांच और डायबिटीज की जांच की गई।

## FILMY हलचल

### क्रिकेट पर फिल्म बनाना चाहते हैं आयुष्मान खुराना, कहा- 'यह मेरी बकेट-लिस्ट का हिस्सा'



**क्रिकेट** के दीवाने एक्टर आयुष्मान खुराना ने खुलासा किया कि वह जल्द ही इस खेल पर एक फिल्म बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी ऐसा होगा तो उनका क्रिकेट स्किल काम आएगा। आयुष्मान को 'विक्की डोनर', 'दम लगा के हईशा', 'आर्टिकल 15', 'अंधाधुन' जैसी कई अन्य फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। एक्टर ने कहा कि क्रिकेट पर उनकी नॉलेज और ऑब्जरवेशन अच्छी हैं। उन्होंने दुनिया भर के क्रिकेट फैंस के साथ बातचीत की और बताया कि वह इस खेल के उत्साही फॉलोअर हैं। आयुष्मान ने खुलासा किया कि वह पंजाब में अंडर-19 डिस्ट्रिक्ट लेवल के क्रिकेटर थे और वह इस खेल को बहुत जुनून के साथ खेलते हैं। उन्होंने कहा, क्रिकेट पर फिल्म बनाना मेरी बकेट-लिस्ट का हिस्सा है और मुझे उम्मीद है कि यह जल्द ही पूरा हो जाएगा। मुझे लगता है कि जब भी ऐसी फिल्म बनेगी तो मेरा क्रिकेट स्किल वास्तव में काम आएगा। यह लंबे समय से अफवाह है कि आयुष्मान महान भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली की बायोपिक में उनका किरदार निभाने वाले हैं, जो निश्चित रूप से देश का ध्यान खींचेगी। फिल्मों की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'एन एक्शन हीरो' में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म 'लवबर्ड्स' पाइपलाइन में है।

### बिग बॉस-17 के नॉमिनेशन टास्क के दौरान भिड़े अंकिता लोखंडे और नील भट्ट

**'बिग बॉस'** का 17वां सीजन दिन पर दिन और भी रंगीन होता जा रहा है। टीआरपी बढ़ाने के लिए निमार्ता तरह-तरह के हथकंडे अपनाते नजर आ रहे हैं। हाल ही में सेलिब्रिटीज के खास दोस्त ओरहान अवतरमानी उर्फ ओरी ने बिग बॉस के घर में एंट्री की। इस मौके पर बिग बॉस ने प्रतियोगियों को 'ऊरी की पार्टी' टास्क दिया। अंकिता लोखंडे और नील भट्ट ने इस बार अच्छा खेला। दोनों एक दूसरे के खिलाफ बोलने लगे। इसके बाद नॉमिनेशन टास्क के दौरान भी अंकिता और नील के बीच जमकर लड़ाई हुई। हाल ही में इसका प्रोमो सामने आया है। कलर्स टीवी के इंस्टाग्राम पेज पर बिग बॉस का नया प्रोमो शेयर किया गया है, जिसमें अंकिता लोखंडे और नील भट्ट जमकर लड़ाई करते नजर आ रहे हैं।

### कांतारा चैप्टर 1 की पहली झलक आई सामने, टीजर रिलीज

**होम्बले** फिल्म्स बहुप्रतीक्षित सालार: पार्ट 1 सीजफायर के साथ दर्शकों को एक्शन से भरपूर राइड पर ले जाने के लिए तैयार है, जो पहली बार पावरहाउस प्रशांत नील और प्रभास को एक साथ ला रहा है। यह फिल्म 22 दिसंबर को दुनिया भर में रिलीज होगी। पिछले साल 'कांतारा: ए लीजेंड' ने कमाल किया था और अब होम्बले फिल्म्स 'कांतारा चैप्टर 1' के साथ वापस आ रही है। इसका टीजर




रिलीज किया गया है, जो अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी का दिलचस्प रूप दिखाता है। यह टीजर दर्शकों को ऋषभ शेट्टी के किरदार के गहन रूप में डुबो देता है, जिससे रहस्य और साज़िश से भरा माहौल बन जाता है। टीजर एक अनूठे स्पर्श के साथ खत्म होता है। 'कांतारा' ने पिछले साल ग्लोबल स्तर में तहलका मचा दिया था और दर्शकों को अपनी लोककथाओं पर आधारित कहानी से दीवाना कर दिया था, जिसमें मानवता और प्रकृति के बीच जटिल संबंध की खोज की गई थी।

**उपलब्धि** दिसंबर में नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा युद्धपोत

# 'इंफाल' क्रेस्ट जलावतरण के लिए तैयार

### रक्षा मंत्री 28 नवंबर को करेंगे अनावरण

### पहली बार किसी जहाज के चालू होने से पहले इससे ब्रह्मोस मिसाइल का हो चुका है परीक्षण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के लिए प्रोजेक्ट 15 बी के तहत तैयार किये गए गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स आईएनएस इंफाल के क्रेस्ट का अनावरण 28 नवंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में करेंगे। इसी युद्धपोत से 22 नवंबर को ब्रह्मोस मिसाइल से पहली फायरिंग की गई थी। यह पहला मौका है जब नौसेना ने किसी जहाज के चालू होने से पहले उससे विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस




मिसाइल का परीक्षण किया है। यह युद्धपोत अगले माह दिसंबर में भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा।

भारतीय नौसेना के नवीनतम निर्देशित मिसाइल स्टील्थ विध्वंसक इंफाल की लॉन्चिंग 20 अप्रैल, 2019 को हुई थी। इसी समारोह के दौरान जहाज का नाम इंफाल रखा गया था। प्रोजेक्ट 15 बी के तहत मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में निमार्णाधीन चार गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स में से यह तीसरा युद्धपोत है। इसे एमडीएल ने पिछले माह 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया था। नौसेना के बेड़े में शामिल होने से पहले परीक्षण के रूप में इस युद्धपोत से 22 नवंबर को विस्तारित रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया गया। परीक्षण के दौरान भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता, स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस किया गया।

इस असाधारण उपलब्धि के पश्चात इस युद्धपोत का क्रेस्ट अनावरण भी शानदार तरीके से नई दिल्ली में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मणिपुर के मुख्यमंत्री, रक्षा मंत्रालय और मणिपुर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। समुद्री परंपराओं और नौसैनिक रिवाजों के अनुसार भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों के नाम प्रमुख शहरों, पर्वत श्रृंखलाओं, नदियों, बंदरगाहों और द्वीपों के नाम पर रखे गए हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के किसी शहर के नाम पर रखा जाने वाला पहला उन्नत युद्धपोत भी है, जिसके लिए राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल, 2019 को मंजूरी दी थी।

भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) ने इसकी डिजाइन तैयार की है और एमडीएल ने निर्मित किया है। जहाज में लगभग 75 प्रतिशत की उच्च स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसमें एमआर एसएएम, ब्रह्मोस एसएसएम, स्वदेशी टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर, पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और 76 मिमी. एसआरजीएम शामिल हैं। इंफाल पहला ऐसा स्वदेशी विध्वंसक है, जिसके निर्माण और समुद्री परीक्षणों को पूरा करने में सबसे कम समय दर्ज किया गया। यह युद्धपोत अगले माह दिसंबर में भारतीय नौसेना में अधिकृत रूप से शामिल होगा।